You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-160 ❒ शनिवार, 12 जुलाई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



ऑपरेशन सिंदूर में भारत की कामयाबी का कारण स्वदेशी तकनीक का भरपूर प्रयोग रहा और उन्होंने आईआईटी के वि?द्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों का आह्वान किया कि वे देश की सुरक्षा और प्रतिरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए नयी से नयी तकनीक का आविष्कार करें।
अजीत डोभाल

वायु सेना ने सुखोई-30 से बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 'अस्त्र' के किए दो परीक्षण 11

भाखड़ा डैम पर सीआईएसएफ की तैनाती के विरोध में पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित 11

मोदी आरएसएस पर

# आपत्तिजनक व्यंग्यचित्र मामले में 14 जुलाई को सुनवाई

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने से संबंधित 2021 के एक मामले में आरोपी हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध आज स्वीकार करते हुए इस मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

अदालत के समक्ष अधिवक्ता ने यह भी दलील दी कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में याचिकाकर्ता की निंदा की और कहा है कि अर्नेश कुमार 2014 और इमरान प्रतापगढ़ी 2025 के मामलों में उच्चतम न्यायालय के फैसले इस मामले में लागू नहीं होंगे।

पीठ के समक्ष उन्होंने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज अपराधों के लिए अधिकतम सजा तीन साल की जेल है।

इंदौर के व्यंग्यचित्रकार हेमंत ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के तीन जुलाई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए राहत की गुहार लगाई है। उसने अपनी याचिका में यह भी कहा कि उच्च न्यायालय का हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता बताने वाला आदेश लगभग दंडात्मक लगती हैए न कि ठोस जांच आवश्यकताओं या उद्देश्य पर आधारित।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि हेमंत ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग किया है। उन्हें संबंधित व्यंगचित्र बनाते समय अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए था। उच्च न्यायालय ने हेमंत को हिरासत में लेकर पूछताछ का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता ने कथित तौर पर अपने फ़ेसबुक ● शेष पेज 11 पर



सुनवाई

❒ च्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने से संबंधित 2021 के एक मामले में आरोपी हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा।

### प्रधानमंत्री जिन देशों में जा रहे हैं उनकी विदेशी नीति भी बताएं: भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के विदेशी दौरों पर उठाई उंगली

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं पर कटाक्ष किया। विधानसभा सत्र के दौरान भगवंत मान ने फिर बयान दिया कि क्या हमें प्रधानमंत्री से सवाल पूछने का हक नहीं है। वह किन देशों में जा रहे हैं और देश की विदेश नीति क्या है। यह जानना जनता का अधिकार है। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि बातें चंद्रयान की करते हैं, लेकिन सीवरेज के ढक्कन पूरे नहीं हो रहे हैं। विश्व गुरु बनने की बातें करते हैं, लेकिन हमें बुलाते नहीं हैं। मान यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि दिलजीत की फिल्म की शूटिंग पहलगाम में आतंकी हमले से पहले हुई थी, उसमें पाकिस्तानी कलाकार थे, अब फिल्म नहीं लगने दे रहे हैं। कभी हमें सरदारजी कहते हैं, तो कभी गद्दार। जबकि प्रधानमंत्री साहब खुद बिरयानी खाने पाकिस्तान चले जाते हैं। विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद बाहर पत्रकारों से बातचीत में भगवंत ● शेष पेज 11 पर

# हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई तो उसे आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने आज सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ ● शेष पेज 11 पर



❒ सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

### महाकुंभ की तरह कांवड़ यात्रा की एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन से हो रही रियल टाइम मॉनीटरिंग

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए सबसे हाइटेक एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले राम मंदिर के उद्घाटन समारोह और महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एंटी और टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कई बड़े कदम उठाये ● शेष पेज 11 पर

## अमित शाह ने यमुना के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने का दिया निर्देश

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यमुना की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिकारियों को यमुना के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता 2028 तक 1500 एमजीडी तक बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने सभी एसटीपी से निकलने वाले पानी की थर्ड पार्टी क्वालिटी टेस्टिंग अनिवार्य करने का निर्देश दिया, ताकि जल की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।



अमित शाह ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय में यमुना नदी के पुनरुद्धार को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा संबंधित मंत्रालयों और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण ● शेष पेज 11 पर

### मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भाजपा ने इंडी गठबंधन को घेरा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी को लेकर राजद समेत इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव को बिहार की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। गौरव भाटिया ने कहा कि एसआईआर मामले में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी ने स्पष्ट कर दिया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) वोटिंग में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लाने की प्रक्रिया है। सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### रोजगार मेले में शनिवार को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां 16 वें रोज़गार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने आज यहां बताया कि श्री मोदी इस अवसर पर नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। रोज़गार मेला रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोज़गार मेला युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश भर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। यह रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय गृह मंत्रालयए डाक विभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय वित्तीय सेवा विभागए श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय और अन्य विभागों तथा मंत्रालयों में शामिल होंगे।

### छात्रावास के लिए जारी 10 लाख रुपये कागजों पर हुए खर्च, अधीक्षिका निलंबित

लखनऊ। मुरादाबाद राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास की अधीक्षिका प्रवेश कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। उन पर छात्रावास के रखरखाव के लिए जारी 10 लाख रुपयों का कार्य न कराये जाने का आरोप है। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ जांच का निर्देश दिया है। राज्यमंत्रीअसीम अरूण ने बताया कि सात जुलाई को जिले के एक छात्रावास के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्रों ने उनसे तमाम शिकायतें की थी। शिकायतों के आधार पर मेरठ मंडल की उपनिदेशक सुनीता यादव ने 10 जुलाई को मुरादाबाद छात्रावास पहुंचकर जांच की। जांच में उन्होंने पाया कि मार्च में 14 कैमरे कागजों में तो खरीदे गए लेकिन लगाए नहीं गए। कैमरे को उनके पहुंचने से पहले नौ जुलाई को लगाये गए।

अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए

# सेना ने शुरू किया ऑपरेशन शिवा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर ऑपरेशन शिवा 2025 शुरू किया है।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है। इस वर्ष अभियान के लिए प्रौद्योगिकी और अन्य जरूरी संसाधनों से लैस 8500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही आतंकवाद.रोधी ग्रिडए सुरक्षा तैनाती और यात्रा मार्गों की सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। नागरिक अधिकारियों को भी विशेष रूप से आपदा प्रबंधन और आपात स्थिति में सहायता प्रदान की जा रही है। सेना ने ड्रोन खतरों को बेअसर करने के लिए 50 से अधिक ड्रोन रोधी प्रणाली भी तैनात की है। यात्रा मार्गों और पवित्र गुफा की निगरानी के लिए ड्रोन मिशन चलाए जा रहे हैं। पुल निर्माणए रास्तों को चौड़ा करने और आपदा जोखिम कम करने के लिए इंजीनियर टास्क फोर्सए तैनात की गयी है। अमरनाथ यात्रियों और अन्य को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए 150 से अधिक डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी दो एडवांस ड्रेसिंग स्टेशनए नौ चिकित्सा सहायता पोस्टए 100 बिस्तरों वाला एक अस्पताल और 2ए00ए000 लीटर ● शेष पेज 11 पर



### छतीसगढ़ : नारायणपुर में 37 लाख रुपये से ज्यादा के 22 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर /रायपुर, 11 जुलाई (हि.स.)। नारायणपुर में शुक्रवार को कुल 22 इनामी नक्सलियों ने आईटीबीपी और बीएसएफ के अधिकारियों, एएसपी प्रभात कुमार और नारायणपुर के आला अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में कुल 37 लाख 50 हजार रुपये के इनामी नक्सली शामिल हैं। इनमें 14 पुरुष और 8 महिला नक्सली शामिल हैं। एसपी रॉबिनसन गुड़िया ने बताया कि इनमें से अधिकांश नक्सली कुतुल एरिया कमेटी के तहत कार्य करते थे, वे अबूझमाड़ में सबसे ज्यादा सक्रिय थे। पुलिस ने इनमें से 20 नक्सलियों के नाम जाहिर किये हैं।

पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया ने आज पत्रकारों को आत्मसमर्पित नक्सलियों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें सबसे प्रमुख कुतुल एरिया कमेटी का सचिव और उसकी पत्नी है। आठ लाख रुपये का इनामी कुतुल एरिया कमेटी सचिव सुखलाल कुंजाम और उसकी पत्नी हिड़मे कुंजाम ने हथियार डालकर लाल आतंक से किनारा कर लिया है। हिड़मे कुंजाम ● शेष पेज 11 पर

# दरगाह के भीतर देशद्रोह

एजेंसी

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में धर्मांतरण का धंधा करने वाले जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को लेकर हर रोज बड़े खुलासे हो रहे हैं उसकी करीबी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन से 24 घंटे की पूछताछ के बाद यूपी एटीएस की एक टीम छांगुर बाबा को लखनऊ से बलरामपुर लेकर पहुंची उतरौला इलाके में स्थित बाबा की उस कोठी पर एटीएस की टीम छांगुर बाबा को लेकर पहुंची जहां से धर्मांतरण का पूरा रैकेट चल रहा था एटीएस छांगुर बाबा को अकेले लेकर आई थी करीब डेढ़ घंटे तक उसको कोठी के हर हिस्से में ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार छांगुर बाबा की निशान देही पर यूपी एटीएस को विदेश फंडिंग से जुड़े अहम दस्तावेज और एक लैपटॉप भी मिला है। सूत्रों के अनुसार बाबा भले ही लैपटॉप नहीं चला पता हो लेकिन नवीन रोहरा और नीतू रोहरा के साथ-साथ छांगुर बाबा का बेटा महबूब लैपटॉप में ही विदेशी फंडिंग का पूरा हिसाब किताब रखते थे। छांगुर धर्मांतरण के लिए लोगों को तरह-तरह से प्रताड़ित करता था। वो महिलाओं को पहले पैसे का लालच देता था। लेकिन बात नहीं मानने पर फर्जी मुकदमों में फंसाकर परेशान करता था। छांगुर बाबा ने मदद मांगने आई एक महिला के साथ पहले बलात्कार किया फिर उससे कहा हिंदू धर्म में अब कुछ नहीं रखा है अब तुम इस्लाम में आ गई हो सबसे ताज्जुब की बात की बाबा की इन ज्यादतियों की सुनवाई कहीं नहीं होती थी। बलरामपुर में तैनात रहे कुछ पुलिस के कुछ अफसरों के नाम पर आरोप लग रहे हैं कि वो बाबा के ही इशारे पर अर्जी सुनते और उनका निपटारा करते थेए वो खाकी वर्दी पहनकर तनख्वाह सरकार की लेते थे। लेकिन काम छांगुर बाबा जैसे समाज और देशद्रोही के लिए करते थे।



❒ 500 करोड़ की फंडिंग धर्मांतरण का खेल और लाचार पुलिस

❒ ध्वस्त हुआ छांगुर बाबा का काला साम्राज्य

# एनसीसी के मूल्य और गुण समाज के सभी लोगों तक पहुंचने चाहिए : राजनाथ


कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी को देश के युवाओं के लिए आदर्श बताते हुए कहा है कि इस संगठन के मूल्य और गुण समाज के उन लोगों तक भी पहुंचने चाहिए जो कभी इसके सदस्य नहीं रहे।

श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय कैडेट कोर पूर्व छात्र संघ एनसीसीए की पहली शासी परिषद बैठक की अध्यक्षता की। एनसीसीए एनसीसी के पूर्व छात्रों का एक प्रमुख संघ है जिसका उद्देश्य पूर्व और वर्तमान कैडेटों को एक छत्र के नीचे लाकर राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को बढाते हुए दुनिया के सबसे बड़े वर्दीधारी युवा संगठन के कार्य को आगे बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस संघ के पहले सदस्य और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरे सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं।

रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर एनसीसी को देश के युवाओं के लिए एक आदर्श मंच बताया। उन्होंने पूर्व एनसीसी कैडेटों को भारत के मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत रहते हुए वे राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा हमें राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को गति देने के लिए अपने पूर्व कैडेटों के मार्गदर्शन को शामिल करने की आवश्यकता है।



श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि एनसीसीए राष्ट्रीय कैडेट कोर को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। रक्षा मंत्री ने एनसीसी से अपने कैडेटों के मूल्यों और गुणों को समाज के बड़े वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा एनसीसी इन मूल्यों को उन युवाओं में स्थापित करती है जो एनसीसी से जुड़े हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि ये मूल्य उन लोगों तक पहुँचें जो एनसीसी में शामिल नहीं हो सके।

श्री सिंह ने कहा कि एनसीसीए एक भारत श्रेष्ठ भारत स्वच्छता अभियान और विभिन्न सामुदायिक विकास एवं सामाजिक सेवा योजनाओं जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल हो सकता है।

युवाओं के सर्वांगीण विकास में एनसीसी के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहाएश अपने आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन की सच्ची भावना के अनुरूप एनसीसी हमेशा राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रही है। संगठन ने दूरदराज के क्षेत्रों के छात्रों सहित लाखों युवाओं को अनुशासित बनने में मदद की है।

बैठक में सांसद मनोज तिवारी रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सचिव शिक्षा विभाग संजय कुमार सचिव युवा मामले विभाग डॉ. पल्लवी जैन गोविलए रक्षा मंत्रालय ● शेष पेज 11 पर

# राधिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई सामने

एजेंसी

गुरुग्राम। राज्य स्तरीय महिला टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या चार गोलियां मारने से हुई थी। पूरे मामले के खुलासे के लिए आरोपी पिता को पुलिस ने एक दिन रिमांड पर लिया है। यह बात भी सामने आ रही है कि वारदात के दौरान मृतका की मां पहली मंजिल पर मौजूद थी।

राधिका यादव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को बोर्ड की तरफ से किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी पिता से लाइसेंसी रिवाल्वर के कारतूस बरामद करेगी और इस मामले की हर पहलु से जांच करेगी। राधिका की मां को जांच में शामिल किया जाएगा। पुलिस जांच में आरोपी पिता दीपक से पता करेगी कि उसके पास कितनी अधिकृत गोलियां हैं और इस वारदात के बाद बची हुई गोलियां कहां हैं। बताया जा रहा है कि कुछ गोलियों को कासन गांव में छिपाया गया है। बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम डॉ. दीपक माथुर, डॉ. आशीष त्यागी और डॉ. ललित चोपड़ा ने राधिका का पोस्टमार्टम किया था। बोर्ड ने पाया कि राधिका की पीठ में चार गोलियां मारी गई थीं। चारों गोलियों को निकाल लिया गया है। मृतका के चाचा की शिकायत पर सेक्टर-56 थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चाचा कुलदीप ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे के साथ घर पर मौजूद थे। उन्होंने तेज धमाके की आवाज सुनी तो घर की पहली मंजिल पर पहुंचे। ● शेष पेज 11 पर



❒ एक-दो-तीन नहीं मारी गई इतनी गोलियां, अब पुलिस ढूंढ रही बची हुई बुलेट

# प्रयागराज में गंगा-यमुना का बढ़ता जलस्तर, बाढ़ का खतरा गहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । शहर में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे जिले में बाढ़ की आशंका तेज हो गई है। बीते 24 घंटों में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 40 सेंटीमीटर और छतनाग में 26 सेंटीमीटर बढ़ा है, वहीं यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 23 सेंटीमीटर तक बढ़ गया है। जलस्तर में यह वृद्धि बांधों से पानी छोड़े जाने और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश के चलते हो रही है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जिले में स्थापित 88 बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है और तटीय इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है और सभी संबंधित विभागों को लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है और खतरे की आशंका वाले गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है।प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव के लिए नावें, दवाइयां, खाद्य सामग्री और अस्थायी शरणस्थल तैयार रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन टीमें मौके पर तैनात हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, नदियों के किनारे जाने से बचें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क करें। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि वह हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# नवागांतुक एसडीएम ने गजाधरपुर का वर्षो पुराने रास्ते के विवाद को सुलझाया

**जेसीबी से कराया गया अतिक्रमण मुक्त ग्रामीणों को आने जाने मे मिली राहत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। कोरांव में एक सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। रोहित शुक्ला गजाधरपुर ने नवागंतुक एसडीएम संदीप तिवारी से शिकायत की, जिसके बाद एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई की।एसडीएम ने थाना कोरांव को पुलिस बल भेजने के लिए कहा, लेकिन पुलिस बल समय पर नायब डैया बड़ोखर राम मुरत के साथ नहीं पहुंचा। बाद में एसडीएम खुद मौके पर पहुंचे और पुलिस को फिर से फोन किया। इंस्पेक्टर कोरांव राकेश कुमार वर्मा अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से अवरुद्ध रास्ता को अतिक्रमण मुक्त कराया गया नवागंतुक एसडीएम की पहल से वर्षो पुराना विवाद खत्म हुआ। एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों को राहत मिली और सार्वजनिक रास्ता को मुक्त कराया गया। इस मौके पर राजश्व निरीक्षक लेखपाल भी मौजूद रहे *स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल नवागांतुक एसडीएम ने एसीपी मेजा से शिकायत की है कि स्थानीय पुलिस फोन करने के बावजूद अमल नहीं करती है। एसडीएम के निर्देश के बावजूद पुलिस बल समय पर नहीं पहुंचा, जिससे विवाद बढ़ गया इसी तरह कई मामलो मे फोन किया जाता है लेकिन स्थानीय पुलिस बल सहयोग नहीं करता तहसील से नायब तहसीलदार जाकर थाने बैठे रहते है लेकिन फ़ोर्स उपलब्ध नहीं कराया जाता जिससे राजश्व मामलो का निस्तारण नहीं हो पाता ओर विवाद की स्थिति उत्पन्न होता है

## खेत जोतते समय रोटावेटर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



उन्नाव। जनपद से है जहां थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम लाला खेड़ा में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय किसान रोहित सिंह यादव की मौत हो गई। मृतक रोहित पुत्र पारसनाथ यादव, स्वयं अपने खेत में ट्रैक्टर से रोटावेटर की मदद से खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक ट्रैक्टर से असंतुलित होकर रोटावेटर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।बता दे कि घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना बिहार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर मोर्चरी, उन्नाव भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है और कानून व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। रोहित सिंह यादव अपने परिवार का सहारा था। कुछ महीने पहले ही उसके पिता की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। परिवार में दो भाई थे, जिनमें रोहित बड़ा था। छोटे भाई राहुल का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार पर पहले ही दुखों का पहाड़ टूटा हुआ था और अब रोहित की असमय मृत्यु से घर में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार, रोहित मेहनती और जिम्मेदार युवक था, जो खेती के सहारे अपने परिवार का पेट पाल रहा था। हादसा इतना अचानक हुआ कि लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही सब कुछ खत्म हो गया। रोटावेटर के तीव्र ब्लेड की चपेट में आने से रोहित को गंभीर चोटें आईं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## प्रयागराज में 35,800 रुपए की ऑनलाइन ठगी

प्रयागराज । डिजिटल लेन-देन के इस दौर में साइबर अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला प्रयागराज से सामने आया है, जहां अजीत कुमार सोनी नामक व्यक्ति 35,800 रुपए की साइबर ठगी का शिकार हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजीत कुमार को एक व्यक्ति ने रिश्तेदार बनकर फोन किया और विश्वास में लेते हुए एक क्यूआर कोड व्हाट्सएप पर भेजा। पहले चरण में उसने अजीत से 35,800 रुपए एक बैंक खाते में ट्रांसफर करवाए, इसके बाद और अधिक राशि के नाम पर दूसरी बार भुगतान की मांग की। पैसे भेजने के बाद कॉल करने वाले ने फोन उठाना बंद कर दिया और अजीत के बैंक खाते से पूरी रकम निकाल ली गई।घटना की जानकारी होते ही अजीत ने तत्काल साइबर क्राइम सेल और स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की पहचान के लिए तकनीकी सर्विलांस का सहारा लिया जा रहा है।यह घटना एक बार फिर ऑनलाइन लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतने की ज़रूरत को उजागर करती है। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि अनजान कॉल्स या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी अच्छी तरह से जांच कर लेनी चाहिए और किसी भी वित्तीय ट्रांजैक्शन से पहले पुष्टि करना बेहद ज़रूरी है।प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल रिपोर्ट करें।

## आकाशीय बिजली गिरने से खेत में सब्ज़ी लगाती छात्रा की मौत

प्रयागराज । जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बविरवल गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहाँ खेत में सब्ज़ी लगाते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक 16 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतक का नाम गरिमा बताया जा रहा है, जो आठवीं कक्षा की छात्रा थी। इस हादसे में गरिमा की मां रुक्मणी बाल-बाल बच गईं।जानकारी के अनुसार, मूल रूप से प्रयागराज के करेला बाग निवासी शिव शंकर निषाद की पुत्री गरिमा पिछले आठ वर्षों से अपनी मां और अन्य परिजनों के साथ गोरखपुर स्थित अपने ननिहाल बीरबल गांव में रह रही थी। गरिमा की एक छोटी बहन की मौत पहले ही बीमारी से हो चुकी थी।घटना के समय गरिमा अपनी मां रुक्मणी और मामा अजय कुमार के साथ खेत में सब्ज़ी के बीज और खाद डाल रही थी। इसी दौरान अचानक तेज़ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए गरिमा और उसकी मां खेत में ही बैठ गईं, तभी आकाशीय बिजली गिरी और गरिमा उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मां रुक्मणी इस हादसे में सुरक्षित रहीं।घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पाकर घूरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। गरिमा की मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

## शिक्षकों को नई तकनीक में किया गया प्रशिक्षित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को पावरिंग पेड़ोगोगी ए आई एंड आई ओ टी पर एनहांस टीचिंग एंड प्रोफ़ेशनल अप स्किलिंग का आयोजन किया गया। डिजाइन टेक सिस्टम्स और मैथ वर्क इंडिया के साथ मिलकर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को विशेषज्ञों ने कोर इंजीनियरिंग में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर बेहतर अवसर बनाने के बारे में बताया। क्लासरूम टीचिंग में नई तकनीक के प्रयोग पर बल देने के टिप्स दिए गए। कुलपति प्रोफ़ेसर जयप्रकाश पांडे के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में डीन प्रोफ़ेसर ओ पी सिंह ने कार्यक्रम के बारे में बताया।

## सातवीं बायोग्रुप इंडिया मीटिंग का हुआ सफल आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में 7वीं बायोग्रुप इंडिया मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन देश भर से आए जीवविज्ञानी, रसायन वैज्ञानिक, भौतिक वैज्ञानिक और चिकित्सकों को एक मंच पर लाया, जहाँ स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान से संबंधित नई खोजों और नवाचारों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआईआर-सीडीआरआई की निदेशक डॉ. राधा रंगराजन के स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात डॉ. निति कुमार (सीएसआईआर-सीडीआरआई) और डॉ. सरवनन मथेश्वरन द्वारा बायोग्रुप इंडिया का परिचय दिया गया। सात वैज्ञानिक सत्रों में 30 से अधिक प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए।

## प्रयागराजः श्रावण मास को लेकर ट्रैफिक पुलिस का विशेष प्लान लागू

प्रयागराज । श्रावण मास के दौरान भारी भीड़ और धार्मिक गतिविधियों की दृष्टि से प्रयागराज ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर दी है। यह व्यवस्था 11 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक प्रभावी रहेगी।कांवड़ यात्रा की सुगमता, शिवभक्तों की सुविधा और आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने भारी वाहनों के संचालन पर रोक, प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन और संवेदनशील स्थलों पर यातायात नियंत्रण के विशेष इंतजाम किए हैं।इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में कांवड़ यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। विशेषकर धार्मिक स्थलों, प्रमुख शिवालयों और संगम क्षेत्र के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था को चौकस किया गया है।प्रशासन ने वाहन चालकों और नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित रूट का ही प्रयोग करें और ट्रैफिक पुलिस को सहयोग दें। किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए कंट्रोल रूम या हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क किया जा सकता है।

# ग्राम न्यायालय कोरांव के दंडाधिकारी ने बड़ोखर पंचायत भवन में 18 मामलों का किया निस्तारण

**सरकार की सोच पर खरा उतरने लगा ग्राम न्यायालय , मिलने लगी वादकारियो को भागदौड़ से सहूलियत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। ग्राम न्यायालय की कोरांव तहसील मे स्थापना से वादकारियों को सहुलियत मिलने लगी है। विकास खंड कोरांव के बड़ोखर पंचायत भवन में आयोजित मोबाईल कोर्ट में न्यायाधीश दंडाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने अपने सहयोगी स्टॉफ के साथ 18 मामलों का निस्तारण किया। अब वादकारियों को अपने मामलों के निस्तारण के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा साथ ही ग्राम स्तर पर ही न्यायालय की सुविधा उपलब्ध होने से समय और धन की बचत होने लगी ग्राम न्यायालय के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही विवादों का समाधान किया जाने लगा मोबाईल कोर्ट चल न्यायालय के माध्यम से ग्राम स्तर पर ही न्यायालय की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। न्यायाधीश दंडाधिकारी और उनके सहयोगी स्टॉफ द्वारा 18 मामलों का निस्तारण किया गया ग्राम प्रधान नन्हे सिंह भी इस मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने ग्राम न्यायालय की कार्यवाही में सहयोग किया।

# सेंट पॉल्स कॉलेज में हुआ फाउंडर्स कप फुटबॉल मैच का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सेंट पॉल्स कॉलेज, लखनऊ के हरे-भरे फुटबॉल मैदान पर शुक्रवार सुबह एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। फाउंडर्स कप फुटबॉल मैच के रूप में वर्तमान छात्रों और पूर्व छात्रों के बीच खेला गया यह मुकाबला सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाला एक भावनात्मक मिलन था। यह आयोजन संस्थापक प्राचार्य रेव. फादर सिरिल की स्मृति को समर्पित था, जिन्होंने 1957 में इस महान संस्था की नींव रखी थी। मुख्य अतिथि के रूप में रेव. फा. तेज प्रकाश बारा (प्राचार्य), सम्मानित अतिथि रेव. फा. एल्विन मडथा, और विशेष आमंत्रित कर्नल राजेश शुक्ला (पूर्व छात्र) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गौरवमयी बना दिया। मैच का संचालन दिपेन्द्र गुरुंग ने कुशलतापूर्वक किया। मैच की शुरुआत से पहले, वसंत ऋतु की एक सौम्य वर्षा ने खिलाड़ियों और दर्शकों का स्वागत किया। कुछ पल के लिए लगा मानो प्रकृति स्वयं इस पल की साक्षी बनना चाहती है। लेकिन जैसे ही बारिश रुकी, दोनों टीमों ने बिना झिझक मैदान में उतरने का निर्णय लिया। यही है पॉलाइट्स की असली पहचान। मैच के दौरान सबसे रोमांचक पल था दोनों टीमों के नंबर 10 खिलाड़ियों कृ उस्मान और उत्कर्ष कृ के बीच हुआ सीधा टकराव। यह एक ऐसा क्षण था जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। मैदान पर यह टक्कर कुछ ऐसी थी कि दर्शकों को सिकंदर महान की याद आ गई कृ जिसे तलवार नहीं, बल्कि बारिश ने रोका था मैच के अंत में परिणाम से परे जाकर, पूर्व छात्र संघ ने सभी वर्तमान खिलाड़ियों को नई फुटबॉल जर्सी और पूरी किट उपहार में दी। यह न सिर्फ एक तोहफा था, बल्कि पुराने छात्रों द्वारा अपने अनुभव और स्नेह की सौगात थी कृ एक पीढ़ी का दूसरी पीढ़ी को दिया गया आशीर्वाद। कई पूर्व छात्र वर्षों बाद कृ कुछ तो 40 साल बाद कृ उसी मैदान पर लौटे, जहाँ उन्होंने कभी सपने देखे थे। यह उनके लिए सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अतीत से वर्तमान तक का एक जीवंत सफर था।

# सावन मास में प्रयागराज के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । सावन मास के शुभ अवसर पर संगम नगरी प्रयागराज एक बार फिर शिवभक्ति के रंग में रंगी नजर आ रही है। जिले भर के प्राचीन और पौराणिक शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस मौके पर क्षेत्रीय नागरिकों और श्रद्धालुजनों ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं देते हुए भगवान शिव की कृपा के लिए प्रार्थना की।नैनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित बाबा समोगर नाथ मंदिर और संगम क्षेत्र के समीप श्री सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर (महदेवन) विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर प्रयागराज का एकमात्र ऐसा स्थल है जहां गगनचुंबी गुंबद पर स्थित श्री शिव त्रिशूल प्रत्येक पूर्णिमा की रात स्वयं दिशा बदल लेता है। वहीं बाबा समोगर नाथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग का रंग दिन में चार बार अपने आप बदल जाता है, जिसे श्रद्धालु चमत्कार मानते हैं।प्रयागराज जिले के अन्य प्रमुख शिव मंदिरों में पड़िला महादेव (फाफामऊ), छतनाग महादेव (झूंसी), शिवकुटी (तेलियरगंज), नर्मदेश्वर महादेव (जॉनसेनगंज), मनकामेश्वर महादेव (कीडगंज व लालापुर), नाग वासुकी (दारागंज), भीटा महादेव (घूरपुर) और सिरसा स्थित बाबा महाराज (मेजा) जैसे पौराणिक स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है।श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन मास में इन स्थलों पर दर्शन और पूजन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में शांति व समृद्धि आती है। मंदिर समितियों द्वारा भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, वहीं जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती है।

# लखनऊ में हुई ल्यूमिना टेरा स्कूल की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । लखनऊ के शहीदपथ स्थित पुलिस मुख्यालय के पास ल्यूमिना टेरा स्कूल का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मौके पर बताया गया कि ल्यूमिना टेरा नाम का अर्थ पृथ्वी का प्रकाश है। इसी नाम के अनुसार ही यह विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल और संतुलित विकास को समर्पित है। इस स्कूल का परिसर लगभग पूरी तरह लकड़ी और प्राकृतिक सामग्रियों से निर्मित है, जो बच्चों को प्रतिदिन पृथ्वी की देखभाल और संरक्षण के पाठों से जोड़ता है। यहाँ की कक्षाएँ, दीवारों और पंक्तियों की पारंपरिक व्यवस्था से परे, गोल गुंबदों और गोल मेजों के रूप में हैं, जो सहयोग, एकाग्रता, संतुलन और आंतरिक ऊर्जा के केंद्रित प्रवाह को प्रोत्साहित करती हैं। भारतीय मूल्यों पर आधारित, ल्यूमिना टेरा परंपरा को अपने खादी के यूनिफॉर्म के माध्यम से आत्मसात करती है, जबकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई जैसे आधुनिक उपकरणों को एक दूरदर्शी, वैश्विक पाठ्यक्रम में सहजता से एकीकृत करती है। वर्तमान में 'ल्यूमिना टेरा' 2 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए अपने द्वार खोल रहा है, किंतु इसकी दूरदृष्टि इसे एक पूर्ण ख-12 विद्यालय के रूप में विकसित करने की है। जहाँ सीबीएससी और आईबी दोनों शिक्षण माध्यम सहजता से उपलब्ध होंगे। यहाँ शिक्षा पारंपरिक प्रणालियों की तुलना में कम से कम दो कक्षाओं तक उन्नत स्तर पर, हर्षपूर्वक और बिना किसी दबाव के प्रदान की जाती है। मानकीकृत परीक्षाओं के स्थान पर, प्रत्येक परिवार को साप्ताहिक रूप से स्पष्ट, रचनात्मक और सकारात्मक फीडबैक प्राप्त होता है, जो सीबीएससी, आईसीएसई और आईबी की दक्षताओं के अनुरूप बच्चे की प्रगति को दर्शाता है।

## निरीक्षण कर तत्काल सड़क मरम्मत कराने का दिया आदेश

बंथरा। नगर पंचायत बन्थरा के अन्तर्गत वार्ड संख्या 6 नेहरू नगर में निर्माणाधीन सड़क का संयुक्त निरीक्षण श्वेता सिंह अधिशासी अधिकारी, व दीक्षा चौरसिया अवर अभियंता सिविल) द्वारा किया गया। निरीक्षण में सम्बंधित ठेकेदार को उक्त सड़क की कमियों के विषय में प्रत्यक्ष रुप से अवगत कराया गया व तत्काल प्रभाव से उसकी मरम्मत कराने हेतु आदेशित किया गया। बताते चलें कि उक्त सड़क का निर्माण कुछ दिन पहले ही हुआ है और पहली बरसात में ही कई जगह मिट्टी ढंसने के कारण सड़क टूट गई थी, इसके बाद अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर जिम्मेदार को तत्काल सड़क की मरम्मत कराने का आदेश दिया गया है।

# पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सपा नेताओं ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी द्वारा सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के हिन्द नगर वार्ड की बैठक कर पार्टी को शहरी क्षेत्र में पार्टी का जनाधार बढ़ाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक का आयोजन वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत ने कहा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले हम सभी सम्मानित साथियों के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क कर के पार्टी मज़बूत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने कहा सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी 26 वार्डों के प्रत्येक वार्डों में लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर मौजूदा सरकार की नाकामी की चर्चा कर के और समाजवादी सरकार के द्वारा कराए गए कार्यों और नीतियों को आम जनता तक पहुंचा कर पीडीए समाज के साथ साथ सर्वसमाज को जोड़ने की जरूरत है।बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने किया संचालन ज्ञानेन्द्र यादव ज्ञानू ने किया इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मोहनलालगंज पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री के मामले में दो जालसाजों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे रजिस्ट्री कराने के एक पुराने मामले में दो जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों आरोपी एक साल पहले कटरा बक्कास स्थित कीमती जमीन की फर्जी रजिस्ट्री में गवाह बने थे। इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को जेल भेज चुकी है, जबकि एक अन्य की तलाश अभी जारी है।फर्जीवाड़े की यह कार्रवाई एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के कुशल निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत की गई। प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस मामले की गहन जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।पीड़ित मुन्ना निवासी कटरा बक्कास थाना सुसुंडा, जनपद बाराबंकी की लिखित शिकायत पर बीते 28 फरवरी मोहनलालगंज पुलिस मुकदमा पंजीकृत किया था। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत में कहा गया था कि एक गिरोह ने बेशकीमती ज़मीन की फर्जी रजिस्ट्री कराई है। मामले में रजिस्ट्री गवाह बने दो व्यक्तियों सत्यनारायण पुत्र स्व. गया प्रसाद निवासी हसनपुर खेड़ा, थाना गोसाईगंज, लखनऊ और रेशम कुमार पुत्र स्व. मायाराम निवासी बबलू साई खेड़ा, थाना लोनीकटरा, बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।इससे पहले पुलिस ने इसी मामले में आरोपी सुरेश मोहम्मद पुत्र मुन्तल निवासी घंडी, थाना रामनगर, जनपद बाराबंकी को बीते 21 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पकड़े गए आरोपियों ने बीते 16 अप्रैल 2024 को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री कर ज़मीन की बिक्री की योजना बनाई थी।मोहनलालगंज पुलिस की विवेचना में स्पष्ट हुआ कि सुरेश मोहम्मद ने फर्जी नाम से खुद को किसान दर्शाकर बेशकीमती भूमि की बिक्री की थी। इस फर्जी रजिस्ट्री को वैध दिखाने के लिए सत्यनारायण और रेशम कुमार को गवाह बनाया गया था।

## महिला कर्मचारी हुई हादसे का शिकार, कर्मचारी के हाथ की चार उंगलियां कटी

सरोजिनी नगर। इलाके में स्थित शकुन्तला प्लाईवुड फैक्ट्री में कार्यरत एक महिला कर्मचारी बीते मई माह में एक दर्दनाक हादसे से का शिकार हो गई।घटना 26 मई की है जब यहां पर काम करने वाली कर्मचारी निर्मला गौतम की दाहिने हाथ कीचार उंगलियां मशीन में कट गईं। पीड़ित महिलाने आरोप लगाया है कि फैक्ट्री के मालिक लालबाबू औरमैनेजर अरविंद की लापरवाही के कारण उन्हें हादसे का शिकार होना पड़ा क्योंकि वह मशीन खराब थी। बंथरा के हमीरपुर गांव की रहने वाली निर्मला ने बताया कि वह पिछले 5 साल से इस फैक्ट्री में काम कर रही थीं। उनके सहारे ही परिवार का भरण पोषण होता है बावजूद हादसे के बाद कंपनी ने उन्हें किसी तरह की आर्थिक मदद नहीं की।पीड़िता ने आरोप लगाया कि कई बार सरोजनी नगर थानेमें शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने एसीपी कृष्णानगर से शिकायत की। एसीपी के आदेश पर सरोजनी नगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **01.08.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म व मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या** | 08302025 दिनांक 10.07.2025 |
| 2 | **निविदा संख्या :** (1) 19-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26<br>(2) 20-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 | |
| 3 | **कार्य का नाम : (1)** सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के एस.एस.ई./वर्क्स/प्रयाग के सेक्शन में समपारों और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत, स्टाफ क्वार्टरों, नालियों, सीवरों और सड़कों की मरम्मत, एआरसी लाइन, एएफ लाइन और एजे लाइन में विभिन्न कॉलोनियों की सफेदी और पेंटिंग एवं स्टेशन और अन्य सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग का प्रावधान का कार्य।<br>**(2)** सहायक मण्डल इंजीनियर-उन्नाव के अन्तर्गत एस.एस.ई./वर्क्स/उन्नाव के सेक्शन में समपारों और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत एवं वार्षिक मरम्मत, सफेदी, पेंटिंग, विभिन्न कॉलोनियों और सड़कों की जल निकासी तथा स्टेशन और अन्य सेवा भवनों में वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग का प्रावधान का कार्य। | |
| 4 | **अनुमानित लागत : (1)** रु. 3,99,99,601.52, **(2)** रु. 3,99,99,555.39 | |
| 5 | **धरोहर राशि : (1)** रु. 3,50,000.00, **(2)** रु. 3,50,000.00 | |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : (1)** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह।<br>**(2)** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 18.07.2025 | |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 01.08.2025, 15:00 बजे | |
| 9 | **वेबसाईट : www.ireps.gov.in** | |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **2095/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जागरूकता सह-क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**05 हज़ार स्वदेशी मत्स्य बीजों का किया गया संचयन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एनबीएफजीआर द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस पर गोमती नदी, लखनऊ व डुम्बूर त्रिपुरा में जागरूकता सह-क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वदेशी मत्स्य प्रजातियों लेबियो गोनियस, लेबियो बाटा, लेबियो कालबासू, लेबियो रोहिता आदि के संरक्षण, स्टॉक वृद्धि और सतत मत्स्य प्रबंधन पर जन जागरूकता बढ़ाने के लिए गोमती नदी में पाँच हज़ार स्वदेशी मत्स्य बीजों का संचयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान तीन मछुआरों को नदी मत्स्य जैव विविधता संरक्षण में उनके योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक-मछुआरों के मध्य संवाद कार्यक्रम का भी आयोजित हुआ। प्रधान वैज्ञानिक डॉ शरद कुमार सिंह, डॉ अचल सिंह, वैज्ञानिक डॉ संतोष कुमार, डॉ राघवेन्द्र सिंह व तकनीकी अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस की महत्ता एवं सामान्य रूप से नदीय सतत मत्स्य प्रबन्धन में स्वदेशी कार्प बीज के पालन के महत्व के सम्बन्ध में अपने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किये तथा किसानों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। कार्यक्रम में 300 मछुआरों और मत्स्य किसानों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया, जिन्होंने वैज्ञानिक और स्थायी जलीय कृषि और मत्स्य पालन गतिविधियों पर आवश्यक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम में राजेश त्रिपुरा, कार्यकारी सदस्य मत्स्य पालन और एआरडीडी, संजय माणिक त्रिपुरा, विधायक, कारबुक, त्रिपुरा, श्यामजॉय जमातिया, उप-मंडल मजिस्ट्रेट, गोमती, कृष्ण हरि त्रिपुरा, उप निदेशक मत्स्य पालन, गोमती जिला, त्रिपुरा, डॉ. काजल चक्रवर्ती, निदेशक, आईसीएआर-एनबीएफजीआर, लखनऊ, आईसीएआर-एनबीएफजीआर के वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारी और राज्य मत्स्य विभाग और टीटीएएडीसी, गोमती जिला, त्रिपुरा के विभिन्न अधिकारी शामिल रहे।



# नगराम : समेसी गौशाला में किया गया वृहद स्तर पर वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विधायक समेत ग्राम प्रधान अशोक रावत ने रोपे छायादार वृक्ष**

**गौशाला के लिए विधायक ने दिया सोलर पैनल, गो पालको के चेहरों पर खुशी**

नगराम , लखनऊ। विकासखंड मोहनलालगंज क्षेत्र के समेसी ग्राम पंचायत स्थित गौशाला में मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेश रावत व एडीओ पंचायत अशोक यादव साथ में समेसी ग्राम प्रधान अशोक कुमार रावत ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। जहां वृक्षारोपण कार्य करने के बाद गोवंशीय पशुओं को विधायक ने गुड़ चना और केला खिलाया । इसी दौरान विधायक ने गोशाला में अति शीघ्र एक सोलर पैनल लाइट लगाने की बात कही है। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का जनांदोलन का ग्राफ बढ़ रहा है इस कार्यक्रम में प्रदेश में करोड़ों वृक्षों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है । इस दौरान विधायक ने गो पालको से वृक्षों की देखरेख करने की बात कही । उन्होंने कहा कि गौशाला में पाकड़ , बरगद , आम , शीशम समेत कई छायादार वृक्ष लगाया गया है जिससे पशुओं को कुछ राहत मिल सके। इस मौके पर एडीओ पंचायत अशोक यादव , एपीओ मनरेगा , सचिव केपी सिंह , ग्राम प्रधान अशोक रावत ने गो पालको के साथ वृक्षारोपण किया।



# निगोहां बाजार से चोरी हुए मोबाइल व नकदी के साथ आरोपी को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां,लखनऊ। निगोहां पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को मोबाइल व नकदी सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के निर्देशन और थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई, जिसमें विवेचक अमित कुमार वर्मा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

दो माह पूर्व निगोहां बाजार स्थित एक घर पर रखा एंड्राइड मोबाइल फोन और उसके कवर में रखे पांच हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई थी। इस संबंध में पीड़िता प्रीति बाजपेयी निवासी निगोहां ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया। विवेचक अमित कुमार वर्मा ने तकनीकी साक्ष्यों व मोबाइल सर्विलांस की मदद से जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान आरोपी की पहचान बाइस वर्षीय सुनील तिवारी पुत्र जंगबहादुर निवासी पुरानगंज टोली, थाना शिवगढ़, रायबरेली के रूप में हुई। गोपनीय सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को दीपांशु जनरल स्टोर, हरिहर खेड़ा, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।गौरतलब है कि गिरफ्तार आरोपी सुनील तिवारी वही आरोपी है, जो करीब दो माह पूर्व निगोहां कस्बे में एक महिला पत्रकार के घर हुई चोरी में भी संदिग्ध था। पुलिस ने उसकी गतिविधियों पर लंबे समय से निगरानी बनाए रखी थी। इस कार्रवाई में निगोहां थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी और विवेचक अमित कुमार वर्मा की तत्परता और समर्पण से यह सफलता हाथ लगी। निगोहां क्षेत्र की जनता ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना करते हुए राहत की सांस ली है।



# छात्राओं को 'विद्यार्थी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना' के अंतर्गत स्मार्टफोन मिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'विद्यार्थी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना' के अंतर्गत राजधानी के राजेन्द्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण कार्यक्रम किया गया। इसके मुख्य उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। समारोह की संयोजिका एवं डिजिशक्ति अभियान की नोडल अधिकारी प्रो. सुषमा त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए डिजिशक्ति अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह योजना केवल एक तकनीकी वितरण नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। डिजिटल उपकरण आज पढ़ाई के माध्यम ही नहीं, बल्कि सशक्तीकरण और वैश्विक संवाद का एक मजबूत जरिया हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जो होता है, वह होने दो, ये पौरुषहीन कथन है, जो हम चाहेंगे वह होगा, इन शब्दों में जीवन है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. अश्विनी मिश्रा ने तकनीकी समावेश को समय की मांग बताते हुए कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से छात्राएं नवीनतम जानकारी और वैश्विक शैक्षणिक संसाधनों से जुड़ सकेंगी। यह उच्च शिक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि आज की दुनिया ज्ञान और तकनीक से संचालित है। छात्राओं को डिजिटल संसाधनों तक पहुंच देकर हम उन्हें प्रतिस्पर्धी भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि महाविद्यालय उन्हें इन उपकरणों के प्रभावी और सार्थक उपयोग हेतु हर संभव मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के अंत में संयोजिका प्रो. सुषमा त्रिवेदी ने समस्त अतिथियों, वक्ताओं, आयोजन समिति, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं के जीवन में एक नया अध्याय जोड़ेगा और उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगा। उन्होंने डिजिशक्ति समिति की टीम की सराहना करते हुए उनके कुशल संचालन को सफल आयोजन की कुंजी बताया। इस अवसर पर डिजिशक्ति समिति की सदस्य डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. आभा पाल, डॉ. चनप्रीत कौर, डॉ. सुनीता सिंह, और श्वेता सूरी सहित महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं में स्मार्टफोन पाकर उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।



# समाज कल्याण योजनाओं में एआई से आएगी पारदर्शिता और प्रभावशीलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । समाज कल्याण विभाग निदेशालय में शुक्रवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का समाज कल्याण की योजनाओं में उपयोग'' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीकों के माध्यम से विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन में अधिक पारदर्शी बनाना था। कार्यक्रम में चैटजीपीटी जैसे आधुनिक टूल्स की सहायता से योजना ड्राफ्ट तैयार करने, रिपोर्ट संकलन और संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण के उपयोग पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का क्षमतावर्धन हो सके। इसके लिए नवीन तकनीकी को तेजी से अपनाना चाहिए। तकनीक को जनसेवा का सशक्त माध्यम बताते हुए अधिकारियों से इसे योजनाओं में समाहित करने का आह्वान किया। कार्यशाला में उपस्थित मुख्य वक्ता सुमित कुमार सिंह, संस्थापक, एसीईएआई, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, आईआईटी दिल्ली एवं आईआईएम लखनऊ ने एआई की व्यावहारिक उपयोगिता, डेटा विश्लेषण, योजनागत सुधारों में इसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यम से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वेंकटेश्वर लू ने भी अधिकारियों को तकनीकी नवाचारों को तेजी से अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में निदेशक, समाज कल्याण विभाग कुमार प्रशांत, महाप्रबंधक, अनुगम विपिन कुमार पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवम सागर समेत विभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, सर्वोदय स्कूल, आईटीआई, पॉलिटेक्निक के समस्त प्रधानाचार्य, कर्मचारी, अनुगम कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# हर हिन्दू के घर तीन बच्चे अवश्य हों : नीरज दौनेरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि हिन्दू जनसंख्या को कम करने का बड़े पैमाने पर षड्यंत्र रचा जा रहा है। बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद मजबूती से इसका विरोध कर रहा है। हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि हर हिन्दू के घर तीन बच्चे अवश्य होने चाहिए। जहां-जहां मुस्लिमों व ईसाईयों की संख्या बढ़ी है, वहां पर मतांतरण की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। नीरज दौनेरिया ने हिन्दुस्थान समाचार से ?बातचीत में कहा कि देश को कमजोर करने की साजिश हो रही है। लव जिहाद के साथ लैंड जिहाद भी बढ़ रहा है। सरकारी जमीनों पर कब्जा कर बांग्लादेशी मुसलमानों को बसाया जा रहा है। लव जिहाद व लैंड जिहाद का लक्ष्य भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाना है। ईसाई मिशनरियां भारत को विखंडित करने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन बजरंग दल के युवा उनके ये दुस्वप्न कभी पूरे नहीं होने देंगें। दौनेरिया ने कहा कि बजरंग दल युवाओं में सेवा-सुरक्षा-संस्कार का भाव पैदा कर रहा है। बजरंग दल लव जिहाद की शिकार बच्चियों को मुक्त करवाकर उनकी घर वापसी करा रहा है। युवाओं को त्रिशूल दीक्षा के माध्यम से देश रक्षा व धर्म रक्षा का संकल्प दिलाया जा रहा है।



## अखिलेश यादव ने केदारेश्वर महादेव मंदिर की ओर ध्यान आकर्षित किया

लखनऊ। श्रावण मास के प्रारंभ होते ही पहले दिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सैफई में नवनिर्मित केदारेश्वर महादेव मंदिर की ओर ध्यान आकर्षित किया है। अखिलेश ने सोशल मीडिया अकाउंट (एक्स) पर केदारेश्वर महादेव मंदिर की फोटो लगाकर पावन श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। बता दें कि अखिलेश यादव ही सैफई में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर अपने गृह जनपद के सैफई में केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं। मंदिर निमार्ण का कार्य अंतिम चरण में है और बाहरी स्वरूप को पूर्ण करने के बाद रंगरोगन का कार्य शेष है। श्रावण माह के प्रथम दिन सैफई और आसपास के श्रद्धालुओं का केदारेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचना सुबह से जारी है। इसको लेकर मंदिर में व्यवस्थाएं की गई है।

## दिल्ली से ट्रक में बिहार जा रही शराब की खेप बरामद, एक गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आबकारी टीम ने बीते 24 घंटे में ताबड़तोड़ कार्रवाईयां करते हुए एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाने वाली शराब की पेटियों को पकड़ा है। कार्यवाही के दौरान कानपुर में आबकारी टीम और राज्यकर विभाग की बड़ी कार्रवाई में बिहार जा रही भारी मात्रा में शराब की पेटियों को पकड़ा है।

कानपुर में आबकारी विभाग एवं राज्यकर विभाग की संयुक्त कार्यवाही में दिल्ली से ट्रक में तस्करी कर ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की नौ पेटियों को टीम ने पकड़ा है। यह बरामदगी चेकिंग के दौरान की गई है। बरामद शराब की पेटियों में ऑफ्टर डार्क व्हिस्की की 432 बोतलें मिली हैं। तस्करी करने वाले एक आरोपित को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ जारी है।

उप्र आबकारी विभाग के आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नेपाल बार्डर पर सिद्धार्थनगर जिले में आबकारी निरीक्षकों की एक टीम ने सोनौली, धोबहा, ओदनवाताल, बंधवाताल में दबिश देकर 60 लीटर अवैध शराब बरामद की। अवैध शराब के तार नेपाल से जुड़े बताए जा रहे हैं और आगे की कार्रवाई में टीम जुटी है। इसी तरह प्रयागराज के करछना क्षेत्र में कैथी गांव में आबकारी टीम के निरीक्षकों ने कार्यवाही करते हुए 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। आबकारी निरीक्षकों ने मौके से दो सौ किलो. लहन भी बरामद किया है, जिसे नष्ट कर दिया गया है। इस दौरान मौके से दो लोग भागने में सफल रहे।

# सीएम डैशबोर्ड से समग्र विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा सीएम योगी का उत्तम प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम योगी के सपनों को साकार करने में सीएम डैशबोर्ड अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, कानून व्यवस्था, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में सीएम डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में जालौन ने बेहरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप फाइव जिलों में शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती ने स्थान प्राप्त किया है।

सीएम डैशबोर्ड की ओर से हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा प्रदेश भर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट के अनुसार एक बार फिर जालौन ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। बता दें कि जालौन लगातार छह महीने से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर पहले स्थान पर बना हुआ है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट में प्रदेश के टॉप फाइव जिलों में शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती शामिल हैं। प्रत्येक जिले ने प्रशासनिक कसौटियों पर खुद को साबित किया है, जो प्रदेश के समग्र विकास में योगदान दे रहे हैं।



## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यूनिवर्सल बुक सेलर्स का भ्रमण किया

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुक सेलर्स का भ्रमण किया। उन्होंने पुस्तकालय में उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद भी किया। राज्यपाल ने बताया कि पुस्तकें केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन–दृष्टि, संस्कार, और चरित्र निर्माण का भी आधार होती हैं। एक अच्छी पुस्तक जीवन की दिशा बदल सकती है और व्यक्ति को भीतर से समृद्ध बना सकती है। अपने सार्वजनिक उद्‌बोधनों और संवादों में वे सदैव अध्ययन की संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल देती हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियां ज्ञानवान, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बन सकें।

उन्होंने बच्चों की पुस्तकों को प्रेरणादायक बताया। इनमें बाल–नाटक, कहानियां तथा रंग–बिरंगी धार्मिक एवं नैतिक शिक्षायुक्त पुस्तकें शामिल थी। जैसे महाभारत, रामायण एवं श्रीमद्‌भगवद्गीता का बाल संस्करण। उन्होंने साहित्य को बच्चों के मानसिक विकास का सशक्त माध्यम बताया और विशेष रूप से आंगनबाड़ी व स्कूल स्तर पर इन पुस्तकों को पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। अपने भ्रमण के दौरान राज्यपाल का विशेष ध्यान' (लेखकः राजीव मल्होत्रा) नाम की पुस्तक पर गया, जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है कि संस्कृत के अनेक शब्दों का सटीक अनुवाद संभव नहीं है और उन्हें मूलरूप में ही वैश्विक भाषाओं में अपनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों एवं उनके डिजिटलीकरण के कार्य पर भी चर्चा हुई। राज्यपाल के बुक स्टोर में व्यतीत किया गया समय, उनके पुस्तकों के प्रति गहरे लगाव को दर्शाता है। यूनिवर्सल बुक सेलर्स परिवार ने उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

## श्रावस्ती में जीवनदायनी बनेगी विलुप्त बूढ़ी राप्ती नदी, किसानों को होगा फायदा

लखनऊ। योगी सरकार विलुप्त हो रही नदियों के पुनरोद्धार, पुराने स्वरूप और अस्तित्व में लाने के लिए प्रदेशभर में अभियान चला रही है। ऐसे में अब तक प्रदेश भर में 100 से अधिक छोटी और विलुप्त हो चुकी नदियां फिर से अपने पुराने स्वरूप में लौटने लगी हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन को विजन के रूप में धरातल पर उतारने के लिए श्रावस्ती में बूढ़ी राप्ती नदी के पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि आसपास के किसानों को भी राहत मिलेगी। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जल संकट और पर्यावरणीय संतुलन बनाने के लिए श्रावस्ती में विलुप्त हो रही राप्ती नदी के पुनरोद्धार के लिए काम किया जा रहा है। ऐसे में बूढ़ी राप्ती नदी को पुनर्जीवित करने के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकी से नदी के संरेखण का चिन्हांकन किया गया और अब इस पर काम शुरू हो चुका है। इस कड़ी में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने पूजा–अर्चना के बाद फावड़ा चलाकर कार्य का शुभारंभ किया। बूढ़ी राप्ती नदी के पुनरोद्धार का कार्य जनसहयोग और मनरेगा योजना के तहत बड़े पैमाने पर किया जाएगा। बरसात के बाद नदी की सफाई और प्रवाह को पुनः ठीक करने का कार्य वृहद स्तर पर किया जाएगा, ताकि नदी अगले वर्ष अपने स्वाभाविक रूप में लौट सके। उन्होंने बताया कि बूढ़ी राप्ती नदी की कुल लंबाई 67.03 किमी है, और इसका कैचमेंट एरिया 18356.64 हेक्टेयर है। नदी का 16.91 किमी हिस्सा अवरोधित है, जबकि शेष 51.12 किमी का हिस्सा स्वाभाविक रूप में मौजूद है। इस पुनरोद्धार कार्य में नदी के प्रवाह क्षेत्र को सुधारने का प्रयास किया जाएगा। बूढ़ी नदी के पुनर्जीवित होने से आसपास के किसानों को जल आपूर्ति में मदद मिलेगी, जिससे उनकी कृषि गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। बूढ़ी राप्ती नदी 54 ग्रामों से गुजरती है और अंत में राप्ती नदी में मिल जाती है। सर्वेक्षण के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि नदी के प्रवाह क्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है। नदी के सफाई कार्य में मिट्टी की मात्रा का आंकलन कर इसे पुनः जीवन प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह कार्य प्रदेश में जल प्रबंधन के नए मानक स्थापित करने में मदद करेगा और किसान समुदाय को जल आपूर्ति की बेहतर स्थिति प्रदान करेगा। इस पुनरोद्धार कार्य से न केवल पर्यावरणीय संतुलन होगा, बल्कि किसानों को जल आपूर्ति में भी सुधार मिलेगा। नदी के पुनजीवित होने से आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए अधिक पानी मिलेगा।

# मनरेगा कार्यों और वित्तीय धनराशि में जमकर हो रहा बंदरबाँट, जिम्मेदार क्यों बने अनजान

**मनरेगा योजना बनी मजाक फर्जी हाजरी का सिलसिला जारीविकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता


विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर

सीतापुर । ग्रामीण अंचलों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में मजदूरों को रोजगार देने के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और वित्तीय अनियमितताएं सामने आ रही हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी इन योजनाओं की निगरानी की है, वे अनजान बनकर आंख मूंदे बैठे हैं।विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर में मनरेगा के तहत हो चल रहे कार्य मे फर्जी फोटो अपलोड का सिलसिला जोरो से चल फोटो में कुछ नाबालिक बच्चे भी दिख रहे सवाल यह उठता है क्या नाबालिक बच्चों से भी कार्य कराया जा रहा है। अगर नही कराया जा रहा है तो फोरो क्यों अपलोड की गई यही नही फोटो कोई भी महिला नही दिख रही है जबकि ऑनलाइन पोर्टल पर महिलाओ के नाम पर भी हाजरी लगाई जा रही है। एक ही फोटो अपलोड कर हाजरी लगाई जा रही है। यही नही ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में हैंडपम्प रिबोर व मम्मत के नाम पर लगभग बारह बार मे 324000 रुपयों का भुगतान कराया गया।यही नही ग्राम पंचायत में एंटीलार्वा व चूना छिड़काव , तालाब में पानी भरवाई , साफ सफाई पर व्यय , खडंजा निर्माण व्हील चेयर जैसे आदि कार्यो में जमकर अनिमिताये बर्ती गयी है। जिसकी ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है, अब देखना यह है, क्या कोई कार्यवाही होती है, या यूही चलता रहेगा।

## मां के नाम पेड़ लगायें, देश प्रदूषण मुक्त बनायें



बिसवां, सीतापुर। विकास खण्ड सकरन के उच्च प्राथमिक विद्यालय रेवान में एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। शुक्रवार को थाना रेउसा के उप निरीक्षक हरिकेश सरोज व मुख्य आरक्षी शैलेश तिवारी द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर अन्य लोगों ने भी वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के उपरांत उप निरीक्षक ने बच्चों व शिक्षकों से पर्यावरण सुरक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी को एक पेड़ मां के नाम पर जरूर लगाना है। साथ ही पृथ्वी को हरा भरा व प्रदूषण मुक्त बनाना है। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक मोहम्मद जावेद, फरीद गौरी, लवकेश कुमार, मुकेश कुमार, दिलीप शुक्ला, कफील अहमद खान, राजेश कुमार , धीरेन्द्र यादव, अशोक कुमार व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनरेगा योजना में भारी अनिमिताये सिसेंडी पंचायत में एक ही फोटो अपलोड कर लगाई जा रही हाजरी

**महिलाओं की भी लगाई जा रही हाजरी जबकि अपलोड फोटो में नही दिख रही महिलाएं**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सिसेंडी का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता


विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सिसेंडी

सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सिसेंडी में मनरेगा योजना के तहत कार्यों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनरेगा पोर्टल पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए अपलोड की जा रही फोटो में महिलाएं नजर ही नहीं आ रहीं, इसके बावजूद एक ही फोटो को बार-बार उपयोग कर फर्जी हाजिरी लगा दी जा रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर महिला मजदूरों की उपस्थिति दर्शाई जा रही है, जबकि हकीकत तो बिल्कुल उलट है। यह पूरी प्रक्रिया न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि जरूरतमंद मजदूरों के अधिकारों का भी हनन है।मजदूरों की हाजिरी से जुड़ी इस गड़बड़ी पर संबंधित विभाग और अधिकारियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।यदि समय रहते इस भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह योजना सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह जाएगी और गरीबों को मिलने वाला हक बीच रास्ते में ही लुटता रहेगा।

# विद्युत विभाग की मनमानी के आगे योगी के आदेश धराशाई

**जनता को अखर रहा जनप्रतिनिधियों का मौन**

कैनविज टाइम्स संवाददात

रेउसा सीतापुर। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती क्षेत्रीय जनता के लिए एक गंभीर समस्या बनी हुई है। एक तरफ़ प्रदेश की योगी सरकार जहां 18 घंटे बिजली मिलने के दावे करते नहीं थकती वहीं विकासखंड रेउसा क्षेत्र में जिम्मेदार विद्युत कर्मियों द्वारा अघोषित विद्युत कटौती कर योगी सरकार के दावों को लगातार धराशाई किया जा रहा है। कभी रोस्टिंग ,,तो कभी पावर हाउस में ट्रॉली फुक जाने, तो कभी लाइन की मरम्मत जैसे कार्यों का हवाला देकर,,तो कभी कोई सूचना ही नहीं होती कि किसलिए विद्युत सप्लाई बाधित की जा रही है, विद्युत विभाग के जिम्मेदारों द्वारा सरकार के आदेशों को लगातार, तार-तार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय जनता के लिए यह समस्या नई नहीं है, प्रतिवर्ष गर्मी के महीनों में इस समस्या से जनता को जूझना पड़ता है । समस्या का निदान करने के बजाय जिम्मेदार विद्युत कर्मियों और जनप्रतिनिधि द्वारा शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने जैसे लॉलीपॉप देकर जनता को बरगला दिया जाता है।क्षेत्र के विकास को लेकर बड़े बड़े दावे करने वाले विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसद/विधायक विद्युत समस्या पर मौन नज़र आते हैं। सांसद के जहां दर्शन ही क्षेत्रीय जनता के पुण्योदय सदृश है, वहीं विधायक का क्षेत्र में रहने के बावजूद भी इस समस्या पर मौन रहना जनता को अखर तो रहा ही है साथ ही जनता को यह सोचने पर भी विवश कर रहा है कि छोटी छोटी समस्याओं पर भी जो जनप्रतिनिधि जनता के साथ खड़ा नजर आता है, वह विद्युत समस्या जैसे गंभीर विषय पर क्यों मौन है ? या फिर, विद्युत विभाग की मनमानी के आगे विधायक की भी नहीं चल रही ? खैर वज़ह चाहे जो भी हो लेकिन हकीकत तो यही है कि रेउसा क्षेत्र की जनता को विद्युत समस्या के कारण अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। और दुःख इस बात का है कि इस समस्या के समाधान को लेकर किसी के पास न तो कोई जवाब है और न ही कोई कुछ बोलना चाहता है।

## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

सीतापुर। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत खैराबाद भाजपा नगर मंडल द्वारा बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण पाल द्वारा कार्यकर्ताओं को वर्षो का वितरण किया गया इसके पश्चात कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रत्येक बूथ एवं नगर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण पाल राम जी गुप्ता अजितेश शुक्ला प्रदीप अवस्थी पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप अवस्थी संतोष मिश्रा डॉक्टर श्रवण कुमार सैनी उपस्थित रहे

## अलोक लोक सेवा संस्थान द्वारा ''काका हाथरसी'' सम्मान से सम्मानित किया

बिसवां,सीतापुर। अलोक लोक सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को ''काका हाथरसी'' सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा संस्थाध्यक्ष वरिष्ठ कवि योगेन्द्र बहादुर सिंह उपाख्य आलोक सीतापुरी के जन्मदिवस पर आयोजित कवि सम्मेलन के अवसर पर यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष कविता लोक के संस्थापक वरिष्ठ साहित्यकार ओम नीरव, मुख्य अतिथि साहित्य भूषण डा राम करन मिश्र सैलानी, विशिष्ट अतिथि केदारनाथ शुक्ला, व डा प्रवीण श्रीवास्तव प्रेम , संस्कार भारती सीतापुर के अध्यक्ष इंजीनियर अंबरीष अंबर, डा मनोज दीक्षित ने अंगवस्त्र माल्यार्पण व सम्मान पत्र प्रदान किया। इसी क्रम में कवि सम्मेलन में पधारे लगभग तीन दर्जन अन्य कवियों को भी सम्मानित किया गया। कच्छप नगरी रिहार इस्टेट मे आयोजित इस कवि सम्मेलन का सफल संचालन कमलेश मौर्य मृदु ने किया। उन्होंने अपने काव्य पाठ में कहा मिलाकर आंख दुनिया से ये भारत बात करता है।पटखनी पर पटखनी दे जो इससे घात करता है।

# विश्व जनसंख्या दिवस एवं विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददा

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व जनसंख्या दिवस एवं विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के शुभारम्भ के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं स्वयं सेवी संगठन पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरुकता प्रसारित किए जाने के उद्देश्य से पोस्टर, लघुफिल्म आदि का अनावरण किया तथा जागरूकता वैन भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता वैन के माध्यम से जनपद के लगभग 150 गावों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर 'इतनी भी क्या जल्दी है' विषयक कार्यशाला भी आयोजित की गयी जिसमें उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा परिवार नियोजन के लाभ, उपायों आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।?कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी जागरूक हों। अभियान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन लाना है, जिससे लोगों तक सही जानकारी पहुंच सके। इसलिए अभियान के दौरान व्यापक जन जागरूकता की जायेगी। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से निर्वहन करते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा की गयी पहल की भी जिलाधिकारी ने सराहना की। ?इस अवसर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसंख्या नियंत्रण के सम्बन्ध में गठित डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक भी आयोजित की गयी, जिसमें सभी सम्बंधित सदस्यों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों के विषय जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप के सभी सदस्य पूर्ण निष्ठा से कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। ?मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश कुमार में अभियान के दौरान कार्ययोजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके दौरान परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो सभी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेंगे।

**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्भव अभियान की बैठक सम्पन्न**

मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्भव अभियान 5.0 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि समय से फीडिंग का कार्य कराया जाये, यह अभियान कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के चिन्हीकरण एवं उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है, जो आगामी 30 सितम्बर तक चलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की जांच समय से की जाये तथा उनके उपचार हेतु प्रबंध किया जाये।

# सीडीओ ने उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण, दो सचिवों को नोटिस

**महेवागंज में स्टॉक पर्याप्त, नकहा में मिली कमी, किसान केंद्र का लाइसेंस भी किया निलंबित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में उर्वरक की आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लेने शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार अचानक निरीक्षण पर निकले। उन्होंने महेवागंज, लकपेड़ागंज और नकहा स्थित साधन सहकारी समितियों व निजी उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान महेवागंज में क्रभको के निजी उर्वरक केंद्र व टंडन खाद भंडार पर खाद की उपलब्धता संतोषजनक पाई गई। वहीं लकपेड़ागंज और नकहा स्थित साधन सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण नहीं मिला। नकहा की दो समितियों के सचिव भी मौके से अनुपस्थित मिले। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए दोनों सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही एआरसीएस को निर्देशित किया कि वरीयता के आधार पर इन समितियों पर शीघ्र खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने किसानों से संवाद भी किया। उन्होंने अपील की कि किसान संयम बनाए रखें और जरूरत के अनुसार ही उर्वरक लें। साथ ही निर्देश दिए कि जो किसान अधिक मात्रा में खाद की मांग करें, उनसे खतौनी अवश्य ली जाए।*किसान केंद्र में अनियमितता पर सख्ती, लाइसेंस निलंबित*सीडीओ अभिषेक कुमार ने नकहा स्थित किसान खेतीबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जहां कई गड़बड़ियां सामने आईं। न तो केंद्र पर ई-पाश मशीन उपलब्ध थी, न ही अनुज्ञापी लाइसेंस प्रस्तुत किया जा सका। अभिलेख भी अपूर्ण पाए गए। इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए सीडीओ ने तत्काल प्रभाव से केंद्र का लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने दिए सख्त निर्देश : फील्ड में सक्रिय रहें अधिकारी, किसानों का न हो शोषण*सीडीओ अभिषेक कुमार ने डीडी कृषि, जिला कृषि अधिकारी, एआर कॉपरेटिव, भूमि संरक्षण अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में लगातार सक्रिय रहें और खाद वितरण प्रणाली की सतर्क निगरानी करें। उन्होंने कहा कि उर्वरक की ओवररेटिंग पर पूरी तरह रोक लगाई जाए और किसानों का किसी भी स्तर पर शोषण न हो। सीडीओ ने दो टूक कहा कि खाद वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ी तो और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# लापता बालक के मामले में बड़ा खुलासा, पुलिस जांच में तेजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर,खीरी। धौरहरा, ईसानगर थाना क्षेत्र के कटौली कस्बे में पिछले दिनों लापता हुए 13 वर्षीय बालक पप्पू की मौत के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शुक्रवार को पप्पू का शव बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के एक कमरे में मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर ताला तोड़ा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय निवासी पप्पू, जो कि हरी प्रसाद जायसवाल की दुकान पर कार्य करता था, 9 जुलाई को दोपहर बाद से लापता था। परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी रिपोर्ट के बाद पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी थी।शव मिलने के बाद कस्बे में हलचल जरूर मची, लेकिन पुलिस की तत्परता ने लोगों में न्याय की उम्मीद जगा दी है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की निगरानी कर रहे हैं, और हर संभव एंगल से जांच की जा रही है।



**स्थानीय लोगों और प्रशासन में जागरूकता बढ़ी**

इस घटना ने न सिर्फ प्रशासन को सतर्क किया, बल्कि स्थानीय लोगों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ी है। स्कूलों और दुकानों के मालिकों से अपील की जा रही है कि वे बच्चों के साथ व्यवहार में सावधानी बरतें और समय-समय पर उनके परिजनों को सूचना देते रहें।

**पुलिस का कहना है**


हम हर दृष्टिकोण से जांच कर रहे हैं। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बहुत जल्द सच्चाई सामने आएगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा।''

## युवराज दत्त कॉलेज में वृक्षारोपण राजा राजेश्वर सिंह ने किया शुभारंभ



लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को ''एक पेड़ माँ के नाम'' थीम पर वृक्षारोपण महाअभियान 2025 का आयोजन भव्य रूप से किया गया। यह अभियान प्रातः 6:00 बजे से महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में शुरू हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सदस्य एवं झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल, कीर्ति प्रोजेक्ट की प्रो. सुमिता यादव, पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रबंधक व स्टाफ, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शिक्षिकाएं, एनएसएस एवं रोवर्स-रेंजर्स इकाइयों के छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिकों ने नीम, आंवला, आम, जामुन, बेल, अमरूद, कंजी, करील, शीशम आदि के सैकड़ों पौधे रोपे।प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने सभी उपस्थित लोगों को पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि छात्रों को यह समझना चाहिए कि एक पेड़ लगाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं बल्कि स्वास्थ्य और समाज के लिए उपकार है। उन्होंने वृक्षारोपण को एक माँ को समर्पित कर भावनात्मक रूप से जोड़ने का आह्वान किया।इस अवसर पर छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्राचार्य ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी महाविद्यालयों में इस अभियान को सफल बनाना है।''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत यह वृक्षारोपण कार्यक्रम जन-जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

## भदूरा गांव में देवी स्थल का कायाकल्प अधर में, ग्रामीणों ने उठाई आवाज



लखीमपुर खीरी। जनपद के बेहजम ब्लॉक की ग्राम पंचायत शंकरपुर अंतर्गत आने वाले गांव भदूरा में स्थित देवी माता का प्राचीन व सिद्ध स्थल वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। ग्रामीणों की आस्था का यह केंद्र, जहां श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन के लिए आते हैं, आज बदहाली की तस्वीर बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम प्रधान का कहना है कि यह स्थल केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। इसके विकास और कायाकल्प की मांग कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन अफसोस की बात है कि अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई है।ग्राम प्रधान परमेश्वर दीन, ग्रामीण रंजीत यादव, सचिन कुमार, रामबाबू, गोलू, और राजेन्द्र प्रसाद सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने मंदिर परिसर के विकास के लिए जिला प्रशासन से गुहार लगाई है।इनका कहना है कि देवी स्थल की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मंदिर परिसर में न तो श्रद्धालुओं के लिए कोई मूलभूत सुविधा है, न ही साफ-सफाई, और न ही रात्रि में रोशनी की व्यवस्था। आस्था के इस प्रतीक स्थल पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आज भी कीचड़, टूटी फूटी पगडंडियों और अव्यवस्था से होकर गुजरना पड़ता है।ग्राम प्रधान व ग्रामीणों का आरोप है कि वे लगातार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है, कार्रवाई नहीं। अब ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की है और प्रशासन से जल्द से जल्द मंदिर का कायाकल्प शुरू कराने की मांग की है।

# अपर जिला कृषि अधिकारी की मौजूदगी में किसानों को वितरित हुआ खाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन, खीरी। जहां एक तरफ खाद की किल्लत को लेकर क्षेत्रभर के किसान परेशान हैं और कई जगहों पर उन्हें घंटों लाइन में लगने व इधर-उधर भटकने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है, वहीं अपर जिला कृषि अधिकारी एवं पुलिस, प्रशासन की देख रेख, में किसानों को यूरिया 266, रुपए में बांटा गया, जिससे, किसानों को खुशी है, बिना टैगिंग के यूरिया उपलब्ध हे सिंगाही रोड़ ओम फर्टिलाइजर सेंटर सिंगाही रोड़ निघासन किसानों के लिए राहत का केंद्र बना हुआ है।यहां पर नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण निर्धारित मूल्य 266.50 पर किया जा रहा है। भैरमपुर निवासी देशराज ने बताया कि यहां खाद बीच-बीच में मिलती रही है और किसानों को सहूलियत हो रही है। दुकान पर किसी तरह का दबाव नहीं है, बोझिया निवासी मालिक राम ने बताया ओम फर्टिलाइजर स्टोर पर भीड़ के कारण समय जरूर लगा लेकिन उचित रेट में युरिया मिल गई।और नहीं कोई अन्य सामग्री का दबाव बनाया गया।लोनियन पुरवा निवासी गोवर्धन लाल ने बताया कि एक आधार पर एक बोरी ओम फर्टिलाइजर में उचित रेट में बराबर मिल रही है अन्य जगहों पर लोग भटक रहे हैं।बरोठा निवासी मनोज ने बताया कि उन्होंने एक आधार कार्ड पर एक बोरी ली, जिसका मूल्य ?266.50था। उन्होंने ?270, जिसमें से ?4 वापस भी मिले।बोझिया निवासी मालिक राम ने कहा कि भीड़ जरूर थी, लेकिन उचित मूल्य पर खाद मिल गई। राममनोहर, निवासी रकेहटी ने बताया कि ''कम से कम एक बोरी तो मिल रही है, पहले तो लोग दूर-दूर तक भटक रहे थे और फिर भी खाद नहीं मिलती थी।

# गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित दिव्य सम्मान समारोह में सम्मानित हुए बरोठा गांव के तीन प्रतिष्ठित आचार्यों

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा लखनऊ विश्व विद्यालय के प्रेक्षा गृह में संपन्न हुए गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित दिव्य सम्मान समारोह में बरोठा गांव के तीन प्रतिष्ठित आचार्यों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान को पाकर न केवल इन आचार्यों का सम्मान बढ़ा है, बल्कि समूचे क्षेत्रवासियों में गर्व की अनुभूति हुई है।निघासन तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोठा निवासी पांडित्य कर्म के कुशल ज्ञाता राष्ट्र जागरण के पुरोधा वयम ''राष्ट्रे जाग्रयाम पुरोहिताः'' की भावना को सार्थक करते हुए क्षेत्र की संस्कृति एवं धार्मिकता को जीवंत और जागृत रखने वाले पं. राजेंद्र त्रिपाठी को ज्योतिष एवं कर्मकांड के क्षेत्र में उनकी विशिष्ट साधना एवं सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया साथ ही पं. बृजेन्द्र त्रिपाठी को कर्मकांड के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान हेतु विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया, और इसके अतिरिक्त पं. वीरेंद्र त्रिपाठी को आजीवन संस्कृत भाषा की निःस्वार्थ सेवा और संरक्षण हेतु सम्मानित किया गया, इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय लोगों में हर्ष व्याप्त है, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों व गणमान्यजनों ने सभी सम्मानित आचार्यों को शुभकामनाएं दीं और इसे बरोठा गांव के लिए गौरव की बात बताया।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के इस सम्मान से न केवल बरोठा गांव के आचार्यों का सम्मान बढ़ा है, बल्कि क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा को भी बढ़ावा मिला है। इस अवसर पर सम्मानित आचार्यों




ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया और युवाओं को संस्कृत भाषा और संस्कृति के महत्व के बारे में बताया।इस सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने आचार्यों के कार्यों की सराहना की और उनके योगदान को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। सम्मान समारोह के आयोजन से क्षेत्र में संस्कृत भाषा और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ी है और युवाओं को अपनी संस्कृति के प्रति गर्व महसूस हुआ है।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के इस पहल से क्षेत्र में संस्कृत भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में मदद मिलेगी और युवाओं को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। इस सम्मान समारोह के आयोजन से क्षेत्र में एक नई दिशा और सोच का संचार हुआ है और संस्कृत भाषा और संस्कृति के महत्व को बढ़ावा मिला है।

## कृषि विभाग ने सीज की खाद की दुकान



लखीमपुर। सदर तहसील क्षेत्र के गाँव गोड़वा पकरिया में अपर जिला कृषि अधिकारी के घर पर खुली पेस्टी साइड और खाद की दुकान में ज्यादा दाम में यूरिया खाद बेची जा रही थी।किसानों द्वारा सूचना देने पर कृषि विभाग की टीम छापेमारी करने मौके पर पहुंची।किसानों के अनुसार 400 रुपए प्रति बोरी यूरिया खाद बेची जा रही थी।हैरान कर देने वाली बात यह है कि अपर जिला कृषि अधिकारी के भाई के नाम यह खाद की दुकान का लाइसेंस है और अपर कृषि अधिकारी मनोज कुमार पड़ोसी जनपद सीतापुर में तैनात हैं और ब्यूटी इंटर प्राइजेज के नाम से खाद दुकान है।कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान खाद का सैंपल भरकर दुकान को सीज किया है।

# जिलाधिकारी ने पौराणिक एवं ऐतिहासिक तमसा व सिलनी नदी के पानी की गुणवत्ता एवं सफाई का किया निरीक्षण

**नदी की गाद, कूड़ा-कचरा एवं आने वाले पर्यटकों द्वारा प्रयोग कर फेंके गए प्लास्टिक एवं अन्य सामानों की निरंतर सफाई करायें: डीएम**

**नदी जीवन दायिनी है, इसे संरक्षित एवं साफ सुथरा, स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है :डीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा आज चंद्रमा ऋषि आश्रम पर स्थित धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक नदी तमसा एवं सिलनी नदी के संगम के पानी की गुणवत्ता एवं साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को मनरेगा के अंतर्गत नदी की गाद, कूड़ा-कचरा एवं आने वाले पर्यटकों के द्वारा प्रयोग कर फेंके गए प्लास्टिक एवं अन्य सामानों को प्रापर तरीके से निरंतर सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे एवं थोड़ी-थोड़ी दूर पर डस्टबिन रखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नदी को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने हेतु जगह-जगह बोर्ड भी लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सीसी टीवी कैमरा भी लगाया जाए, जिससे की निगरानी की जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की जानकारी हेतु एक चेतावनी बोर्ड भी बनवायें, जिसमें लिखें कि आप सीसीटीवी कैमरे की नजर में हैं, पकड़े जाने पर नगर पालिका एक्ट के विभिन्न अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी तथा जुर्माना भी वसूला जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि नदी जिस-जिस ग्राम से होकर गुजरती है, वहां के लोगों को नदी का संरक्षण एवं साफ सुथरा रखने हेतु जन जागरण अभियान भी चलाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया जाए की नदी जीवन दायिनी है, इसे संरक्षित करना एवं साफ सुथरा, स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि नदी का जलस्तर जहां तक बढ़ता है, उसके दो मीटर ऊपर अर्जुन, आम, जामुन, टीक आदि का वृक्षारोपण भी किया जाए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पूरे आश्रम परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्री शेड, मेडिटेशन, हवन पूजन सामग्री, किचन आदि भी बनाए जाने की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर के किनारे सुरक्षा के दृष्टिगत चहारदीवारी एवं बांस के पेड़ों को चारों तरफ बैरिकेट करना सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, डीसी मनरेगा रामउदरेज यादव, खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## 1200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



डीह,रायबरेली। अवैध मादक पदार्थ बिक्री/तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत डीह पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर 1200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को चेकिंग के दौरान 1200 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त आलोक पुत्र संतराम निवासी ग्राम गुलाबराय का पुरवा मजरे आंटी थाना डीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी जितेन्द्र मोहन सरोज ने बताया कि चेकिंग के दौरान अभियुक्त आलोक के संदिग्ध लगने पर जब जमा तलाशी ली गई तो उसके पास से 1200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसके विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार आरक्षी नागेन्द्र चौरसिया,प्रदीप यादव और आरक्षी विनोद यादव की अहम भूमिका रही।

## हत्या का वांछित अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल



महराजगंज,रायबरेली। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लामी मजरे ज्योना गांव में मकान निमार्ण को लेकर 2 पक्षों हौसिला प्रसाद पुत्र रतीपाल निवासी अनवरगंज मजरे ज्योना थाना चंदापुर व रविन्द्र कुमार पुत्र गुरूचरण निवासी पूरे गुरूदत्तसिंह का पुरवा मजरे ज्योना थाना चंदापुर के मध्य मारपीट हुयी थी। जिसमें थाना चंदापुर पर वादिनी सरला देवी पत्नी रविंद्र कुमार की तहरीर के आधार पर मुअ0सं0-33/2025 धारा-117(2)/115(2)/191 (2)/352/351(3) बीएनएस बनाम ,हौसिला प्रसाद आदि 05 नफर अभियुक्त व 04 नफर अभियुक्त अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमे 06.07.2025 को दोनों पक्षों में पुनः मारपीट हुयी, मारपीट में घायल सुनीता पत्नी सौरभ (रविन्द्र उपरोक्त की बहन) की इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गयी। जिस संबंध में मु0अ0सं0-34/2025धारा-191 (2)/191(3) 190/ 109/ 103(1)/351(3) बीएनएस बनाम हौसिला प्रसाद आदि 08 नफर अभियुक्त नामजद व 8-10 लोग अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।विवेचना के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत शुक्रवार 11 जुलाई 25 को थाना चन्दापुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग 34/2025 में धारा-61(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुये वांछित अभियुक्त दीपक सिंह पुत्र राजेश कुमार सिंह निवासी ग्राम जनई थाना चन्दापुर रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।गिरफ्तार करने वाली थाना चन्दापुर पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमारउनि रवि पवार,आ देवेन्द्र कुमार चालक मुआ तारिक अयाज आदि मौजूद रहे।

## रायबरेली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, 3 आरोपी गिरफ्तार



रायबरेली। डलमऊ थाना इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच देर रात हुई मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना गौतमन का पुरवा के पास वाहन चेकिंग के दौरान घटी, जब पुलिस को शक के आधार पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों से सवाल करने का मौका मिला। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी दीपक त्रिपाठी, कन्हैय्या यादव और राकेश यादव पिछले सात तारीख को घूरवारा इलाके में एक महिला का पर्स छीनने के मामले में वांछित थे। देर रात जब पुलिस ने उनके वाहन को रोका, तो उन्होंने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान दीपक त्रिपाठी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि कन्हैय्या और राकेश ने आत्मसमर्पण कर दिया। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है पुलिस की जांच में पता चला है कि तीनों आरोपी पहले भी चोरी, डकैती और अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। इन पर डलमऊ और आसपास के इलाकों में कई केस दर्ज हैं। पुलिस ने घटना स्थल से एक पिस्तौल, कारतूस और छिना हुआ सामान बरामद किया है। एएसपी रायबरेली ने बताया कि आरोपियों की गतिविधियों पर पहले से नजर थी। वाहन चेकिंग के दौरान संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें नियंत्रित किया। इस घटना में पुलिस ने आश्वासन दिया है कि ऐसे आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता का पता लगाया जा रहा है।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जिला कारागार का निरीक्षण



रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता उपलब्धता के सम्बन्ध में व जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण उपरांत महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन महिला बैरक में किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिससे अधिक से अधिक महिला बन्दी लाभान्वित हो सके। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, जेल चिकित्सक डा सुनील अग्रवाल, उपकारापाल धर्मपाल सिंह, उपकारापाल सुमैया परवीन व असिस्टेन्ट लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल योगेश चन्द्र उपस्थित रहे।

# विद्यालय बंदी से बालिकाओं की शिक्षा पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभावः राजेश शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों में मर्जर होने वाले सबसे बडी संख्या वाले विद्यालयों की ग्राम सभाओं में ग्रामवासियों,अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ ब्लाक के पदाधिकारियों ने बैठक की,बैठक में एक स्वर से विद्यालयों के मर्जर पर आक्रोश व्यक्त किया गया।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्यालयों की बंदी से गरीब बच्चों के साथ-साथ बालिकाओं की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है। अध्यक्ष,जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम से नजरंदाज कर दिया गया है। जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि सरकार खुलेआम मनमानी पर आमादा है।जिला कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।महिला अध्यक्ष गीता त्रिपाठी ने कहा कि सरकार शिक्षा का निजीकरण करना चाहती है।जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि संविधान कहता है कि बच्चों को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है।जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी और सुधीर सिंह ने कहा कि विभाग आज मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने पर आमादा है। जनपदीय संगठन मंत्री दिलीप यादव और मनीष पाण्डेय ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय संगठन मंत्री सुजीत चौधरी और राम जी सरोज ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय और सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान संचालित

**कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रमादित्य पाल सिंह के दिशा निर्देश में एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विदित हो कि 66 बटलियन एनसीसी रायबरेली के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रमादित्यपाल सिंह के दिशा निर्देश में एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।उसी क्रम में दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां की एनसीसी यूनिट ने आज वृक्षारोपण अभियान चला कर महाविद्यालय प्रांगण एवं खेल मैदान में वृक्ष लगाए।इस अवसर पर दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पेड़ लगाने से ही संपूर्ण सृष्टि को बचाया जा सकता है। हम सभी प्रण लें कि अधिक से अधिक पेड़ लगायें ओर उनकी सुरक्षा करें । तभी हम सृष्टि को बचा पायेंगें।राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ कल्पना श्रीवास्तव ने कैडेटों को वृक्षारोपण के लिए जागरूक किया।एनसीसी एएनओ कैप्टन डॉ विष्णु चन्द्र और ट्रेनर राहुल चौरसिया ने इस कार्यक्रम का संयोजन किया।कैडेट आकाश, विशाल, संजय अभिषेक, आरती, अंजली,आयुषी, सावनी वंशिका,पलक, कल्पना, निहारिका, साधना, शैलजा आदि ने वृक्षारोपण कार्य किया । इस अवसर पर डॉ साधना त्रिपाठी, डॉ गोपाल कृष्ण, डॉ सत्येंद्र सिंह, विष्णु सिंह, डॉ संदीप सिंह, डॉ बृजेश,डॉ एकता, डॉ लवपाल सिंह, डॉ अनीता पाल, डॉ एन.के साहू, डॉ अमित, डॉ सुब्रता, डॉ रमारश्मि, डॉ भावना, शिवकुमार, प्रवीण, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

# हेड कांस्टेबल ने सरकारी असलहे से खुद को मारी गोली,मौत




**थाना परिसर में स्थित सरकारी आवास में घटना को दिया अंजाम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद ने थाना मेंहनाजपुर में तैनात हेड कांस्टेबल नंदलाल ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में सरकारी असलहे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस पूरे मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि नंदलाल मलखाने में मुंशी के पद पर कार्यरत थे। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में आवास का दरवाजा तोड़ा गया और शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि सुबह 4 से 5 बजे के बीच नंदलाल को कुछ लोगों ने टहलते हुए देखा था। इसके बाद वे अपने कमरे में गए और इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

# महिला की मौत के मामले में पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली । बीते पांच दिन पूर्व चन्दापुर थाना क्षेत्र के लामी चौराहा पर जमीनी विवाद को लेकर हुई हिंसक घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। इस दुखद घटना की सूचना मिलने के बाद आज क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक बछरावां रामलाल अकेला पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुँचे।राम लाल अकेला ने शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में भाजपा सरकार और वे स्वयं हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार और प्रशासन से मिलने वाली हर प्रकार की सहायता पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी।पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा, ल्लयह दुखद घटना हम सभी के लिए पीड़ादायक है। भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। मैं आपका बेटा बनकर आपके साथ खड़ा हूँ और हर प्रकार की सहायता के लिए तत्पर रहूँगा तो वही पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने जमीनी विवाद में जो यह घटना घटी है वह दुर्भाग्यपूर्ण है व ऐसी घटनाओं से सरकार की किरकिरी भी हो रही है मैं राजस्व विभाग के अधिकारियों से व पुलिस विभाग के अधिकारियों से यह मांग करता हू कि दोनों दोनों विभाग के लोग व सक्षम अधिकारियों की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश हो और जो जिसका हो वह ले ले तथा प्रशासन को कठोर से कठोर कदम उठाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ।घटना को लेकर क्षेत्र में शोक का माहौल है और स्थानीय लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले की जांच जारी है।भाजपा नेता व पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि रायबरेली जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह पर पूरा भरोसा है कि वह ऐसे जघन्य अपराध को कारित करने वाले अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे जरूर भेजेंगे और इस विवाद में क्षेत्र के एक दरोगा वा एक सिपाही का शामिल होना पाया जा रहा है। जिसकी चर्चा संपूर्ण क्षेत्र में है वा पीड़ित परिवार भी बयां कर रहा है कि सिपाही व दरोगा अगर समय रहते चेत जाते तो ऐसी घटना ना कारित होती। लामी चौराहे पर जमीनी विवाद में एक महिला की हुई मौत के मामले में पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा जो घटना घटी है वह अत्यंत निंदनयी है। लेकिन इस घटना को जातीय रंग ना दिया जाए। इस घटना में शामिल हर व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। चाहे व किसी भी जाति का हो मैं पुलिस अधीक्षक से यह मांग करता हू कि घटना को कारित करने वाले व षड्यंत्र मे शामिल लोगों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।

# राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के शिब्ली नेशनल कॉलेज आजमगढ़ में राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर अफसर अली ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मिलिट्री साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर मोनिस अब्बास ने आपातकाल पर एक संक्षिप्त विवरण देते हुए किया। संविधान में इससे संबधित प्रावधानों की चर्चा करते हुए बताया कि भारतीय संविधान एक लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे को अपनाता है, लेकिन इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह आपातकालीन परिस्थितियों में एकात्मक रूप धारण कर लेता है। संविधान के भाग ड्ढ्ठक्क्क (अनुच्छेद 352 से 360) में आपातकाल से संबंधित विस्तृत प्रावधान दिए गए हैं। इन प्रावधानों का उद्देश्य ऐसी असाधारण परिस्थितियों में केंद्र सरकार को अधिक अधिकार देना है जब देश की सुरक्षा, शासन या आर्थिक स्थिरता खतरे में हो। अनुच्छेद 352 के विषय में बताया कि यह आपातकाल युद्ध, बाहरी आक्रमण, या सशस्त्र विद्रोह की स्थिति में लगाया जाता है। राष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्रिपरिषद की लिखित सलाह पर, राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर सकते हैं। यह संसद की मंजूरी से पहले एक महीने तक प्रभावी रहता है, और फिर हर छह महीने पर संसद की पुनः स्वीकृति से अनिश्चितकाल तक बढ़ाया जा सकता है। अनुच्छेद 356 के अनुसार यदि किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल हो जाए, अर्थात वहाँ सरकार संविधान के अनुसार नहीं चल पा रही हो, तो राष्ट्रपति उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर सकते हैं। यह निर्णय राज्यपाल की रिपोर्ट या अन्य स्रोतों के आधार पर लिया जाता है। अनुच्छेद 360 में यह वर्णित है कि यदि भारत की आर्थिक स्थिरता या साख को गंभीर खतरा हो, तो राष्ट्रपति वित्तीय आपातकाल घोषित कर सकते हैं। यह अब तक कभी लागू नहीं हुआ है, परंतु इसका प्रावधान संविधान में मौजूद है। विशेष रूप से 1975 में घोषित आपातकाल ने लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर गहरा आघात पहुँचाया। यह अनुच्छेद 352 के तहत 25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सिफारिश पर लगाया गया था। यह भारत का सबसे विवादास्पद और चर्चित आपातकाल था। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने भी खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचारों को व्यक्त किया। एल एल एम की छात्रा कंचन यादव ने कहा कि 1975 का आपातकाल एक अमानवीय एवं दमन करी कार्य था। वहीँ विधि विभाग के छात्र यशवंत सिंह ने कहा कि इसमें संविधान के अनुच्छेद का गलत प्रयोग किया गया था। इनके अतिरिक्त इबरान अंसारी, सुप्रिया श्रीवास्तव, राहुल यादव, मोहम्मद शम्स तबरेज़, आकांक्षा निगम, अल्फ़ाज़ अहमद, मो. शाहिद आदि छात्रों ने कार्यक्रम में अपने विचारों को व्यक्त किया।

# कचहरी में पेशी पर आए युवक और मां-बहन से मारपीट, तीनों गंभीर रूप से घायल

**पहले से घात लगाए बैठे थे विपक्षी, लोग वीडियो बनाते रहे, नहीं किया बचाव**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। कचहरी परिसर में शुक्रवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक, उसकी बहन और मां पर लाठी-डंडों से सरेआम हमला कर दिया गया। हमला उस समय हुआ जब रितेश निवासी मगरवारा मसवासी के यहां बयान देने बहन रूबी और मां कानपुर से उन्नाव पुराने केस की तारीख पर कचहरी बयान दर्ज कराने पहुंची थी। तभी पहले से मौजूद विपक्षी पक्ष के लोगों ने तीनों को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। कचहरी परिसर में हमले की यह घटना दर्जनों लोगों के सामने हुई, लेकिन कोई मदद को आगे नहीं आया। लोग सिर्फ वीडियो बनाते रहे, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हमले में रितेश और दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी आशीष शर्मा मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहा था। मना करने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमलावरों ने लात-घूंसे और लाठियों से बुरी तरह पीटा। घटना की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रितेश, रूबी और उनकी मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आपको बताते कि सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। वीडियो के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने पुलिस और प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री के पिता पूर्व सांसद कुंवर आनंद सिंह को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

**शुक्रवार को सीएम योगी गोरखपुर से राजकीय हेलीकॉप्टर से मनकापुर के आर.पी इंटर कालेज में बने हेलीपैड पर उतरे और कार से मनकापुर कोट पहुंचे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मुख्यमंत्री योगीआदित्य नाथ केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के पिता व पूर्व सांसद राजाकुंवर आनंद सिंह के निधन पर शुक्रवार को मनकापुर कोट पहुंचे और दिवंगत राजा आनंद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने राजा भैया व परिवार के अन्य सदस्यों से मुला कात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और सभी का कु शल क्षेम जाना।

सीएम योगी करीब आधे घंटे से ऊप र तक मनकापुर कोट में रहे।इसके बाद वह ल खनऊ के लिए रवाना हो गए।मनकापुर रियास त के राजा कुंवर आनंद सिंह का सात जुलाई को निधन हो गया था।सियासत में यूपी टाइगर के नाम से पहचान बनाने वाले राजा आनंद सिं ह की गिनती जिले के सबसे कद्दावर नेताओं में होती थी।वह कांग्रेस पार्टी से चार बार सांसद रहे।तीन बार वह प्रदेश की विधानसभा पहुंचे और सपा सरकार में कृषि मंत्री भी रहे।जिले की राजनीति में वह प्रभावशाली चेहरा माने जाते थे।उनके निधन पर जिले सहित पूरे अवध क्षेत्र में शोक की लहर है और शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है।

शुक्रवार को सीएम योगी गोरखपुर से राजकीय हेलीकॉप्टर से मनकापुर के आर.पी इंटर कालेज में बने हेलीपैड पर उतरे और कार से मनकापुर कोट पहुंचे।वहां उन्होने राजा आनंद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यों को याद किया।सीएम ने केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया से मुलाकात कर राजा आनंद सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया और उन्हे सांत्वना दी।सीएम योगी करीब 40 मिनट तक मनका पुर कोट में रहे।इसके बाद वह सीधे लखनऊ के लिए रवाना हो गए।इस दौरान जिला पंचाय त अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा,विधान परिषद सद स्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह,मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी, गौरा विधायक प्रभात वर्मा,तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, कर नैलगंज विधायक अजय सिंह,उतरौला विधाय क राम प्रताप वर्मा समेत अन्य कई जन प्रति निधि मौजूद रहे।मनकापुर पहुंचे सीएम योगी मीडिया से दूर रहे।

उन्होंने किसी भी प्रकार की मीडिया बातचीत से परहेज किया।मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सुबह 11:45 बजे मनकापुर स्थित आरपी इंटर कॉलेज मैदान में उतरा।वहां से वह सीधे मनकापुर कोट पहुंचे और शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात की है।मुख्यमंत्री की उपस्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा।मुख्यमंत्री का यह दौरा पूरी तरह निजी और संवेदनात्मक रहा,जिसमें उन्होंने राजपरिवार के प्रति अपनी आत्मीयता और संवेदना प्रकट की।मुख्यमंत्री के साथ कोई राजनीतिक वक्तव्य या जनसंपर्क नहीं किया गया,जिससे साफ झलकता है कि यह यात्रा केवल शोक संवेदना व्यक्त करने तक सीमित रही।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में मंडलीय प्रशिक्षण एवं क्रिया न्वयन समिति की बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित हुई।बैठक में वर्ष 2024-25 की प्रशिक्षण प्रगति की समीक्षा की गई।साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ।भारत सरकार द्वारा इम्पैन ल्ड नौ प्रशिक्षण संस्थानों का आरसीए योजना के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण हेतु चयन पर चर्चा की गई।उपनिदेशक पंचायतीराज ने आयु क्त की अध्यक्षता में प्रशिक्षण के कार्ययोजना की प्रस्तुतीकरण एवं उनका मूल्यांकन करते हुए संस्थाओं के चयन प्रक्रिया पूर्ण करने की चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के माध्यम से 11 प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा।जिले में पंचायत रिसोर्स सेंटर में जरूरी सामग्री खरी द के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली। उपनिदेश क पंचायतीराज ने बताया कि एजेंसियों का चयन निर्धारित मानकों के आधार पर होगा। मंडलायुक्त ने कहा कि तकनीकी और कौशल विकास पंचायत सशक्तिकरण का आधार है। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।इस अवसर संयुक्त विकास आयुक्त सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण गण उपस्थित रहे।

# आरएसएस कार्यकर्ता की मौत पर सात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**आरएसएस कार्यकर्ता अविनाश की मौत के खुलासे के लिए लगाई गईं पुलिस की पांच टीमें**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले क़े धानेपुर थाना क्षेत्र में देवरहना के आरएसएस कार्यकर्ता की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर किया है।एसओजी सहित कुल पांच टीमें मामले की जांच कर रही है।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने बताया किपोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटी मार्टम हैंगिंग आया है, फिर भी विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।धानेपुर थाना क्षेत्र के देवरहना गांव के रहने वाले आरएसएस कार्यकर्ता अविनाश मिश्रा का शव बुधवार को घर के पीछे कुछ दूरी पर स्थित एक शीशम के पेड़ के नीचे पाया गया था। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा था।बुधवार को पोस्टमार्ट म के बाद शव पहुंचने पर घर परिवार में एक बार फिर कोहराम मच गया था।कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस ने अंतिम संस्कार कराया।मृतक के पिता कमल प्रसाद मिश्र के मुताबिक सोमवार की रात को उनका लड़का अविनाश मिश्र खाना खाकर लेट गया था और घर पर बिना बताए शाखा कार्य के लिए जाया करता था।मंगलवार को अपराह्न में सूचना मिल ती उनके लड़के का शव घर के पीछे पड़ा हुआ है।इस दौरान वह गोंडा में थे,बताया कि अपनी वकील बेटे अवधेश कुमार मिश्रा के साथ भाग कर गोंडा से घर आया और जाकर देखा कि लाश पड़ी है।उसकी पहचान की।आरोप लगा या है कि पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मिलकर उसके बेटे की हत्या कर शव फेंक दिया गया है।पीड़ित के मुताबिक इससे पहले भी विपक्षीगण भूमि विवाद को ले कर उसके बेटे पर हमला कर चुके हैं।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटी मार्टम हैंगिंग आया है।दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है।एसओजी सहित पांच टीमों को घटना का पर्दाफाश करने के लिए लगाया गया है।जिस पर टीमें काम कर रहीं हैं।जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जायेगा।प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर द्वारिका प्रसाद,अभिषेक कुमार, भगौती प्रसाद,लालमनि,अजय कुमार व संजय कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा या गया है और जांच की जा रही है।

## सीएम डैशबोर्ड की ओवरआल रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में मिला 9वां स्थान



बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सघन समीक्षा एवं पर्यवेक्षण के फलस्वरूप शासन द्वारा माह जून के लिए जारी की गई सी.एम. डैशबोर्ड की ओवरआल रैंकिंग में जनपद बहराइच को प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि राजस्व, विद्युत, कृषि, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन व उद्योग विभाग द्वारा शत-प्रतिशत अंक अर्जित करने के परिणामस्वरूप ओवर आल रैंकिंग में जिले को 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। यदि राजस्व विभाग की बात की जाय तो जनपद को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। डीएम ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विभागों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसी स्तर को बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। जबकि अपेक्षाकृत कम अंक अर्जित करने वाले विभागों को निर्देश दिया है कि प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाये ताकि भविष्य में जनपद को प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त हो।

## यशमय पब्लिक स्कूल क़े प्रिंसिपल को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**किसी को शिक्षा से रोकना कानून के खिलाफ: हाई कोर्ट**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। आरटीई क़े तहत चयनित बच्चे को स्कूलन बैठा ने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यशमय पब्लिक स्कूल क़े प्रिंसिपल को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार है।बच्चे को तुरं त प्रवेश देकर कक्षा में बैठाने का आदेश दिया है।पूरा मामला सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम गिर्द गोंडा में रहने वाले विनय कुमार वर्मा ने 17 जून 2025 को उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा कि उनके पुत्र रुद्र वर्मा को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत यशमय पब्लिक स्कूल में प्रवेश मिला था।मगर स्कूल के प्रिंसिप ल ने रुद्र को यशमय में पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करने से रोक दिया।बीएसए के आदेश और चे तावनी के बावजूद स्कूल द्वारा रुद्र को कक्षा में नहीं बैठने दिया गया।सुनवाई के दौरान न्याय मूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने कहा कि जब एक बच्चे को शिक्षा का अधिकार अधिनि यम के तहत प्रवेश मिल चुका है,तो स्कूल द्वारा उसे कक्षा में न बैठने देना उचित नहीं है।अदाल त ने याचिका को स्वीकार करते हुए आदेश दि या कि रुद्र वर्मा को स्कूल में पढ़ाई करने की अ नुमति दी जाए।साथ ही अदालत ने कहा कि य दि आदेश का पालन नहीं हुआ,तो प्रधानाचार्य को व्यक्तिगत रूप से अदालत की अवमानना का दोषी माना जाएगा और उनके खिलाफ स ख्त कार्रवाई की जाएगी।

# क्रिटिकल गैप योजनान्तर्गत गौशालाओं में स्थापित होंगी सोलर लाईटें, बाउण्ड्रीवाल का होगा निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। क्रिटिकल्स गैप योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत शासन द्वारा रू. 02.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है। योजनान्तर्गत उपलब्ध धनराशि रू. 1.40 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों तथा रू. 60 लाख की धनराशि शहरी क्षेत्र के विकास में व्यय की जायेगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गौआश्रय स्थलों में रू. 1.40 लाख की लागत से 03-03 के.वी.ए. क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना तथा बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को स्टीमेट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्र अन्तर्गत क्रिटिकल गैप मद में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष रू. 40 लाख की लागत से जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है।डीएम मोनिका रानी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम को निर्देश दिया कि क्रिटिकल गैप योजनान्तर्गत 2022-23 व 2023-24 में कराये गये कार्यो का उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायें। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत अपने अपने क्षेत्र के गडढो और तालाबों में गहरे पानी का संकेतांक लगवा दें ताकि अप्रिय घटना से बचा जा सके। बीडीओ को निर्देश दिया गया कि श्रावण मास के दौरान कावड़ यात्रा के मद्देनज़र मन्दिरों, घाटों व मार्गों की समुचित साफ-सफाई, प्रकाश तथा बैरिकेटिंग इत्यादि के बेहतर प्रबन्ध किये जायें। कावड़ मार्गों पर यदि कहीं पर जलभराव की स्थिति हो तो उसे भी दुरूस्त करा दिया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान का आगमन आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग उ.प्र. के सदस्य भिछु शीलरतन प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्राट अशोक राहुल बुद्ध बिहार चन्देलाकला इमामगंज बाजार/वर्धाबाजार बहराइच पहुंचकर बुद्ध प्रवचन एवं धम्म देशना कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा अतिथि का सम्बोधन भी होगा। कार्यक्रम के उपरान्त मा. सदस्य श्री शीलरतन अपरान्ह 03:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगें। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी/वीआईपी ने दी है।

# करनैलगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना में चल रहा है लूट का खेल ! जिम्मेदार खामोश

**अल्लीपुर गोकुला,बरदहा,मलौलीं, लाले मऊ नारायणपुर साल में बड़े पैमाने पर मनरेगा में की जा रही धांधली**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के करनैलगंज ब्लॉक की ग्रामअल्लीपुर गोकुला ,बरदहा, मलौलीं, लालेमऊ में इन वीडियो, एपीओ,और तकनीकी सहायक कि छत्रछाया में इन दिनों मनरेगा में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है।यहां फ र्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की लूट की जा रही है।वह भी डंके की चोट पर।सबसे बड़ी बात तो यह है कि मनरेगा में धांधली की तमाम शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिका री कुंभर्णी की नींद में सो रहे हैं और कार्रवाई करने के बजाय खाना पूर्ति कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं लेकिन उनके ही प्रदेश में गोंडा जिले के करनैलगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है।

इस खेल में जिम्मेदार अधि कारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है।जिले के करनैलगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में रोजा ना कोई न कोई नया मामला देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत नकार का है।नकार ग्राम पंचायत में कागज पर 115 श्र मिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।अ धिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यों का आंक लन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।ऐसे हीचगेरिया ग्राम पंचायत में भी कार्य स्थल पर जि स प्रकार से काम कराया जा रहा है,उसे देख क र ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्र मिक दिन भर में कितना काम कर रहा है।

यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।फर्जी मस्टर रोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।ग्राम पंचायत नकार में श्रीराम क़े घर व राम पाल क़े घर क़े सामने तलाब खुदाई का कार्य कागजों में चल रहा है।इस कार्य पर रोजाना 115,श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।इसी तरह पूरे अल्लीपुर गोकुला में ललित राम के खेत के बगल तालाब खुदाई सफाई का र्य के लिए 142 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है लेकिन धरातल की वास्तविकता चौंकाने वा ली है।हैरत की बात यह है कि कार्य का सत्याप न करने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच

मंडलायुक्त मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टी म गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने सीडीओ को सुनाई समस्या, निराकरण करने का दिया निर्देश

गोरखपुर। विकासखंड सहजनवा के ग्राम पंचायत पकड़ी में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कुल 32 शिकायतें सीडीओ के समक्ष आईं।जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल विकासखंड सहजनवा के ग्राम पंचायत पकड़ी में मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी की अध्यक्षता में 32 ग्राम वासियों ने अपनी अपनी समस्या को सीडीओ महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, सुलभ शौचालय, नाली ,वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, नया फैमिली आईडी कार्ड ,जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की मांग किया ग्राम पंचायत पकड़ी की संतुला ,जयप्रकाश, लक्ष्मी, संगीता, पुष्पा, शांति, जयंती, झींनक,लाल जी, चंदा, सुनीता, अनुष्का ,आराध्य ,दिव्यांश, रविंदर, मुनिता ,नितेश ,रंजीत, प्रभावती ने प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास सुलभ शौचालय नाली वृद्धा पेंशन राशन कार्ड नया फैमिली आईडी कार्ड जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की सभी प्रार्थना पत्रों को मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को देकर कहा कि आज चौपाल में आए हुए प्रार्थना पत्रों का एक हफ्ते के अंदर आवास, शौचालय, नाली, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड , फैमिली आईडी, कार्ड जन्म प्रमाण पत्रों का निस्तारण हो जाना चाहिए । मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने ग्रामीणों से कहा कि आवास शौचालय नाली वृद्धा पेंशन राशन कार्ड फैमिली कार्ड जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए चौपाल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें जिससे उनके समस्याओं का समाधान एक हफ्ते के अंदर कर दिया जाए।चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को नाली, खड़ंजा, आवास, शौचालय, मनरेगा, पशुपालन के साथ कृषि तकनीकी पर विशेष सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। कहा कि चौपाल के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लें।

## आयुक्त ने शिकायतकर्ता को लगाया फोन पूछा क्या आप निस्तारण से संतुष्ट है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन मंडलायुक्त ने आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के संबंध में शिकायत कर्ताओं से वार्ता कर शिकायतों के निस्तारण को लेकर फीडबैक लिया।उन्होंने कार्यालय में बैठकर बारी-बारी से कई निस्तारित शिकायतों के शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर प्रतिक्रिया ली।उन्होंने विपरीत फीडबैक मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, साथ ही शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य की जाए। शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। यदि कोई शिकायत निस्तारण के योग्य ना हो तो शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसे संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए।किसी भी शिकायत पर गलत रिपोर्ट हरगिज न लगाई जाए।शासन स्तर से आईजी आरएस की प्रतिदिन समीक्षा होती है। अतः इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। देवीपाटन मंडल विगत माह आईजीआरएस की रैंकिंग में प्रथम स्थान पर आया है। अब हम सब की जिम्मेदारी है कि इसे पहले स्थान पर ही कायम रखा जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत को डिफाल्टर होने से पहले ही समय से निस्तारित कर दिया जाए। साथ ही कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस एवं जनता दर्शन में अधिक से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया जाए जिससे कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि सभी पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाए। लाभ न मिलने के कारण भी कई शिकायतें प्राप्त होती हैं अतः हम सभी को शासन की योजनाओं को धरातल पर पहुंचा कर पूरे मंडल को संतृप्त करना है।

## भटहट में विद्यालयों का मर्जर गैरकानूनी: नरेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार इनदिनों 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मर्जर नजदीकी विद्यालय पर किया जा रहा है । परन्तु खण्ड शिक्षा अधिकारी भटहट द्वारा नियमविरुद्ध तरीके से एक संकुल से दूसरे संकुल पर विद्यालय का मर्जर कर दिया गया है जिसकी दूरी 3 किलोमीटर है जबकि मात्र 300 मीटर की भी दूरी पर विद्यालय है स्थित है जिसपर मर्जर किया जा सकता था ।उक्त बातें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद गोरखपुर के ब्लाक इकाई भटहट अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय चिउटहा पर शिक्षक-अभिभावक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा । ब्लाक मंत्री जितेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि विद्यालय रिकार्ड के अनुसार प्रेरणा एप पर गत वर्ष छात्र संख्या 51 अंकित है , सभी बच्चों का आधार नही होने के कारण उ डायस पर छात्र संख्या 35 दर्ज है जिसे आधार बना कर शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय चिउटहा का मर्जर तीन किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय भलुही पर कर दिया गया है । जबकि वर्तमान सत्र में छात्र संख्या 58 हो गया है जबकि मर्जर का आंकड़ा 50 से कम छात्र संख्या है । इतना ही नही इसी विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय आबादी सखनी भैरवा का मर्जर कम्पोजिट विद्यालय पिपरी कर दिया गया है जबकि गत वर्ष उ डायस पर नामांकन 59 था और वर्तमान सत्र में भी नामांकन 55 है फिर भी नियमविरुद्ध मर्जर कर दिया गया । बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकिशुन गुप्ता,उपाध्यक्षगण मदन तिवारी, अनिल कुमार पांडेय द्वितीय मनोज कुमार,मीडिया प्रभारी रमेश मणि त्रिपाठी, संयुक्तगण मंत्री सुरेंद्र सिंह पुण्डरीक्ष पाण्डेय,मुकेश कुमार,सत्येंद्र समेत अन्य लोग माजूद रहे।

# सीडीओ के निरीक्षण में भेटुआ के बीडीओ एडीओ पंचायत और सीएचसी अधीक्षक मिले अनुपस्थित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शुक्रवार को विकास खण्ड भेटुआ के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी छत्रपाल सिंह तथा सीएचसी पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय भेटुआ में उपस्थिति पंजिका के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि मनरेगा से संबद्ध एपीओ केदार प्रसाद, तकनीकी सहायक अजय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, एवं अंशुमान विक्रम सिंह द्वारा उपस्थिति पंजिका में न तो हस्ताक्षर किये गये थे और न ही टूर अथवा स्थलीय भ्रमण का कोई उल्लेख किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि उक्त कर्मी कार्यालय में अनुपस्थित थे। इस पर उपयुक्त श्रम एवं रोजगार अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर शीघ्र प्रस्तुत करें। इसी क्रम में सफाई कर्मी दिनेश कुमार जायसवाल एवं एडीओ पंचायत गुलाबचंद भी अनुपस्थित पाये गये।इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इन कर्मियों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर तत्काल प्रस्तुत करें, साथ ही कारण स्पष्ट किया जाय कि वे बिना किसी उच्चाधिकारी की अनुमति के क्यों अनुपस्थित रहे। कार्यालय परिसर में साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई तथा कर्मचारियों की पटल मेजों पर नाम पट्टिकाएं और पटल का विवरण भी अंकित नहीं पाया गया अधिकांश कर्मियों द्वारा आईडी कार्ड भी धारण नही किया गया था। इस पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सभी पाई गई कमियों को तत्काल दूर करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, एवं भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो यह सुनिश्चित करें।इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सीएचसी भेटुआ निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित थे परंतु स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई।सीएमओ को निर्देशित किया गया कि इस विषय में संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुये कमियों का शीघ्र निराकरण करें।ओपीडी कक्ष का निरीक्षण करते समय चिकित्सक द्वारा बताया गया कि अब तक नब्बे मरीजों की ओपीडी की जा चुकी है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित किया जाए तथा सभी पात्र लाभार्थियों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया जाए। सीएचसी भेटुआ के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में यह पाया गया कि गायत्री सिंह द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया था, जबकि समय मध्याह्न बारह बज चुके थे। इसके अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक द्वारा भी उपस्थिति का सत्यापन पंजिका में नहीं किया गया था। इस पर संबंधित को निर्देशित किया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के अंत में स्पष्ट रूप से कहा कि शासकीय कार्यालयों में कार्य व्यवस्था, उपस्थिति व अनुशासन को प्राथमिकता दी जाय। सीडीओ द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी कमियों का त्वरित निस्तारण करते हुए तीन दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करें।

# एवियांश ग्रुप का एमडी हुआ गिरफ्तार करोड़ों की हेराफ़ेरी में रहा वांछित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। गुरुवार को कूरेभार व लखनऊ पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में किसान मोर्चा का कार्यालय प्रभारी और एवियाश ग्रुप का कथित मैनेजिंग डायरेक्टर पुलिस के हत्थे चढ़ गया।जिसकी पुलिस को काफी दिनों से तलाश रही।दोनों भाइयों परब करोड़ों की हेरा फ़ेरी का आरोप है।इसका बड़ा भाई पहले भी जेल चुका है।

कूरेभार थाना क्षेत्र के एक गांव के सामान्य घर से निकलकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे दो भाइयों ने मिलकर लखनऊ में फर्जी संस्था ,कार्यालय बनाकर आमजनों को जमीन बेचने के नाम पर लोगो से करोड़ों रुपए का वारा न्यारा कर दिया।पीड़ित की शिकायत पर पुलिसिया जांच में इनकी काली कमाई और करतूतों की परत दर परत पोल खुल गई। जानकारी के अनुसार कूरेभार के पटना निवासी संजय वर्मा और इसके भाई संदीप वर्मा ने मिलकर खुद को एवियंश ग्रुप का मैनेजिंग डायरेक्टर बताकर लोगों से जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों रूपये ठगी को अंजाम दिया ।पुलिस ने मुख्य आरोपी संजय वर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।और इसके छोटे भाई की तलाश में जुटी थी।गुरुवार को

कूरेभार थाने और लखनऊ पुलिस की संयुक्त टीम ने किसान मोर्चा के कथित कार्यालय प्रभारी संदीप पटेल को थाना क्षेत्र के पटना से गिरफ्तार कर लिया।

**अधिकारियों के संग फर्जी फोटो शूट कर कर रहे थे ठगीः**

गुरुवार को गिरफ्तार किसान मोर्चा के कार्यालय प्रभारी संदीप पटेल और इसके मास्टर माइंड भाई संजय वर्मा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिकारियों के साथ खुद की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर लगाकर लोगों से जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों रुपए ठगी का कारोबार कर रहे थे। जिसके चलते कुछ सालों में वह करोड़पति बन गए। काफी दिनों तक यह अपनी करतूत से न्यायपालिका और पुलिस अधिकारियों को भी झांसे में लिए रहे ।

# मोबाइल में फोटो खींचकर ले जा रहे एक्सरे रिपोर्ट,नही निकल रहा प्रिंट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। स्वशासी राजकीय चिकित्सालय में भले ही करोड़ों खरबों रुपए खर्च करके 600 बेड मरीजों के लिए तैयार हुआ है लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ सेवा की गाड़ी बेपटरी हो जा रही। थके मन से कार्य करने वाले अफसर भी इस समस्सया से अंजान हैं।नतीजन दर्जनों मरीज को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। कुछ मरीजों को एंड्रॉयड फोन से फोटो खींचकर रिपोर्ट दी रही। जबकि फ़िल्म नही निकलने से दर्जनों मरीज परेशान हैं। दुर्घटना में घायल होने वाले अस्थि रोग से संबंधित पेशेंट जब एक्सरे रूम में जा रहा है । तो वहां पर एक्सरे का प्रिंट नही निकल रहा। बताया जा रहा है कि मशीन में एक बार फिर से फाल्ट आ गई है।इसके पहले भी कई बार तकनीकी खामियों के चलते सुदूर क्षेत्रों से आए हुए मरीजों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा है ।इस बाबत प्राचार्य महोदय ने बताया कि मामले की जानकारी करके बताते हैं । जब दोबारा फोन किया गया तो उन्होंने खबर को प्रमाणिक बताया कहा कि तकनीकी फाल्ट आ जाने के कारण यह समस्या आई है । शीघ्र ही उसे दुरुस्त करवाया जाएगा।

# परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता का कराया जाय परीक्षण : जिलाधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा के अन्तर्गत समेकित शिक्षा में वर्ष 2025-26 में भी विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की दिव्यांगता का आंकलन कर दिव्यांगत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से मेडिकल एसेसमेंट कैम्पों के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे दिव्यांग बच्चों के लिए ब्लॉक पर मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे। कैंपों में स्कूली बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया जाएगा।जिलाधिकारी ने चिकित्सा, शिक्षा,विकास विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। इस बार बेसिक शिक्षा विभाग के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों, माध्यमिक शिक्षा के छात्र-छात्राओं की भी दिव्यांगता का परीक्षण इन कैंपों में किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कैंप में अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को प्रतिभाग कराया जाए। जिलाधिकारी ने सीएमओ, सीएमएस, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिए कि उन्हीं चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाए जो अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र जारी कर सके। जिले के प्रत्येक विकासखंड स्तर पर दिव्यांग कैंप लगाए जाएंगे। कैंपों में दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण कर उसके प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इसका रोस्टर जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र श्रीवास, सीएमओ डॉ आलोक शर्मा,सीएमएस,प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, बीएसए अमित कुमार सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला समन्वयक राकेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सीएमओ के आदेश की धज्जियां उड़ाते एमओआईसी

पीलीभीत।मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा ने कुछ दिन पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में एक आदेश जारी किया था। उस आदेश में साफ–साफ लिखा था।कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात एएनएम को हटाकर उनको रिक्त उपकेन्द्रों पर तैनात कर दिया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हो रहे टीकाकरण की जिम्मेदारी वहां पर तैनात स्टाफ नर्स को दी जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया था। कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीन जो उपकेंद्र रिक्त हैं। अथवा मातृत्व या चिकित्साय अवकाश के कारण उपकेंद्र रिक्त हैं। तो रिक्त उपकेंद्र का चार्ज एलएचबी को दिया जाए और एलएचबी के द्वारा टीकाकरण कराया जाए। इस आदेश में किसी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन आदेश जारी हुए कई सप्ताह बीत गए अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर उपकेंद्र रिक्त हैं। जहां पर जहां कोई भी एएनएम तैनात नहीं है। जिससे गर्भवती महिलाओं को टीका करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश का पालन नहीं हुआ है।

## गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में वांछित पंकज कुमार सिंह उर्फ राजू पुत्र शिव सिंह निवासी कनपुरिया मददूपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष व अंकित पासी उर्फ संतोष पुत्र जयलाल निवासी खानापुर चपरा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों का एक सक्रिय गैंग है जिसका गैंग लीडर पंकज सिंह उर्फ राजू है।गिरफ्तार युवकों के विरुद्ध जनपद अमेठी के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, वाहन चोरी, मारपीट,अवैध शस्त्र निर्माण हेतु फैक्ट्री चलाने एवं अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## मेड तोड़ डालने पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव पूरे जहान मजरे पिपरी अहमदाबाद में खेत की मेड तोड़ डालने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे जहान मजरे पिपरी अहमदाबाद निवासी सुरेश कुमार पुत्र संत राम ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि नौ जुलाई को अपने चक गाटा संख्या छप्पन की लेखपाल वा कानूनगो व पुलिस फोर्स द्वारा पैमाइश की गई थी जिन पर उसने मेड बांध लिया गया था लेकिन विपक्षी राम प्रसाद, सुनील कुमार समेत दो अन्य लोगों द्वारा मेड को तोड़ने लगे जब उसने मना किया तो उसी दिन शाम लगभग पांच बजे मेरी पत्नी पूजा व मेरे पिता संतराम को लाठी डंडों से मारने लगे जिससे मेरी पत्नी व पिता को चोट आ गयी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

## अर्थदंड की पांच रसीद लेकर गायब हुए निलंबित रीडर, मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद न्यायाधीश के पूर्व रीडर फैज आलम पर सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। अर्थ दंड की पांच रसीद बुक 4 महीने से गायब है। आरोप है कि उक्त रसीद बाह्य न्यायालय सिविल जज (अवर खंड) मुसाफिरखाना कार्यालय के उपयोग के लिए न्यायालय कर्मी फैज आलम ने पुस्तकालय अनुभाग सुल्तानपुर से 17.03.2025 को प्राप्त किया है, परंतु उक्त रसीद उन्होंने सिविल जज के अहलमद आबिद हुसैन को प्राप्त नहीं कराई। अब रसीद कहीं नहीं मिल रही है। ना ही उसका कहीं प्रयोग ही हुआ है, उक्त रसीद की प्राप्ति के लिए अवर खंड मुसाफिरखाना न्यायालय के पीठासीन अधिकारी ने जिलाजज को अवगत कराया। डीजे के आदेश पर कई बार नोटिस जारी की, परंतु फैज आलम ना तो नोटिस प्राप्त किए और ना ही स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर रसीद मुहैया कराई। बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे फैज आलम को 6 जून 2025 को मुसाफिरखाना सिविल जज न्यायालय से निलंबित करते हुए न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 3 से संबद्ध कर दिया गया। इस आशय का पत्र उनके निवास करोमी भेजा गया। उनके घर जाकर उनकी तलाश की गई, फिर भी उनका कुछ अता पता नहीं चला। तहरीर के मुताबिक, फैज आलम के भाई ने बताया कि वे काफ़ी दिनों से बाहर हैं, कहां हैं क़ब आएंगे कुछ पता नहीं। इसके बाद रसीद के दुरुपयोग की संभावनाओं को देखते हुए प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुख्य न्यायाधीश कार्यालय अनिल कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर नगर कोतवाली में 09.07.2025 को मुकदमा दर्ज कराया गया है। बता दे कि, मुसाफिरखाना सिविल जज की कोर्ट में तैनाती के पूर्व फैज आलम जनपद न्यायाधीश के कोर्ट नंबर 17 में बतौर रीडर वर्षों तक तैनात रहे।

## एआरटीओ ने अनाधिकृत स्कूली वाहनों एवं ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों के खिलाफ चलाया गया चेकिंग अभियान पांच वाहनों को किया सीज

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा बीसलपुर रोड एवं बरेली रोड पर अनाधिकृत स्कूल वाहनों एवं ओवरलोडिंग में संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मार्ग से गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान एक टेंपो जिसकी फिटनेस एवं परमिट वैधता समाप्त हो चुकी थी। टैक्स जमा नहीं था। एवं अत्यंत जर्जर स्थिति में था वह 12 स्कूली बच्चों का परिवहन करता पाया गया जिस पर उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना बरखेड़ा में उसको सीज कर दिया गया। इसी प्रकार दो ईको वाहनें जोकि निजी प्रयोग हेतु पंजीकृत थी किंतु वाहनों का व्यवसायिक प्रयोग करते हुए स्कूली बच्चों का परिवहन करती पाई गई तथा वाहनों में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे भी बैठे हुए थे जिस पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनको भी थाना बरखेड़ा में सीज कर दिया गया।इसके अतिरिक्त एक भार वाहन जिसकी फिटनेस एवं परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी थी। मार्ग पर संचालित होते पाया गया तथा दो अन्य भार वाहन अपनी निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते हुए पाए गए। परमिट शर्तों का उल्लंघन एवं अनुमन्य क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते पाए जाने के अभियोग में इन तीनों माल वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनका ललोडीखेड़ा पुलिस चैकी में सीज कर दिया गया। परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध की गई की गई प्रवर्तन कार्यवाही से 1.98 लाख रुपये प्रसमन शुल्क अधिरोपित किया गया।एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के सभी स्कूल प्रबंधन को एवं स्कूली बच्चों के अभिभावकों से अपील की गई की अपने बच्चों को असुरक्षित वाहनों से स्कूल आवागमन ना करायें। बच्चों को सुरक्षा मानक पूर्ण करने वाले स्कूल वाहनों में ही स्कूल भेजें।

## अस्पताल के बाथरूम में नहा रही युवती का बनाया अश्लील वीडियो पुलिस से की शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के एस के अस्पताल के डिलीवरी बॉय ने अस्पताल के बाथरूम मे नहा रही युवती का अश्लील वीडियो बनाकर अश्लील टिप्पणी की बरखेड़ा थाना क्षेत्र की 22 वर्षीय युवती अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए अस्पताल में रुकी हुई थी। शुक्रवार सुबह युवती जब बाथरूम में नहा रही थी।तब पार्सल डिलीवरी कर्मी ने बगल के बाथरूम से उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। युवती को जब इसका पता चला तो उसने शोर मचाया और परिजनों को सूचित किया घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया घटना के बाद बजरंग दल सहित कई हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बजरंग दल के सक्रिय सदस्य अमित गुप्ता ने कहा कि यह जिहादी मानसिकता का उदाहरण है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर सारथी वाहन का शुभारम्भ ।रैली एवं गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। विश्व जनसख्ंया दिवसल्ल के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 आलोक कुमार ने कार्यालय से दो सारथी वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सारथी वाहन को गुब्बारों एवं परिवार नियोजन से सम्बन्धित बैनरों से सजाया गया था। उक्त वाहन नगर क्षेत्र के सभी मोहल्लों में जाकर जनसंख्या दिवस अभियान के विषय में प्रचार-प्रसार करेंगें एवं जनमानस को जागरूक करेंगें। जनपद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित ल्लसारथी वाहनङ्क में परिवार नियोजन की रोचक थीम पर गीतों एवं पम्पलेट वितरित कर लोगों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाकर अपने परिवार को सीमित रखने के लिये प्रेरित किया जायेगा। शहरी एवं ग्रामीण आशा बहनों द्वारा सारथी वाहन के माध्यम से इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधनों को भी वितरित किया जायेगा। इस अवसर पर नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, पुराना अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार एवं स्थानीय सभासद निजाकत अली द्वारा फीता काट विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें नगर क्षेत्र की आशा बहुओं के साथ-साथ क्षेत्र की नव-विवाहित बहुओं ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार द्वारा लोगों को परिवार नियोजन का अर्थ, आवश्यकता एवं विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया गया कि जनपद में विश्व जनसख्ंया दिवस अभियान का आयोजन जनपद की समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। इस दौरान सभी चिकित्सा इकाईयों पर परिवार नियोजन परामर्श एवं सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा व इसके लिये एक अलग से काउन्टर की भी व्यवस्था की गयी है। उनके द्वारा बताया गया कि इस बार जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का स्लोगन है ल्लमॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सहील्ल।

नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के नोडल अधिकारी डॉ आलमगीर ने बताया कि एक स्वस्थ मॉ ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है और स्वस्थ बच्चा ही भारत का स्वस्थ नागरिक बन सकता है, जो देशहित में अपना सम्पूर्ण योगदान दे सकता है। नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, पुराना चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इमरान द्वारा बताया गया कि आज के समय में परिवार नियोजन की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है जिसको अपनाकर हम अपने देश की जनसंख्या को नियनत्रित कर सकते हैं इससे देश में जनसंख्या स्थिरता आ सकती है और परिवार एवं राष्ट्र की खुशहाली को बल मिलेगा। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता श्री नितिन गंगवार द्वारा गर्भधारण होने पर लगने वाले टीकों एवं 04 जॉचों के विषय में विस्तार से बताया गया। गर्भधारण के समय महिला को संतुलित आहार, मौसमी फल, दालें, गुड एवं चने का सेवन करना चाहिये।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी कादीपुर ने कार्यभार किया ग्रहण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कादीपुर /सुल्तानपुर। दो दिवस पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता द्वारा अनेकों विकास खण्ड के कई खंड शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया था। प्रतापपुर कमैंचा के खंड शिक्षा अधिकारी उदय राज मौर्य का स्थानांतरण कादीपुर किया गया था। नवीन तैनाती स्थल पर शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने अपना कार्य भार ग्रहण किया। बी आर सी कादीपुर पहुंचने पर उनका फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया।श्री मौर्य अपने विकास खण्ड में निपुण भारत अभियान को सफल बनाने, मिशन कायाकल्प और शिक्षकों के बीच अच्छे सामंजस्य के लिए जाने जाते हैं। शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण में वे अग्रणी भूमिका में नजर आते हैं।बातचीत में कई शिक्षकों ने बी ई ओ की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के उन्नयन के लिए श्री मौर्य का हमेशा सहयोग मिलता रहा है। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों के मध्य बी ई ओ उदय राज मौर्य चहेते खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी के स्वागत में अनिल यादव, संतोष सिंह, भान प्रताप शर्मा, विजय सिंह ,अरुण सिंह, किरण यादव, सीता सिंह, सुशील मिश्र, विवेक यादव, गोलीराम, कपिलदेव, अजय शुक्ल, राघवेंद्र पाठक, अमित मिश्र, मनोज तिवारी, पुष्पा यादव, नसीम, विनोद ,अशोक पाण्डेय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला गन्ना अधिकारी ने शरदकालीन गन्ने के प्लॉट का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा आज गन्ना विकास परिषद् पूरनपुर के ग्राम अभयपुर माधोपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान गन्ना किसान सुखविंदर सिंह, जगदीश सिंह, गुरुविंदर सिंह के शरदकालीन गन्ने का प्लॉट देखा गया। उपस्थित किसानो को जुलाई के महीने मे गन्ना खेती मे होने वाले समसामयिक कार्यों की जानकारी दी।जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद पीलीभीत के गन्ना किसानों के लिए जुलाई का महीना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय गन्ने की बंधाई सपोर्टिंग का कार्य किया जाता है। यह कार्य गन्ने की अच्छी वृद्धि, संतुलन तथा अधिक और गुणवत्तापूर्ण उपज के लिए अत्यंत आवश्यक है।गन्ना बंधाई कैसे करें-बंधाई 2-3 थानो को एक साथ बाँधकर की जाए। मजबूत सुतली, प्लास्टिक की रस्सी या बाँस की सहायता से गन्नों को सहारा दिया जाए। बंधाई 30 से 45 दिन के अंतराल पर 2-3 बार की जानी चाहिए। पहली बंधाई तब करें जब गन्ने की ऊँचाई लगभग 3 से 4 फीट हो जाए।बंधाई की ऊँचाई जमीन से 30 से 45 सेंटीमीटर लगभग 1. 5 से 2.00 फीट होनी चाहिए।बंधाई करने के लाभ जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा बताया गया कि गन्ना गिरने से बचता है ।जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है। पौधे सीधा और मजबूत बढ़ते हैं। खेत में हवा और धूप का समुचित प्रवाह होता है जिससे कीट एवं रोग कम होते हैं। चूहें, सियार, जंगली सूअर आदि से कम नुकसान होता है।गन्ने की रस व गुरत्व (सीसीएस) की गुणवत्ता बेहतर होती है। कटाई और ढुलाई में सुविधा होती है।

बंधाई न करने के नुकसान-यदि समय पर गन्ना बंधाई नहीं कर पाते है तो गन्ना गिर जाता है। गन्ना गिरने से उत्पादन में 20-25 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। गिरे हुए गन्ने में रस की मात्रा घट जाती है और गुणवत्ता खराब हो जाती है। खेतों में कीट व रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है।

# जिम्मेदारों के शह पर गरज रही जे सी बी,अवध खनन जोरों पर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बलदीराय/सुल्तानपुर । हलियापुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर है। जहां एक तरफ प्रदेश सरकार खनन माफियाओं पर प्रतिबंध लगाने का दावा करती है वहीं क्षेत्र में आये दिन कहीं न कहीं अवैधखनन होता ही रहता है। स्थानीय प्रशासन सब देख कर भी अंजान बना रहता है। शुक्रवार को हलियापुर थाना क्षेत्र के जरई कला गांव में दिनभर अवैध खनन होता रहा। जेसीबी चलती रही और

जिम्मेदार केवल मूकदर्शक बने तमाशा देखते ही नजर आए।

वहीं कुछ स्थानीय लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि हलियापुर क्षेत्र के स्थानीय व पड़ोसी जनपद अयोध्या से खनन माफियाओं द्वारा कमीशन तय कर जेसीबी मशीन बुलाकर आये दिन खनन कराया जाता है। जिससे आये दिन मिट्टी लेकर सड़कों पर ट्रेक्टर व डंपर तेज गति से फर्राटे भरते रहते हैं जिससे हादसा होने की संभावना भी बनी रहती है।और तो और क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन कहीं तालाब तो कहीं चारागाहों सहित अधिकांश खनन सुरक्षित जमीनो में ही किया जाता है जिसमें कहीं न कहीं राजस्व विभाग की भी संलिप्तता नजर आती है। वहीं सूत्रों के अनुसार अधिकांश जेसीबी मशीने व डंपर ट्रेक्टर क्षेत्र के रसूखदारों के प्रभाव व साँठगांठ के चलते स्थानीय प्रशासन भी कार्यवाही नही करता है । वहीं कुछ जेसीबी चालकों ने नाम न छापने की शर्त पर

बताया कि स्थानीय महकमे को जेसीबी चलाने के लिए दिन

का 5 से 6 हजार देना पड़ता है। इस संबंध में जानकारी करने पर तहसीलदार देवानंद तिवारी ने बताया कि जानकारी में नहीं है अगर ऐसा है तो जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

# हिमालयी परिवेश की रक्षा

हाल के दिनों में हिमालयी राज्यों खासकर हिमाचल व उत्तराखंड में अतिवृष्टि और बादल फटने की घटनाओं में जिस तेजी से पुनरावृत्ति हुई है, उसे मौसम के चरम के रूप में देखे जाने की जरूरत है। हालांकि, तात्कालिक जरूरत आपदा प्रभावित जिलों में राहत, बचाव व पुनर्वास के प्रयासों में तेजी लाने की है, लेकिन सबसे बड़ी जरूरत मौसम के चरम के बीच अचानक आती बाढ़ और बार-बार बादल फटने के कारणों को भी समझने की है। हाल ही में, इन्हीं मुद्दों की तरफ हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी ध्यान खींचा है। निस्संदेह, इन कारणों की पड़ताल के लिए विषय विशेषज्ञों की सहायता लेना भी जरूरी है। पिछले दिनों हिमाचल में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में मुख्यमंत्री ने उन उपायों की सूची पर चर्चा की, जिन्हें तत्काल लागू करने की आवश्यकता है। इन उपायों में नदियों में अवैज्ञानिक तरीके से मलबा फेंकने की जांच, नियमित मौसम अपडेट देना और नदी-नालों से कम से कम सौ मीटर की दूरी पर घरों का निर्माण करना शामिल है। लेकिन इसके प्रभावी लक्ष्य तभी हासिल किए जा सकते हैं जब इस बाबत किसी ठोस योजना को अमलीजामा पहनाया जाए और साथ ही नीतियों के क्रियान्वयन की समय सीमा निश्चित की जाए। निश्चित रूप से मौजूदा संकट को देखते हुए युद्धस्तर पर काम करने की जरूरत है। वह समय चला गया जब सरसरे आदेश दिये जाते और सिफारिशें की जाती थीं। कानूनों और नियमों की अनदेखी के खिलाफ सभी एजेंसियों को तालमेल बैठाकर इस दिशा में अभियान चलाने की जरूरत है। वनों की अवैध कटाई, अनियोजित निर्माण और अवैज्ञानिक विकास प्रथाओं पर लगाम लगाना बेहद जरूरी है। इसके लिये सरकारी मशीनरी को मिशन मोड में काम करने की जरूरत होगी। जिसके लिये मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति की जरूरत है। भले ही राज्य की सत्ता में दो दलों का वर्चस्व हो और उनकी विचारधाराओं में टकराव रहा हो, लेकिन इस मुद्दे पर एकजुट होकर संकट का मुकाबला करने की जरूरत है। निश्चय ही हाल के वर्षों में पहाड़ विरोधी विकास ने हिमालयी राज्यों की अस्मिता को आहत किया है। हिमालयी राज्यों में लोग पहाड़ों के मूल चरित्र में हस्तक्षेप करने वाले विकास की विसंगतियों की कीमत चुके रहे हैं। अब चाहे बड़े बांध हों या फोर लेन सड़के हों। निस्संदेह, विकास हर राज्य की प्राथमिकता है, लेकिन विकास योजनाओं को पहाड़ों की जरूरत के मुताबिक बनाया जाना चाहिए। इन राज्यों में स्थितियां विकट हैं और हालात और खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। भूस्खलन की लगातार बढ़ती घटनाएं और दरकती सड़कें इसकी बानगी मात्र हैं। कुल मिलाकर पहाड़ों के अस्तित्व पर संकट बढ़ा है। निस्संदेह, मौजूदा रणनीति और नीतियां इस संकट से निबटने में सक्षम नहीं हैं। सत्ता में बैठे लोगों के लिये जरूरी है कि वे मौसम विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और क्षेत्र के अनुभवी लोगों से राय लें। साथ ही तकनीकी समाधानों को वरीयता दी जाए। इसमें दो राय नहीं कि मानव जनित समस्याओं के निदान के लिये मानवीय दृष्टि से संवेदनशील समाधान तलाशने की जरूरत है। निश्चित रूप से इसमें समुदाय के तौर पर एकजुटता के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं रह जाता। समय आ गया है कि हम एक बार फिर से पहाड़ों के अनुरूप जीवन शैली को अपनाएं। पहाड़ हमारी आवश्यकता तो पूरी कर सकते हैं, लेकिन वे इंसान की विलासिता का बोझ सहन करने को तैयार नहीं हैं। निश्चित ही आधुनिकता की आंधी में संयम का जीवन और आवश्यकताओं को सीमित करना कठिन कार्य है, लेकिन बचाव का संभवतरू अंतिम उपाय यही है। बहुमंजिला इमारतों को सीमित करना, जल निकासी की समुचित व्यवस्था और निर्माण से पहले जमीन की क्षमता का आकलन करना जरूरी हो जाता है। नदियों में होने वाले अवैध खनन को रोकना भी उतना जरूरी है, जितना जंगलों का कटान रोकना जरूरी है। पहाड़ों को उस हरीतिमा से ढकना होगा जो भूस्खलन व मिट्टी के कटाव को रोकने में सक्षम हो। साथ ही नदियों के स्वाभाविक प्रवाह को बाधित करने वाले कारकों को दूर करने की भी जरूरत है।

# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का बढ़ता उपयोग चिन्ताजनक

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुँच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एनक्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है। 2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है। लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है।



रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फ़ेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्ज़र्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'ग़ज़वा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं। भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वार.फ़ेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चैनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें। एफएटीएफ का चेतावनी के स्वरों में यह भी कहना है कि यदि आतंक के गढ़ एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले इन देशों ने इन सिफारिशों पर अमल नहीं किया तो उन्हें 'हाई रिस्क जॉन' की सूची में डाला जा सकता है। भारत को इस डिजिटल आतंकी खतरे से निपटने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से एक संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए-क्रिप्टो ट्रांजैक्शन की रियल-टाइम निगरानी, साइबर आतंकवाद पर विशेष फोर्स का गठन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आतंकी कंटेंट की पहचान और हटाने के लिए मजबूत कानून, डार्क वेब और फ़ेक डोनेशन चैनलों की सतत निगरानी आदि कदम उठाने चाहिए। डिजिटल तकनीक ने जहां मानव जीवन को सरल और तेज़ किया है, वहीं इसका दुरुपयोग करके आतंकवाद को नया चेहरा देने की कोशिशें चिंता का विषय हैं। एफएटीएफ की चेतावनी को गंभीरता से लेने और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाना होगा ताकि वे अपनी धरती पर पनप रहे आतंकवाद एवं डिजिटल आतंकवाद के अड्डों को समाप्त करें। तभी एक सुरक्षित डिजिटल विश्व और शांतिपूर्ण वैश्विक समाज की कल्पना की जा सकती है। एफएटीएफ रिपोर्ट विश्लेषण करती है कि आतंकवादियों ने अपने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए वैश्विक दर्शकों से धन जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर धन उगाहने वाले प्लेटफॉर्म और क्राउडफंडिंग माध्यमों से आतंकवाद के वित्तपोषण प्राप्त किया है। आतंकवादी संगठन पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ डिजिटल तरीकों से भी धन जुटाकर आतंकवाद को अंजाम दे रहे हैं। भारत ने एफएटीएफ रिपोर्ट को अपने रुख के समर्थन में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर कार्रवाई की मांग की गई है। यह रिपोर्ट आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। यह रिपोर्ट आतंकवाद के वित्तपोषण और संचालन में शामिल देशों और व्यक्तियों पर दबाव बढ़ाने और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नीतियों और रणनीतियों को विकसित करने में सहायक हो सकती है। **–ललित गर्ग**

# केंद्र के इरादे से मध्य और निम्न वर्ग में आशा का संचार

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के चार स्लैब 5 प्रतिशत, '12 प्रतिशत', 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से 'दूसरे' की इस समय जमकर चर्चा हो रही है। इससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित इसी स्लैब से है।इसका कारण भी है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लैब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लैब में आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत के स्लैब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का असर पड़ेगा। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस स्लैब पर नए इरादे से बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाले स्लैब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लैब के दायरे में लाया जा सकता है। यदि इस स्लैब को विलोपित नहीं भी किया जाता तो सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को अन्य स्लैब में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। समूचे देश में कर की एकरूपता के लिए पहली जुलाई 2017 को जीएसटी को लागू किया गया था। अब तक जीएसटी काउंसिल की बैठकों में अनवरत सुधार व बदलाव किया जा रहा है। अगली बैठक होने से पहले ही 12 प्रतिशत के स्लैप में बदलाव की चर्चा को सकारात्मक माना जाना चाहिए।जीएसटी यानी एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय सामने आई थी। यह लागू हुई प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में। हालांकि आम नागरिकों की मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरे में नहीं लाया जा सका है। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने पक्ष-विपक्ष हल्ला तो बोलते हैं पर कभी इन पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने के सार्थक प्रयास नहीं करते। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाए और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। भारत में 12 प्रतिशत का स्लैब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरे में आती हैं। एक हजार रुपये से अधिक के कपड़े, जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद,सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैंड, बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल, स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरे में आती है। सीधी सी बात यह है कि यह वस्तुएं ऐशो-आराम की वस्तुएं तो हैं नहीं और कम से कम मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग परिवार भी दूसरी कटौती या अपना पेट काटकर इन्हें खरीदता है। ऐसे में 12 प्रतिशत के स्लैब में बदलाव की चर्चा निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश है। आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में 12 प्रतिशत के स्लैब में अगर बदलाव करते हुए बड़े वर्ग को राहत दी जाती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था को राहत देने वाला, एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने वाला और आम जन के हित का निर्णय होगा।

## सेहत मंत्र

# पेट को स्वस्थ और वजन को कम करने में फायदेमंद है


चीकू आलू की तरह दिखने वाला फल है, जो हर मौसम में आसानी से मिल जाता है। चीकू को सपोटा भी कहते हैं। यह ऐसा फल है जिसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम, सोडियम, विटामिन सी, विटामिन बी 6, फाइबर और आयरन की भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसलिए चीकू को कई गुणों की खान माना जाता है। आप चीकू के फल और इसका शेक बनाकर भी पी सकते हैं, यह आपके लिए बहुत हेल्दी होता है। चीकू आपके पेट की समस्याओं को दूर करने के साथ आपको हेल्दी तरीके से वजन कम करने में मदद करता है। चीकू में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेट्री एजेंट होने की वजह से यह कब्ज, दस्त जैसी कई समस्याओं को दूर करने में मददगार है। इसके अलावा यह वजन को प्राकृतिक तरीके से कम करने में मदद करता है। चीकू में मौजूद कैल्शियम व आयरन होने के कारण यह आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने और आंखों की रौशनी के लिए फायदेमंद माना जाता है। चीकू आयरन और कैल्शियम का अच्छा स्त्रोत है। यह हड्डियों के विकास में भी मददगार है। आप चीकू फल और जूस दोनों का ही सेवन कर सकते हैं। यह आपको बीमारियों से बचाता है। चीकू में मौजूद एंटीइंफ्लामेट्री एजेंट आपको कई बामारियों से बचाने में मददगार है। चीकू के सेवन से शरीर को प्राकृतिक रूप से ऊर्जा मिलती है। चीकू कब्ज, अतिसार, एनिमिया व हृदय रोगों से बचाव में फायदेमंद है। इसके अलाव यह यूरिन जलन को दूर करता है। चीकू शेक को एनर्जी ड्रिंक के तौर पर भी पिया जा सकता है क्योंकि इसमें ग्लूकोज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। चीकू में सभी पोषक तत्व पाये जाते हैं, जिसकी वजह से यह आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ व सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करता है। चाकू को उबालकर उसका काढ़ा बनाकर पीने से आपके पेट संबंधी समसयाएं दूर होंगी। चीकू का फल और शेक आपके वजन को कम करने में बेहद फायदेमंद है। यदि आप वजन को कम करने वालों की दौड़ में शामिल हैं, तो अपनी डाइट में चीकू शेक को जरूर शामिल करें। चीकू शेक एक हेल्दी, टेस्टी व एनर्जी ड्रिंक है, जो मोटापे को कम करने में सहायक है। इसमें मौजूद फाइबर आपकी भूख को शांत करता है और गैस्ट्रिक एंजाइम को खत्म करके पाचन को मजबूत रखता है।

## धर्म मंत्र

# जब धरती से प्रकट हुए थे भगवान शिव और महाकाल मंदिर का ऐसे हुआ निर्माण

मध्यप्रदेश की धार्मिक राजधानी यानी अवंतिका, उज्जैयिनी समेत कई नामों से प्रसिद्ध शहर उज्जैन। जहां भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग है। मां शिप्रा के तट पर बसा हुआ शहर अपनी धार्मिक मान्यताओं के लिए जाना जाता है। उज्जैन को भगवान महाकाल की नगरी कहते हैं। शिव पुराण के अनुसार उज्जैन में बाबा महाकाल का मंदिर काफी प्राचीन है। इस मंदिर की स्थापना द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के पालन करता नंद जी की 8 पीढ़ी पूर्व हुई थी। जैसा कि आप सभी जानते होंगे कि 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक इस मंदिर में दक्षिण मुखी होकर विराजमान है। महाकाल मंदिर के शिखर के ठीक ऊपर से कर्क रेखा गुजरी है। इसी वजह से इसे धरती का नाभि स्थल भी माना जाता है। उज्जैन के राजा प्रद्योत के काल से लेकर ईसवी पूर्व दूसरी शताब्दी तक महाकाल मंदिर के अवशेष प्राप्त होते हैं। महाकालेश्वर मंदिर से मिली जानकारी के अनुसार ईस्वी पूर्व छठी सदी में उज्जैन के राजा चंद्रप्रद्योत ने महाकाल परिसर की व्यवस्था के लिए अपने बेटे कुमार संभव को नियुक्त किया था। कहा जाता है कि 10 वीं सदी के अंतिम दशकों में पूरे मालवा पर परमार राजाओं का कब्जा हो गया। 11 वीं सदी के आठवें दशक में गजनी सेनापति द्वारा किए गए आघात के बाद 12 वीं सदी के पूर्वार्ध में उदयादित्य एवं नर वर्मा के शासनकाल में मंदिर का पुनर्निमाण हुआ। इसके बाद सुल्तान इल्तुतमिश ने महाकालेश्वर मंदिर पर दोबारा आक्रमण कर इसे ध्वस्त कर दिया लेकिन मंदिर का धार्मिक महत्व हमेशा बरकरार रहा।

## पर्यटन



# आगरा का लाल किला जहाँ जहाँगीर का न्याय लोकप्रिय हुआ

भारत किलों का देश है। राजाओं ने सुरक्षा व्यस्था को मजबूत करने के लिए पूरे देश में जगह-जगह दुर्गों का निर्माण कराया। अनेक दुर्गों के बीच इतिहास की गवाही देता मैं हूं आगरा का लाल किला। लाल बलुआ पत्थरों से बना होने की वजह से मेरी रंगत लाल दिखाई देती है इसी लिए मुझे लाल किला कहा जाता है। करीब 940 वर्षो के इतिहास के उतार-चढ़ाव को समेटे मुझे देखने के लिए दुनियां भर के लोग हर साल मेरे द्वार पर आते हैं। मेरी मजबूत संरचना, स्थापत्य, कारीगरी और मेरे कई आकर्षणों को निहारते हैं। मुझे गर्व है कि मेरे महत्व को जान कर मुझे वर्ष 1983 ई. में यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल किया गया,जिस से मेरा मान और भी बढ़ गया है। कई काल के शासकों ने मझे भारत की राजधानी होने का गौरव प्रदान किया और यहीं से देश के शासन का संचालन किया। कलात्मक झरोखों से ताजमहल को निहारना मेरी विशेषता हैं। देश के कई शासकों के उत्थान और पतन के इतिहास की गवाही है मेरी आन बान और शान। यहीं से जहाँगीर का न्याय लोकप्रिय हुआ और उन्होंने आम जन के लेते घण्टियों की श्रंखला बनाई, जिसे न्याय पाने वाला इसे बजा कर अपनी फरियाद कर सकता था। अर्धवृताकार आकृति में मेरा निर्माण 2.4 किलोमीटर की परिधि में करवाया गया है तथा किलेनुमा 70 फीट ऊंची चारदीवारी दोहरे परकोटे युक्त है। दीवार के बीच-बीच में भारी बुर्जियां बराबर अंतराल पर बनी हैं, जिन पर सुरक्षा छतरियां बनाई गई हैं। इनके साथ-साथ तोपों के झरोखें एवं रक्षा चौकियाँ भी बनाई गई हैं। दीवार के चार कोनों पर चार द्वार बनाये गए हैं। एक खिजड़ी द्वार है जो यमुना नदी की ओर खुलता है। दूसरा दिल्ली द्वार एवं तीसरा लाहौर द्वार या अकबर द्वार कहलाता है। लाहौर द्वार का नाम आगे चल कर अमरसिंह द्वार कर दिया गया, इसी द्वार से दर्शक भीतर प्रवेश करते हैं। शहर की दिशा में दिल्ली द्वार भव्य स्वरूप लिए हुए है। इस के अंदर एक चौथा द्वार हाथी पोल कहलाता है। इस द्वार के दोनों और दो हाथी सवार रक्षकों के साथ मूर्तियां बनी हैं जो द्वार की शोभा को बढ़ाती हैं।

# धर्मस्थल पर अधर्म, पुजारी पुत्रों का तांडव, युवक मरणासन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर बाराबंकी । सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल महादेवा मंदिर एक बार फिर दबंगई का गवाह बना। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जल चढ़ाने पहुंचे एक दलित युवक पर कथित पुजारी परिवार के पुत्रों ने हमला कर दिया। युवक को बुरी तरह पीटा गया, जिससे वह मरणासन्न हो गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल और वहां से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।घटना का वीडियो मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो हमलावरों को हिरासत में लिया है। वहीं, पीड़ित परिवार का आरोप है कि स्थानीय पुलिस आरोपियों को बचाने में लगी है।घायल शैलेन्द्र कुमार उर्फ शेखर गौतम पुत्र कल्लू राम निवासी लोधौरा थाना रामनगर, मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाने गया था। मंदिर परिसर में सफाई चल रही थी, एक दंपती पूजा कर रहा था, उसी समय शैलेन्द्र एक कोने में खड़ा था। तभी पुजारी आदित्य तिवारी के पुत्र शुभम तिवारी, अखिल तिवारी और उनके साथियों ने पूर्व रंजिश को लेकर जातिसूचक गालियां दीं और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि उसे गला दबाकर मंदिर से बाहर फेंका गया। खून निकलने और बेहोशी की हालत में मौजूद शैलेन्द्र को मौके पर मौजूद एक रिश्तेदार ने किसी तरह हमलावरों से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया।स्थानीय लोगों के अनुसार, आदित्य तिवारी का परिवार खुद को मंदिर का पुजारी बताकर प्रभाव का दुरुपयोग करता है। इन पर पहले भी मंदिर परिसर में मारपीट के आरोप लग चुके हैं। कुछ समय पूर्व भी एक दलित युवक के साथ मंदिर में मारपीट की गई थी, जिसे पुलिस ने दबा दिया।बताया जाता है कि आदित्य तिवारी का स्थानीय पुलिस पर जबरदस्त प्रभाव है। मठ-मंदिर के रिसीवर तक इनकी दबंगई से असहज हैं, लेकिन खुलकर कोई बोलने की स्थिति में नहीं।घटना की जानकारी मिलते ही अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लिया है और प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। पीड़ित के भाई ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पूजा करने से रोकने जैसे कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं, लेकिन सीसीटीवी फुटेज व गवाहों के आधार पर जांच जारी है।

### युवक की शिकायत पर मामला दर्ज , दो हिरासत में

# ईमानदारी की मिसाल: सड़क पर मिला पर्स लौटाकर सिपाही ने जीता दिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी जब अधिकांश लोग छोटी-छोटी चीजों में स्वार्थ खोजते हैं, तब कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपने कर्तव्य और नैतिकता को सर्वोपरि मानते हैं। ऐसा ही एक नाम है ऽ ट्रैफिक कांस्टेबल जगदीश नारायण का, जिन्होंने अपनी ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से पुलिस विभाग की छवि को गौरवान्वित कर दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कनवा गांव निवासी संकटा प्रसाद पांडेय ऽ जो हाल ही में एक सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं ऽ किसी कार्यवश हैदरगढ़ कस्बे आए थे। इस दौरान अनजाने में उनका पर्स गिर गया, जिसमें दो हजार रुपये से अधिक की नकदी के साथ कुछ जरूरी दस्तावेज भी रखे हुए थे।यह पर्स ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कांस्टेबल जगदीश नारायण को सड़क पर पड़ा मिला। किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह उसे अपने पास रखने के बजाय, कांस्टेबल जगदीश ने पर्स की जांच की और उसमें



### हैदरगढ़ में तैनात ट्रैफिक कांस्टेबल की ईमानदार छवि बनी चर्चा का विषय

मिले आधार कार्ड से संकटा प्रसाद पांडेय की पहचान कर ली। तत्पश्चात उन्होंने तुरंत उनसे संपर्क कर पर्स सुरक्षित रूप से लौटा दिया। संकटा प्रसाद पांडेय ने कांस्टेबल की ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा खोया हुआ पर्स वापस मिलेगा, वह भी बिना किसी नुकसान के। कांस्टेबल जगदीश जैसे लोग ही समाज में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखते हैं।'' स्थानीय नागरिकों ने भी कांस्टेबल जगदीश नारायण के इस कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बन गया है कि जहां पुलिस को लेकर आमतौर पर नकारात्मक धारणाएं पनपती हैं, वहीं कांस्टेबल जगदीश नारायण जैसे सिपाही उन सभी भ्रांतियों को तोड़ते हुए समाज में भरोसे की एक नई मिसाल गढ़ते हैं।

पुलिस विभाग के लिए गौरव का क्षण जगदीश नारायण का यह कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आचरण न केवल उन्हें एक आदर्श सिपाही बनाता है, बल्कि पूरे पुलिस महकमे को गौरवान्वित करता है। उनकी निष्कलंक छवि और मानवीय संवेदनशीलता युवा पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे कर्मठ और ईमानदार सिपाहियों को समाज में और अधिक पहचान और सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि यही वो चेहरे हैं जो पुलिस वर्दी की असली गरिमा को जीवित रखते हैं।

# सावन मेला: श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पुलिस ने कसी कमर, प्रशासन भी मुस्तैद

### एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने किया लोधेश्वर महादेव मंदिर व कांवड़ रूट का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर, बाराबंकी। श्रावण मास के आगामी मेले और कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए बाराबंकी पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

एसपी विजयवर्गीय ने मंदिर परिसर सहित कांवड़ यात्रा मार्ग, रूट डायवर्जन, वैकल्पिक मार्गों, पार्किंग स्थलों, हाईवे पर रोशनी की व्यवस्था, पुलिस पिकेट, पेट्रोलिंग और यातायात सुचारू रखने के हर पहलू का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा में कोई चूक न होने पाए। इस दौरान जनपद सीतापुर की सीमावर्ती व्यवस्थाओं का भी संयुक्त निरीक्षण किया गया। सीतापुर के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और सीतापुर के पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थानगांव क्षेत्र स्थित चहलारी घाट पुल पर कांवड़ यात्रा मार्ग का जायजा लिया। उन्होंने यातायात व्यवस्था और रूट प्लान को लेकर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए।

श्रावण मेला और कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन हेतु पुलिस और प्रशासन की सजगता, तत्परता और टीम भावना निश्चित रूप से सराहनीय है। श्रद्धालुओं की आस्था को सुरक्षित वातावरण देने के इस प्रयास में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इसे समाचार पत्र के लिए उपयोग करना चाहते हैं तो शीर्षक और उपशीर्षक में थोड़ी भिन्नता भी जोड़ी जा सकती है। बताइए तो वैकल्पिक हेडिंग भी दे सकता हूँ।

# चालान नहीं, सुरक्षित जीवन के लिए हेलमेट जरूरी : आदित्य गौतम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



त्रिवेदीगंज बाराबंकी । क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसे अब चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। इसके बावजूद आमजन द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करना एक सामान्य प्रवृत्ति बनती जा रही है। पुलिस और परिवहन विभाग समय-समय पर जागरूकता अभियान एवं चेकिंग अभियान चलाते रहे हैं, लेकिन अपेक्षित सुधार अब तक नहीं दिख रहा है। लोग ट्रैफिक कानूनों को महज औपचारिकता समझते हैं और नियम तोड़ना एक 'रोजमर्रा की आदत' में बदल गया है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे मूलभूत सुरक्षा उपायों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाएं और उनके घातक परिणाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी समस्या को लेकर लोनीकटरा थाना अंतर्गत उपनिरीक्षक आदित्य गौतम ने शुक्रवार को बड़वल चौराहे पर एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। परंपरागत चालान काटने और दंडात्मक कार्रवाई के साथ ही उन्होंने गांधीगिरी शैली में लोगों को समझाने का अनूठा प्रयास भी किया।उपनिरीक्षक आदित्य गौतम ने वाहन चालकों को खुद रोककर मुस्कराहट के साथ गुलाब का फूल भेंट किया और उनसे नियमों के पालन की अपील की। उन्होंने कहा – ञ्चचालान कुछ रुपयों का हो सकता है, लेकिन एक छोटी सी लापरवाही से जीवन की कीमत चुकानी पड़ सकती है। बिना हेलमेट बाइक चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना या फिर बिना सीट बेल्ट कार ड्राइव करना किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है।ञ्ज उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को यातायात नियमों के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी और वाहन चालकों को यातायात नियमों की पुस्तिका भी वितरित की।स्थानीय लोगों ने भी उपनिरीक्षक की इस जागरूकता पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह का मानवीय एवं संवेदनशील तरीका ज्यादा प्रभावशाली होता है। उपनिरीक्षक आदित्य गौतम ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### उपनिरीक्षक ने गांधीगिरी से पढ़ाया यातायात का पाठ

# कुर्सी क्षेत्र में बनें अन्नपूर्णा भवन जनता को समर्पित साकेंद्र ने काटा फीता



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहसंड व ग्राम पंचायत कुर्सी में क्रमशः नौ लाख की लागत से निर्मित अन्नपूर्णा भवन का क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने फीता काटकर लोकार्पण किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री वर्मा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अन्नपूर्णा भवन बनने से अब ग्राम वासियों को राशन प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी। कोटेदार अब राशन इसी भवन से वितरित करेंगे। जिससे राशन वितरण में पारदर्शिता और सुगमता आएगी। इन भवनों को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार धीरे-धीरे हर उस सुविधा को ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध करा रही है, जो शहरी क्षेत्रों में संचालित होती है। चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य , सड़कें हो या अन्य बुनियादी सुविधाएं। सभी क्षेत्रों में सरकार तेजी से काम कर रही है। इससे पहले विधायक श्री वर्मा ने इब्राहिमपुर गौशाला में वृक्षारोपण किया और आमजन को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर आंवला के तीन सैकड़ा पौधे लगाए गए।इस मौके पर बीडीओ आलोक कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान मो फैसल ,सचिव सुधाकर सिंह ,सर्वेश कुमार,ब्रज किशोर कुशवाहा ,रमाकांत बाजपेई,विनय मौर्य ,सुनील विश्वकर्मा,प्रदीप रावत सहित सैकड़ों जन उपस्थित रहे।

# किसानों को दी उन्नत बीज की जानकारी व किट



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। विकासखंड स्थित किसान कल्याण केंद्र पर ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक में किसान हितों पर चर्चा हुई।तथा किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे सीधा संवाद स्थापित किया।कार्यक्रम में तमाम क्षेत्रीय किसान शामिल हुए।

किसानों को अरहर, रागी व उरद आदि फसलों के 40 बीज किटें निःशुल्क प्रदान की गईं।सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ.दलबीर सिंह व अन्य कृषि विशेषज्ञों और अधिकारियों ने उन्नत बीजों की गुणवत्ता और नवीन योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### सर्पदंश से ग्रामीण की मौत

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के एम्बा मजरे बजगहनी गांव निवासी रामकुमार 50 वर्ष को बृहस्पतिवार की देर रात सांप ने काट लिया जब वह पेशाब करने गया था।परिजन उन्हें इलाज के लिए सीतापुर के महमूदाबाद ले जा रहे थे तभी रास्ते में मौत हुई। मृतक के पुत्र मनीष यादव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा।

### न्याय भवन निर्माण को लेकर बार में असंतोष, 10 किमी दूर स्थान का विरोध, एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बार एसोसिएशन ने ग्राम चंदीपुर में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय भवन के निर्माण का विरोध दर्ज कराया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि पूर्व में न्यायालय भवन हेतु तहसील मुख्यालय के समीप भूमि का चयन किया गया था, किंतु अब बिना किसी पूर्व सूचना के स्थल परिवर्तित कर इसे लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम चंदीपुर में स्थानांतरित कर दिया गया है।बार एसोसिएशन ने इस निर्णय को वादकारियों और अधिवक्ताओं – दोनों के हितों के प्रतिकूल बताया है। अधिवक्ताओं का स्पष्ट मत है कि न्यायालय भवन को तहसील मुख्यालय से अधिकतम 500 मीटर की परिधि में ही निर्मित किया जाना चाहिए, जिससे आमजन को न्यायिक सेवाओं तक सहज पहुँच सुनिश्चित हो सके।इस विषय में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) तथा ग्राम न्यायालय अधिकारी को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपते हुए अपने विरोध और सुझाव से अवगत कराया।

### क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर सपा नेता राजू ने क्षेत्रवासियों के साथ मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्री ज्ञापन सौपा जिसमे क्षेत्र की गंभीर समस्याओ के समाधान की मांग की ज्ञापन में उपजिलाधिकारी को दिये पत्र मे क्षेत्र की निम्नलिखित समस्याओं का उल्लेख किया है। यूरिया की कमी क्षेत्र में यूरिया की कमी के कारण किसानों को अपनी फसलों के लिए आवश्यक उर्वरक नहीं मिल पा रहा है।आवारा पशुओं से दुर्घटनाएं एवं फसलों की बर्बादी क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या बहुत गंभीर है।जिससे सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही हैं।क्षतिग्रस्त पुलों की मरम्मत क्षेत्र में कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।जलभराव की समस्या क्षेत्र में जलभराव की समस्या बहुत गंभीर है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है और उनकी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंच रहा है।प्राथमिक शिक्षा,हर बच्चे का अधिकार है।स्कूल आपस में विलय करने से गरीब बच्चों का पास का स्कूल छिन जायेगा जिससे पूरनपुर क्षेत्र के छात्र छात्राओं पर भी इसका असर पड़ेगा,वह दूर स्कूल जा ही नहीं पायेगें,विशेषकर बच्चियां।शिक्षकों की नौकरी अलग जा रही है। ये धीरे–धीरे सरकारी स्कूल बंद करने का प्रयास है इसको रोका जाए।उपजिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री से पांच सूत्री मांगे की गई है कि इन समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं समस्याओं को गंभीरता से लेंने और उनका समाधान करने के लिए मांग की गई इस दौरान बड़ी संख्या मे सपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता एव क्षेत्रवासियों की उपस्तिथि रही जिनमे प्रमुख रूप से पूर्व सपा जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव,तौफीक अहमद कादरी,महिला सभा की अध्यक्ष मीता सिंह,सतीश चंद्र वर्मा,बसंत कुमार भारती,अहीद खा,जयपाल सिंह,नौशाद गाजी,अमन यादव,इंद्रपाल सिंह,ओम शर्मा,प्रकार सिंह,नाबीर अली मंसूरी,सेवाराम मौर्या,आशीष भारती,श्री प्रकाश एडवोकेट, जंग बहादुर लाल,इंद्रपाल सिंह,रमेश पासवान,मनोज कुमार,इमरान खान,अजीम खान,सोयल खान अजहरी,बलबीर सिंह,जवाहर शर्मा आदि उपस्तिथ रहें।

### कांवड़ मार्ग पर शराब की दुकानें ढकी गयी, बिक्री रहेगी जारी

मुरादाबाद ।जनपद मुरादाबाद में कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली शराब की दुकानों कोआबकारी विभाग द्वारा तिरपाल आदि से ढकवा दिया गया है। हालांकि शराब की बिक्री पर कोई रोक नहीं रहेगी। शराब की बिक्री पूर्ववत की तरह जारी रहेगी। वाइन शॉप के बोर्ड आदि सब ढके रहेंगे। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि मुरादाबाद में हरिद्वार रोड पर लगभग 36 शराब की दुकानें चिन्हित की गई थी। जिन्हें आज जिला अधिकारी के आदेश पर ढका गया है। बीते वर्षों की भांति इस बार भी उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर श्रावण मास में जहां मांस की दुकानों को बंद करने के आदेश दिए हैं, वहीं कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली शराब की दुकानों को ढकने के भी आदेश दिए गए हैं।

# बांदा–बहराइच हाईवे पर ट्रक व डंपर की जबरदस्त भिड़ंत, 6 घंटे तक प्रभावित रहा हाइवे

### आलू से लदा ट्रक पलटा , पुलिस के साथ टोल कर्मियों की मशक्क्त से छूटा जाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





मसौली बाराबंकी । बांदा-बहराइच हाईवे पर बीती रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेपाल की ओर आलू लेकर जा रहा एक ट्रक और सामने से आ रहा डंपर आपस में भीषण रूप से टकरा गए। यह हादसा मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम नेवला करसंडा के निकट हुआ, जिसने हाईवे की रफ्तार को पूरी तरह रोक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक (नंबर ठ्य 56 ट्ठ 1515) में आलू भरा हुआ था और वह नेपाल की ओर जा रहा था, जबकि विपरीत दिशा से तेज गति में आ रहा डंपर (नंबर ठ्य 51 इट्ठ 6501) अनियंत्रित होकर सामने से भिड़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आलू से लदा ट्रक सड़क पर पलट गया, जिससे पूरा आलू बिखरकर चारों ओर फैल गया और सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे के चलते हाईवे पर रात करीब 3 बजे से जाम लग गया, जो सुबह 10 बजे तक बना रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों और परिवहन वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की स्थिति इतनी विकट हो गई कि मसौली टोल प्लाजा का संचालन भी कुछ समय के लिए रोकना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही मसौली पुलिस मौके पर पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक को सड़क से हटवाया गया। टोल प्लाजा कर्मियों ने भी पुलिस के साथ मिलकर स्थिति सामान्य करने में सहयोग दिया। सुबह करीब 11 बजे जाकर आवागमन आंशिक रूप से बहाल हो पाया। इस हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही किस तरह बड़ी दुर्घटनाओं को जन्म दे रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा घायल डंपर चालक को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

# मैं एमएस धोनी को अपना युगल पार्टनर चुनूंगा: विंबलडन 2025 में सूर्यकुमार यादव

एजेंसी



लंदन। विंबलडन रॉयल बॉक्स में सितारों का आना जारी है, ऐसे में भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी वहां रुकने वाले नए भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार से टेनिस के प्रति अपने प्रेम, अपने खेल के दिग्गजों और अपने जीवन में क्रिकेट-टेनिस के अप्रत्याशित मेल के बारे में बात की। विंबलडन में पहली बार आने की वजह पर सूर्या ने कहा, 'मैं टेलीविजन पर टेनिस काफी देखता हूं। मैंने हमेशा सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में सुना है, खासकर जब आप अंदर कदम रखते हैं। मैं यहां उस अद्भुत एहसास का अनुभव करने आया हूं। विंबलडन में पहली बार टेनिस देखने और अपने सूट के पीछे की प्रेरणा के बारे में उन्होंने कहा, ह्लमैं पहली बार यहां आया हूं, और मैं सब कुछ सही करना चाहता था। सच कहूं तो, मेरी पत्नी मेरा बहुत ख्याल रखती है। वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है और मुझे इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मदद कर रही है। इतने सारे लोग बड़ी संख्या में आए हैं, मैं भी उनमें से एक हूं, बस यही अनुभव करने आया हूं। जिन सितारों को देखने का वह बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे, उनके बारे में सूर्या ने कहा, मैं निश्चित रूप से नोवाक जोकोविच को देखने आया हूं। मैं बहुत लंबे समय से उनके करियर पर नजर रख रहा हूं। मैंने उनकी किताब 'सर्व टू विन' भी पढ़ी है, जिसने मुझे वाकई प्रेरित किया। मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण थोड़ी देर से किया, हालांकि 30 साल की उम्र ज्यादा नहीं, लेकिन मैं उनके सफर और दृढ़ता से खुद को जोड़ पाया। जिस तरह से वह आगे बढ़ते रहते हैं, वह अद्भुत है। सूर्या ने अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों, भूतपूर्व और वर्तमान, के बारे में कहा, अगर हम ख़ास तौर पर विंबलडन की बात कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से पीट सम्प्रास और रोजर फ़ेडरर। मुझे याद है कि जब भी इनमें से कोई यहां आता था, तो दर्शक कैसे पागल हो जाते थे। लेकिन मेरे सर्वकालिक पसंदीदा खिलाड़ी नोवाक जोकोविच हैं। और वर्तमान में, मैं कार्लोस अल्काराज का नाम लूंगा, वह कोर्ट पर धमाल मचा रहे हैं। टेनिस और क्रिकेट के बीच समानताओं पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि क्रिकेट और एलीट टेनिस में काफी समानताएं हैं। दोनों में मानसिक दृढ़ता अहम भूमिका निभाती है। इसमें सहनशक्ति भी बहुत जरूरी है। क्रिकेट में हम एक ही 20-25 मीटर बार-बार दौड़ते रहते हैं, और टेनिस में भी यही बात लागू होती है। इसलिए, मैं कहूंगा कि मजबूत मानसिक संकल्प और सहनशक्ति दो बड़े कॉमन फैक्टर हैं। डबल्स पार्टनर के तौर पर वह किस क्रिकेटर को चुनेंगे, सूर्या ने कहा, 'जरूर, एमएस धोनी। उनमें गति है, बहुत सहनशक्ति है, वह मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं, और हाल ही में, जब भी वह क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं, मैंने उन्हें काफी टेनिस खेलते देखा है।

# विंबलडन 2025: वर्बीक और सिनियाकोवा ने रचा इतिहास, जीता मिक्स्ड डबल्स खिताब

एजेंसी



लंदन। चेक गणराज्य की कैटेरीना सिनियाकोवा और नीदरलैंड्स के सेम वर्बीक ने गुरुवार (स्थानीय समयानुसार)को विंबलडन 2025 का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ब्रिटेन के जो सालिसबरी और ब्राज़ील की लुइसा स्टेफनी को सीधे सेटों में 7-6(3), 7-6(3) से हराया। सेंटर कोर्ट पर घरेलू खिलाड़ी सालिसबरी और उनकी जोड़ीदार स्टेफनी के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में चेक-डच जोड़ी ने संयम और आत्मविश्वास का परिचय दिया। दूसरे सेट में स्टेफनी को पैर में परेशानी भी नजर आई, जिसका असर उनकी मूवमेंट पर पड़ा। जीत का आखिरी बिंदु कैटेरीना सिनियाकोवा के ओवरहेड स्मैश के साथ आया, जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने खिताबी जीत का जश्न मनाया। यह दोनों की एक साथ पहली खिताबी जीत है। जहां सिनियाकोवा का यह पहला मिक्स्ड डबल्स ग्रैंड स्लैम खिताब है, वहीं 31 वर्षीय वर्बीक के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। खिताब जीतने के बाद 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने कहा, ह्लयह बहुत खास है। इस टूर्नामेंट में खेलकर और जीतकर बहुत मज़ा आया। यह एक शानदार अनुभव था। गौरतलब है कि सिनियाकोवा के नाम अब कुल 11 ग्रैंड स्लैम डबल्स खिताब हो गए हैं, जिनमें इस साल जनवरी में टेलर टाउन्सेंड के साथ जीता गया ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला युगल खिताब भी शामिल है। अपने साथी की तारीफ करते हुए वर्बीक ने भावुक शब्दों में कहा, ह्लकैटेरीना, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपके साथ कोर्ट साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। आप डबल्स की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। आपने इस गुरुवार को मेरी जिंदगी का सबसे यादगार दिन बना दिया। वहीं, जो सालिसबरी ने हार के बाद कहा, फाइनल हारना हमेशा दुखद होता है, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया। दोनों टाई-ब्रेकर में वे हमसे बेहतर साबित हुए।''

# संक्षिप्त समाचार

## भारत को नीतीश को टीम में बनाए रखना चाहिए: कुंबले

**लंदन।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन दो विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने जियोस्टार से कहा, ''मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला लेकिन इसके अलावा उन्होंने पूरे दिन अनुशासित गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, ''नीतीश ने आस्ट्रेलिया में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था तथा शतक लगाया था। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी भले ही उन्हें ज्यादा विकेट नहीं मिले थे। टीम के मुख्य तेज गेंदबाजों को राहत देने और साझेदारी तोड़ने के लिए उनके जैसे गेंदबाज की जरूरत होती है। इस दिग्गज लेग स्पिनर ने आगे कहा, ''उन्होंने एक स्पेल में लगभग 14 ओवर फेंके जिससे उनकी फिटनेस और गेंदबाजी पर नियंत्रण का पता चलता है। वह युवा हैं। अच्छे बल्लेबाज हैं और शतक लगा चुके हैं। वह अच्छे क्षेत्ररक्षक ही हैं। भारत को उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए और बदलाव करने के प्रलोभन से बचना चाहिए।

## लारा ने कहा, मुल्डर को रिकॉर्ड बनाना चाहिए था

**जोहानिसबर्ग।** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ यह ऐतिहासिक पारी खेली थी। दोनों ने हाल ही में एक-दूसरे से बात की और मुल्डर ने कहा कि लारा उनके फैसले से पूरी तरह सहमत नहीं थे। मुल्डर ने 'सुपरस्पोर्ट' से कहा, ''अब जब चीजें थोड़ी स्थिर हो गई हैं, तो मैंने ब्रायन लारा से थोड़ी बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे अपनी विरासत खुद ही तैयार करनी होगी और मुझे रिकॉर्ड बनाना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''लारा ने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं और भविष्य में कभी मैं फिर से उस स्थिति में पहुंचूं तो मैं उनसे अधिक स्कोर बनाऊं। मुल्डर की पारी टेस्ट क्रिकेट में पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर और किसी दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने कहा कि अब लारा के विचार जानने के बावजूद वह उस दिन लिए गए अपने फैसले को सही मानते हैं। उन्होंने कहा, ''यह उनका दिलचस्प दृष्टिकोण था, लेकिन मैं अब भी मानता हूं कि मैंने सही फैसला किया और खेल का सम्मान करना मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मुल्डर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने उनसे कहा था, ''सुनो, बड़े स्कोर दिग्गजों के नाम पर रहने दो।

## भारत ए के यूरोपीय दौरे का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं केंचे

**नयी दिल्ली।** अपनी तेज गति और आक्रामक खेल के कारण फारवर्ड वेंकटेश केंचे ने मौजूदा यूरोपीय दौरे में भारत ए के लिए अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शीर्ष स्तर की हॉकी में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहते हैं। भारत ए पुरुष टीम ने आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत (6-1 और 6-0) दर्ज करके अपने आठ मैचों के यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की। भारत की तरफ से अभी तक जिन खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उनमें केंचे भी शामिल हैं और वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने हॉकी इंडिया की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, ''मैं कड़ा अभ्यास कर रहा हूं। भारत के लिए खेलना मेरा लक्ष्य रहा है। मैंने अपने बेसिक्स और फिटनेस पर बहुत ध्यान दिया और इससे मेरे खेल को वाकई मदद मिली। घरेलू सर्किट बहुत प्रतिस्पर्धी है, जिसमें कई मज़बूत टीमें हैं, जिससे हम सभी को अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली। भारत ए के लिए पदार्पण पर केंचे ने कहा, ''भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मुझे बहुत गर्व है। मेरे परिवार ने हमेशा मेरा समर्थन किया और इसके लिए मैं वास्तव में उनका आभारी हूं।

## कप्तान ओडेई ओनाइंडिया ने एफसी गोवा को छोड़ा

**पणजी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब एफसी गोवा और उसके कप्तान ओडेई ओनाइंडिया ने एक दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। स्पेन के 35 वर्षीय खिलाड़ी ने आईएसएल के पिछले सत्र में एफसी गोवा की तरफ से अधिकतर मैच खेले थे। वह दो साल पहले एफसी गोवा से जुड़े थे। इससे पहले वह हैदराबाद एफसी की तरफ से खेलते थे। एफसी गोवा ने एक्स पर कहा, ''हमारे कप्तान ने अपना सबकुछ झोंक दिया, हर टैकल, हमारे बैज के लिए पसीने की हर बूंद। उन्होंने पिछले दो वर्षों में दिखाया कि एफसी गोवा का खिलाड़ी होने का असली मतलब क्या होता है। हर चीज के लिए उनका आभार और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। ओनाइंडिया के नेतृत्व मे एफसी गोवा ने 2025 में कलिंगा सुपर कप का खिताब जीता था।

## देश में डेटा सेंटर क्षमता 2030 तक तीन गीगावाट तक पहुंचने की संभावना: रिपोर्ट

**मुंबई।** देश में डेटा सेंटर उद्योग तीव्र विकास के रास्ते पर है और 2030 तक इसकी कुल क्षमता तीन गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। एवेंडस कैपिटल की रिपोर्ट 'ए मल्टी-ईयर ग्रोथ प्रॉक्सी ऑन इंडिया डेटा इक्स्प्लोशन एंड लोकलाइजेशन वेव' के अनुसार, इस क्षेत्र में वार्षिक निवेश में भी वृद्धि देखी जा रही है जो वर्तमान में 1.0 से 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 12,870 करोड़ रुपये) है। आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा दोगुना होने की उम्मीद है। देश की डेटा सेंटर क्षमता के 2024 में 1.1 गीगावाट होने का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ती डेटा खपत, कृत्रिम मेधा (एआई) व क्लाउड को अपनाना और डेटा स्थानीयकरण पर केंद्रित नीतिगत पहल डेटा सेंटर की मांग को गति दे रहे हैं। 2033 तक मांग करीब छह गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन आपूर्ति केवल 4.5 गीगावाट रहने की उम्मीद है जिससे 1.5 गीगावाट का अंतर रह जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सब्सिडी के साथ जमीन उपलब्ध कराने और बिजली शुल्क छूट जैसे कदम देश में डेटा सेंटर क्षमता विस्तार को गति दे रहे हैं।

# 100वें टेस्ट पर स्टार्क : 'यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है'

एजेंसी



किंग्स्टन। पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे। अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल पांच विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा, ''बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेज़लवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है। स्टार्क ने कहा, ''जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली। तीनों तेज गेंदबाज़ों के बीच का रिश्ता और उनके करियर की ओवरलैपिंग प्रकृति, जिसमें उन्होंने एक साथ 37 टेस्ट मैच खेले हैं, ने भी दोनों की मदद की है। स्टार्क ने कहा, ''मुझे या हम तीनों को इस बात का एहसास है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम सब एक ही जगह से हैं। हम साथ में ट्रेनिंग करते हैं, सालों से रिहैब रूम में साथ बैठते हैं। एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की क्षमता, चाहे वो एक खराब हफ्ता हो या टेस्ट हफ्ता। मुझे लगता है कि यही हम तीनों के लंबे करियर में खास तौर पर योगदान देता है।''

स्टार्क ने खुद 2022 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उंगली में चोट लगने के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ा है, जिसके कारण उन्हें तीन मैचों से बाहर होना पड़ा था। हालांकि उन्होंने एमसीजी में खेले गए उस मैच में भी गेंदबाजी की थी।

तेज गेंदबाजी के नुकसान के बारे में उन्होंने कहा, ''ज्यादातर दिनों में कुछ निशान और कुछ दर्द वाले हिस्से होते हैं। चाहे वो झटके हों या दर्द निवारक दवाएं, मुझे पता है कि मैं क्या कर सकता हूं और क्या नहीं। मैं कभी भी ऐसे मैच में नहीं जाऊंगा जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 फीसदी दे सकता हूं।''

हाल के दिनों में स्टार्क आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे हैं। लेकिन कई वर्षों तक वह आईपीएल में नहीं खेले, जब वह टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए वह आसानी से ऐसा कर सकते थे।

## भारतीय तीरंदाजी संघ ने एमिटी विश्वविद्यालय से करार किया

नयी दिल्ली। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने शुक्रवार को एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत तीरंदाजों को प्रमाणपत्र कार्यक्रम और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने खेल करियर से समझौता किए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस समझौते के तहत एमिटी विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए उनकी चुनौतीपूर्ण दिनचर्या के अनुरूप स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम तैयार करेगा। विश्वविद्यालय इसके अलावा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। इस योजना के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति के पात्र होंगे, जिसमें पूरे पाठ्यक्रम की फीस का भुगतान शामिल होगा। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि राज्य और जिला स्तर के तीरंदाजों को फीस में 30 प्रतिशत छूट मिलेगी।

# महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख है। सोना आज 760 रुपये से 830 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आई है। भाव में उछाल आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये से लेकर 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,750 रुपये से लेकर 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# दुर्लभ खनिज उत्पादन के लिए 1,345 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना का प्रस्ताव: कुमारस्वामी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में दुर्लभ खनिजों के उत्पादन को सब्सिडी देने के लिए 1,345 करोड़ रुपये की योजना पर अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श जारी है। इसके तहत दो चुनिंदा विनिर्माताओं को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित योजना चीन के दुर्लभ खनिज (चुंबक) के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद आई है। चीन के इस कदम से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और भारत सहित दुनियाभर के इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं की परेशानी बढ़ गई है। यह योजना दुर्लभ खनिज 'ऑक्साइड' को चुंबक में बदलने में हर स्तर पर सहायता प्रदान करेगी। सूत्रों ने बताया कि अंतर-मंत्रालयी परामर्श पूरा होने के बाद प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जा सकता है। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, 1,345 करोड़ रुपये की योजना में दो विनिर्माताओं को प्रोत्सादन देने का प्रस्ताव है। भारी उद्योग मंत्रालय में सचिव कामरान रिजवी ने बताया कि 1,345 करोड़ रुपये की एक योजना प्रस्तावित है जिसमें दुर्लभ खनिज 'ऑक्साइड' को चुंबक में बदलने के लिए दो विनिर्माताओं को हर स्तर पर समर्थन देने की परिकल्पना की गई है। इस पर अंतर-मंत्रालयी परामर्श जारी है। रिजवी ने कहा, '' हमें चुंबकों में रुचि है। कोई भी हमें चुंबक देगा, उसे प्रोत्साहन मिलेगा। यह (1,345 करोड़ रुपये की योजना) पहली रूपरेखा है जिसे हमने अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए भेजा है। चीन के प्रमुख धातुओं के निर्यात पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध के कारण भारत सहित कई देशों में मोटर वाहन और सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हो गया है। दुर्लभ खनिजों में नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन शामिल हैं। इसका इस्तेमाल उच्च प्रदर्शन वाले मोटर वाहन में किया जाता है।

# जापान के परिधान बाजार में चीन के अंतर को भर सकता है भारत: एईपीसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने शुक्रवार को कहा कि जापान को सिले-सिलाए कपड़ों के सबसे बड़े निर्यातक चीन की घटती हिस्सेदारी के कारण जो कमी आई है, भारत में उसे पूरा करने की क्षमता है। एईपीसी ने कहा कि परिषद प्रमुख जापानी ब्रांड और खुदरा शृंखलाओं के साथ मिलकर निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के अवसरों का पता लगाने के लिए टोक्यो में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही है। यह प्रतिनिधिमंडल 15-17 जुलाई तक टोक्यो में आयोजित होने वाले मेले 'इंडिया टेक्स ट्रेंड फ़ेयर' में भाग लेगा। भारत के 150 से अधिक परिधान निर्यातक इस मेले में घरेलू परिधान उत्पादों की विविध पेशकश प्रदर्शित करने के लिए भाग लेंगे। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा, ह्लपरिषद एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को टोक्यो ले जाएगी, ताकि शीर्ष जापानी ब्रांड और खुदरा शृंखलाओं के साथ गहन संपर्क स्थापित करके व्यापार और निवेश बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाया जा सके। सेखरी ने कहा कि जापानी बाजार के साथ गहन जुड़ाव के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का अधिक उपयोग हुआ है। उन्होंने कहा, भारत, जापान को सिले-सिलाए कपड़े के सबसे बड़े निर्यातक चीन की घटती हिस्सेदारी से पैदा हुए खालीपन को आसानी से भर सकता है। साल 2024 में जापान को भारत का परिधान निर्यात 23.45 करोड़ डॉलर था। पिछले साल टोक्यो ने लगभग 23 अरब डॉलर मूल्य के इन सामानों का आयात किया था। इसमें भारत की हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है। कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह टोक्यो में मेले का उद्घाटन करेंगे।

# फॉक्सकॉन संयंत्र से चीनी पेशेवरों की वापसी से एप्पल पर नहीं पड़ेगा असर: सूत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार का मानना है कि एप्पल के उत्पाद बनाने वाली ताइवानी कंपनी फॉक्सकॉन के उत्पादन संयंत्र से चीनी पेशेवरों की वापसी से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए एप्पल के पास विकल्प मौजूद हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारत में स्थित फॉक्सकॉन के विनिर्माण संयंत्रों में उत्पादन की सुविधा और प्रबंधन करने वाले चीन के सैकड़ों प्रौद्योगिकी पेशेवर चीन लौट गए हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि एप्पल के आइफोन की आगामी शृंखला के उत्पादन में रुकावट आ आ सकती है। एप्पल की आईफोन 17 शृंखला के सितंबर में पेश किए जाने की संभावनाएं जताई जाती रही हैं। एक सरकारी सूत्र ने कहा, 'सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। एप्पल के पास विकल्प मौजूद हैं और उन्हें इससे निपटने के तरीकों पर विचार करने में सक्षम होना चाहिए। यह मुद्दा मुख्य रूप से एप्पल और फॉक्सकॉन के बीच का है। मोबाइल फोन के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले अधिकांश उपकरण चीन से आते हैं और चीनी प्रौद्योगिकी पेशेवरों को इनके साज-संभाल में महारत हासिल है। सूत्रों ने कहा कि चीन के जो इंजीनियर स्वदेश लौट गए हैं, वे फोन की असेंबली लाइन, फैक्टरी डिजाइन और आईफोन उत्पादन के लिए उपकरणों एवं मशीनों को चलाने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम करते थे। एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सरकार फॉक्सकॉन के संयंत्र के उत्पादन लक्ष्यों की निगरानी कर रही है। फॉक्सकॉन उन अग्रणी कंपनियों में से एक है जिन्हें सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुना है। सूत्र ने कहा, 'सरकार ने चीनी कामगारों के लिए वीजा की सुविधा प्रदान की है। कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उत्पादन में कोई व्यवधान न हो। भारत में आईफोन के उत्पादन से जुड़े उद्योग सूत्रों ने कहा है कि चीनी प्रौद्योगिकी पेशेवरों की वापसी का आईफोन 17 के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और कंपनी भारत में उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि अमेरिकी कंपनी एप्पल इस साल आईफोन का उत्पादन 2024-25 के लगभग 3.5-4 करोड़ से बढ़ाकर छह करोड़ करने की योजना बना रही है। एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक ने कंपनी के नतीजों के दौरान कहा था कि जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले सभी आईफोन भारत से बनकर आएंगे। भारत में विनिर्मित आईफोन अनुबंध पर विनिर्माण करने वाली ताइवानी कंपनी फॉक्सकॉन के तमिलनाडु स्थित कारखाने में असेंबल किए जाते हैं।

# डोभाल की खुली चुनौती- एक भी तस्वीर दिखाइए, जिसमें भारत के नुकसान का खुलासा हो

एजेंसी

चेन्नई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशी मीडिया में पाकिस्तान को हुए नुकसान को कमतर दिखाने और भारतीय सैन्य क्षमता को क्षति पहुंचने के दावों को आज आड़े हाथों लिया और चुनौती देते हुए कहा कि कोई भी विदेशी संस्थान ऐसा कोई प्रमाण या तस्वीर दिखाये जिससे भारत को हुई क्षति की पुष्टि होती हो।

डोभाल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में भारत की सैन्य क्षमता एवं दक्षता के बारे में खुल कर बोला। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की कामयाबी का कारण स्वदेशी तकनीक का भरपूर प्रयोग रहा और उन्होंने आईआईटी के वि?द्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों का आह्वान किया कि वे देश की सुरक्षा और प्रतिरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए नयी से नयी तकनीक का आविष्कार करें। एनएसए ने दीक्षांत समारोह में उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स की उन रिपोर्टों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, जिनमें पूर्वाग्रह के चलते ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के नुकसान को दर्शाया गया। डोभाल ने दो टूक शब्दों में चुनौती देते हुए कहा कि वो हमें एक तस्वीर या वीडियो दिखाएं, जो किसी भारतीय क्षति को दर्शाती हो। उन्होंने कहा कि अब तक सामने आईं सैटेलाइट तस्वीरों से पाकिस्तान के 13 एयरबेस और दूसरे ठिकानों के ध्वस्त होने का पता चलता है, जबकि भारत के नुकसान को लेकर कोई तस्वीर सामने नहीं आई हैं। डोभाल ने कहा, ''हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। सिंदूर का उल्लेख यहाँ किया गया था। हमें वास्तव में इस बात पर गर्व है कि आपरेशन में काम आयी कितनी सामग्री स्वदेशी थी... हमने पाकिस्तान के विभिन्न स्थानों में 9 आतंकवादी ठिकानों को लक्षित करने का फैसला किया, ये सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित नहीं थे। हमने और कुछ नहीं सोचा। हमने इसके अलावा कहीं और प्रहार भी नहीं किया। यह प्रहार बिल्कुल सटीक रहा जिसके बारे में हम जानते थे कि कौन कहाँ मौजूद था। पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट का समय लगा... आप मुझे एक तस्वीर बताइए जिसमें किसी भी भारतीय क्षति को दिखाया गया है यहां तक कि एक कांच का फलक भी टूटा हो तो। न्यूयॉर्क टाइम्स में उन्होंने मनगढ़ंत चीजें लिखीं। लेकिन इन तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 हवाई अड्डे दिखाई दे रहे थे, चाहे वह सरगोधा, रहीमयार खान, चकलाला में हो। भारत का कोई भी स्थान नहीं दिखाया गया। आपको केवल वही बता रहा हूं जो विदेशी मीडिया ने छवियों के आधार पर रखा था।

उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तानी हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम हैं। भारत ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग से आपरेशन सिंदूर में सफलता प्राप्त की है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के पास ब्रह्मोस जैसी अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक वाली मिसाइल, एकीकृत वायु कमान प्रणाली और युद्ध के मैदान में शक्तिशाली रडार थे। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन की सफलता में इसरो के उपग्रहों से मिले डेटा का भी अहम योगदान था, जिसने वास्तविक समय की खुफिया जानकारी और सटीक लक्ष्य साधने में मदद मिली। इस ऑपरेशन में उन्नत स्वदेशी तकनीक और मानवीय खुफिया जानकारी का बेहतरीन तालमेल देखने को मिला।

डोभाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी हमले का जवाब था, जिसका उद्देश्य आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। समारोह में डोभाल ने स्वदेशी तकनीक की रणनीतिक के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के पीछे की तकनीकी क्षमता का विस्तृत विवरण दिया, बल्कि भारत के स्वदेशी प्रौद्योगिकी एजेंडे को आगे बढ़ाने में आईआईटी मद्रास जैसे संस्थानों के महत्व पर भी जोर दिया। इस दौरान उन्होंने स्वदेशी तकनीक के महत्व पर विशेष बल दिया। डोभाल ने यह भी रेखांकित किया कि कैसे इस सैन्य अभियान में तकनीकी सटीकता और आईआईटी मद्रास जैसी संस्थाओं का योगदान भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर रहा है। डोभाल ने गर्व से कहा कि आईआईटी मद्रास अपनी अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास के लिए जाना जाता है और इसने स्वदेशी प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इन तकनीकों ने यह सुनिश्चित किया कि कैसे अपने उद्देश्यों को न्यूनतम नुकसान के साथ हासिल किया जा सकता है।

## अलुआबाड़ी-ठाकुरगंज रेलखंड के दोहरीकरण को मिली मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली । उत्तर बंगाल और बिहार को जोड़ने वाले अलुआबाड़ीऽठाकुरगंज रेलखंड के दोहरीकरण परियोजना को रेल मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। लगभग 342.7 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना 19.95 किमी लंबे इस मार्ग पर आगामी तीन वर्षों में पूरी की जाएगी। इसका उद्देश्य रेल यातायात की क्षमता बढ़ाना और सीमावर्ती व रणनीतिक क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाना है। रेल मंत्रालय की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक यह रेलखंड उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) और किशनगंज (बिहार) जिलों से होकर गुजरेगा। दोहरीकरण परियोजना के तहत कुल चार स्टेशन अलुआबाड़ी रोड जंक्शन, पोठिया, तैयबपुर और ठाकुरगंज जंक्शन को शामिल किया गया है। इसमें 9 बड़े और 6 छोटे पुल, 8 अंडरपास, 25 टन लोडिंग मानक, 1x25 केवी विद्युतीकरण तथा 130 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति सीमा तय की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक 'कवच' सिग्नलिंग प्रणाली भी लगाई जाएगी।

यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत के लिए सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में रक्षा बलों और आपूर्ति तंत्र की तेज़ आवाजाही को यह नया रेल मार्ग सुनिश्चित करेगा। साथ ही, यह मार्ग दार्जिलिंग जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर और निर्बाध पहुंच भी प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।परियोजना से माल ढुलाई में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी का अनुमान है। पहले वर्ष में 0.296 मिलियन टन, छठे वर्ष में 0.348 मिलियन टन और 11वें वर्ष में 0.408 मिलियन टन माल परिवहन की संभावना जताई गई है।

## वायु सेना ने सुखोई-30 से बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 'अस्त्र' के किए दो परीक्षण

एजेंसी



नई दिल्ली । रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना ने शुक्रवार को ओडिशा के तट पर सुखोई लड़ाकू विमान से दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' के दो सफल उड़ान परीक्षण किए। स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर से लैस मिसाइल ने परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी के उच्च गति वाले मानव रहित दोनों हवाई लक्ष्यों पर सटीक निशाना साधा। डीआरडीओ? के अनुसार परीक्षणों के दौरान? रेडियो फ्रीक्वेंसी सहित सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन ?किये।? इसे डीआरडीओ ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है। चांदीपुर? के एकीकृत परीक्षण रेंज? में तैनात रेंज ट्रैकिंग उपकरणों ?ने उड़ान डेटा के माध्यम से अस्त्र हथियार प्रणाली के प्रदर्शन की पुष्टि की। इन सफल उड़ान परीक्षणों ने स्वदेशी सीकर के साथ अस्त्र हथियार प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीय प्रदर्शन को पुनः स्थापित किया है।? ?

हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्र मिसाइल की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक मार्गदर्शन एवं नेविगेशन प्रणाली से सुसज्जित है। डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है।? रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रेडियो फ्रीक्वेंसी? सीकर के डिजाइन और विकास में शामिल डीआरडीओ, भारतीय वायु? सेना और उद्योग जगत की सराहना की और कहा कि स्वदेशी सीकर युक्त मिसाइल का सफल परीक्षण महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।? रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने सफल उड़ान परीक्षण के दौरान शामिल सभी टीमों को बधाई दी।

### भाजपा अध्यक्ष ने टी राजा सिंह का इस्तीफा किया मंजूर

नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना विधानसभा से विधायक टी राजा सिंह का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। शुक्रवार को भाजपा महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार टी राजा सिंह के सभी विषयस्तु अप्रासंगिक बताते हुए इस्तीफ़े को तत्काल प्रभाव से स्वीकार लिया गया है। शुक्रवार को अरुण कुमार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि टी राजा सिंह लोध ने 30 जून को तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को इस्तीफा भेजा था, जिसे भाजपा अध्यक्ष के संज्ञान में लाया गया। जेपी नड्डा ने टी राजा द्वारा उठाए गए विषयवस्तु को अप्रासंगिक और पार्टी की कार्यप्रणाली, विचारधारा और सिद्धांतों के खिलाफ बताया।

### मिशन कॉटन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जायेंगे: शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि सभी हितधारक मिलकर एक दिशा में काम करेंगे और जो लक्ष्य तय किया है, उस लक्ष्य को हम 2030 से पहले ही प्राप्त करेंगे। मिशन कॉटन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जायेंगे। शिवराज सिंह शुक्रवार को कोयम्बटूर के आईसीएआर- गन्ना प्रजनन संस्थान में कपास उत्पादकता बढ़ाने को लेकर अहम बैठक में बोल रहे थे। बैठक में भारत में कपास का इतिहास, परिदृश्य, चुनौतियां, उत्पादकता बढ़ाने के लिए आगामी रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर, आईसीएआर के महानिदेशकएम. एल. जाट, अधिकारीगण, हितधारक, वैज्ञानिक और किसान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि किसान कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कपास उत्पादन में कुछ समस्याएं आ रही हैं। अन्य राष्ट्रों के मुकाबले देश में उत्पादन कम हो रहा है। कपास उत्पादन के लिए विकसित बीटी कॉटन किस्म में वायरस अटैक के कारण कई तरह की समस्या पैदा हो गई हैं। उत्पादन बढ़ने की बजाय घट रहा है, जिसके लिए हमें काम करना होगा। दुनिया के बाकी देशों के समान भारत में भी कपास उत्पादन बढ़ाने को लेकर सरकार हरसंभव कदम उठा रही है।

शिवराज सिंह ने कहा कि आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर लक्ष्यबद्ध होकर आगे बढ़ना होगा। वायरस प्रतिरोधी उन्नत बीज बनाने होंगे। निश्चित समय सीमा में किसानों तक इन उन्नत किस्म के बीज की पहुंच सुनिश्चित भी करनी होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कई बार उन्नत किस्म के बीज तैयार कर लिए जाते हैं, लेकिन उचित समय पर किसानों तक नहीं पहुंच पाते। इस काम की पूर्ति के लिए वैज्ञानिकों को पूरी ताकत से काम करना होगा। बैठक से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री ने खेतों में जाकर कपास उत्पादक किसानों से बातचीत की और हितधारकों से परामर्श करते हुए उनकी समस्याओं एवं चुनौतियों के बारे में भी जाना।

### केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल साल 2026 तक बढ़ाया गया

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल 22 अगस्त, 2026 तक बढ़ा दिया गया है। 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी गोविंद मोहन 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे।

एक सरकारी आदेश में शुक्रवार को कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 1989 बैच के सिक्किम कैडर के आईएएस अधिकारी गोविंद मोहन की सेवाओं का विस्तार करते हुए उन्हें गृह मंत्रालय में गृह सचिव के रूप में उनके सेवानिवृत्ति की तिथि 30 सितंबर 2025 से आगे 22?अगस्त?2026 तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि गोविंद मोहन ने 23 अगस्त 2024 को गृह सचिव के रूप में जिम्मा संभाला था, जिसके बाद अब उनका कार्यकाल एक वर्ष से अधिक बढ़ाया जा रहा है। इससे पहले वे संस्कृति मंत्रालय में सचिव के पद पर थे और गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव व अतिरिक्त सचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

### कॉमन सर्विस सेंटर की 16वीं वर्षगांठ 16 जुलाई को, अमित शाह करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अपनी 16वीं स्थापना दिवस पर 16 जुलाई को नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य समारोह का आयोजन करेगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समारोह का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी उपस्थित रहेंगे।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पिछले सोलह वर्षों में सीएससी भारत की सबसे बड़ी डिजिटल सेवा वितरण प्रणाली बनकर उभरी है, जो आज देशभर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 6.5 लाख से अधिक केंद्रों के माध्यम से सेवाएं प्रदान कर रही है। वर्षगांठ के अवसर पर सीएससी अपने भविष्य की रणनीति को प्रस्तुत करेगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड तकनीक, और ग्रामीण नवाचार जैसे क्षेत्रों पर जोर दिया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### आपत्तिजनक....

पेज पर प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस के व्यंग चित्र बनाए थे जिन्हें उच्च न्यायालय ने अशोभनीय जानबूझकर और ष्दुर्भावनापूर्ण पाया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि मालवीय द्वारा आरएसएस और प्रधानमंत्री के व्यंगचित्रण और उससे जुड़ी टिप्पणियों में हिंदू देवता शिव का अनावश्यक रूप से इस्तेमाल किया गया। इस तरह अपमानजनक टिप्पणी का समर्थन करना संविधान के अनुच्छेद 19,1 के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सरासर दुरुपयोग है। आरएसएस कार्यकर्ता विनय जोशी ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी।

### प्रधानमंत्री...

मान ने गृहमंत्री को लेकर एक विवादित बयान दिया। उन्होंने अमित शाह को 'तड़ीपार' तक कह डाला। इससे पहले गुरुवार को भी मंत्रिमंडल की बैठक के बाद भगवंत मान ने पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री के विदेश दौरे पर कटाक्ष किया था। भगवंत मान ने कहा था कि प्रधानमंत्री जिन देशों में जा रहे हैं, उनकी जनसंख्या दस हजार है, जबकि जहां 140 करोड़ लोग हैं, वहां वह कम रहते हैं। भगवंत मान ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि पंजाब में दस हजार लोग तो जेसीबी देखने के लिए खड़े हो जाते हैं। कहते हैं जेसीबी चल रही है। भगवंत मान के बयान पर विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जताते हुए इसे दो देशों के बीच संबंधों को कमजोर करने वाला बताया था। विदेश मंत्रालय के बयान पर भी आज भगवंत मान ने पलटवार किया है।

### हर...

मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### महाकुंभ...

गये हैं ताकि कोई परिंदा पर नहीं मार सके। वहीं महाकुंभ की तरह ही मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां 24 घंटे रियल टाइम मॉनीटरिंग की व्यवस्था है। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के रूट की जमीन स्तर पर सुरक्षा के लिए एटीएस, आरएएफ और क्यूआरटी जैसे विशेष बलों को तैनात किया गया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और निगरानी के लिए तकनीक का भरपूर उपयोग करते हुए तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शासन व पुलिस प्रशासन ने हर स्तर पर कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं इस यात्रा की तैयारियों की लगातार समीक्षा की है और निर्देश दिए थे कि सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, जल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में कोई कमी न रहे।

उन्होंने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा प्रबंधों को मॉडल मानकर कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी उसी प्रकार के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर कांवड़ यात्रा के रूट पर हाईटेक निगरानी को प्राथमिकता दी गई है। मुख्य कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर 29,454 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही 395 हाइटेक ड्रोन और विशेष रूप से एंटी ड्रोन के साथ टीथर्ड ड्रोन की मदद से रियल-टाइम वीडियो फीड लेकर डीजीपी मुख्यालय से सीधे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये टीथर्ड ड्रोन लगातार एक स्थान पर स्थिर रहकर भीड़ की निगरानी में सक्षम हैं, जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की त्वरित जानकारी मिल सके।

वहीं महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया था। इसी की तर्ज पर कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए डीजीपी मुख्यालय में मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां पर 24 घंटे रियल टाइम मॉनीटरिंग के जरिये पल-पल की नजर रखी जा रही है। इसके अलावा एक विशेष आठ सदस्यीय टीम 24 घंटे सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है। यह टीम सोशल मीडिया पर चलने वाली अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं और संवेदनशील पोस्ट की रियल-टाइम मॉनीटरिंग कर रही है तथा संबंधित जिलों को अलर्ट भेजा जा रहा है। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से आपत्तिजनक सामग्री हटवाने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी प्रकार एक अलग कंट्रोल रूम टीम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, यूपी-112 और अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं की 24 निगरानी कर रही है।

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए 587 राजपत्रित अधिकारी, 2,040 निरीक्षक, 13,520 उपनिरीक्षक और 39,965 आरक्षियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके साथ ही 1,486 महिला उपनिरीक्षक और 8,541 महिला आरक्षी, 50 कंपनियां पीएसी, केंद्रीय बल और 1,424 होमगार्ड्स भी तैनात किये गये हैं। कांवड़ यात्रा से जुड़े सभी दिशा-निर्देश, पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबर, ट्रैफिक डायवर्जन योजना आदि को बारकोड के माध्यम से होर्डिंग, अखबार और सोशल मीडिया पर साझा किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचना आसानी से मिले। इसके अलावा अंतरराज्यीय समन्वय के लिए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इसके जरिए रियल-टाइम सूचना आदान-प्रदान, मार्गों की स्थिति, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण से जुड़ी जानकारियां साझा की जा रही है।

एंटी ड्रोन सिस्टम रडार, सेंसर और अन्य तकनीकों का उपयोग करके ड्रोन का पता लगाते हैं और फिर उन्हें जाम करके या नष्ट करके निष्क्रिय कर देते हैं। यह दो मुख्य तरीकों से काम करते हैं। इनमें सॉफ्ट किल में ड्रोन के संचार लिंक को जाम करना शामिल है, जिससे यह नियंत्रित नहीं हो पाता और हार्ड किल में ड्रोन को नष्ट करना शामिल है, जैसे लेजर या मिसाइलों का उपयोग करके। डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) ने स्वदेशी एंटी-ड्रोन सिस्टम विकसित किए हैं, जैसे डी4एस (डिटेक्ट, डेटर, डिस्ट्रॉय) सिस्टम, जो दुश्मन के ड्रोन का पता लगाने, उन्हें रोकने और नष्ट करने में सक्षम है।

वहीं टीथर्ड ड्रोन एक केबल या कॉर्ड से जुड़ा होता है, जो इसे स्थिर रखता है और हवा के झोंकों से प्रभावित होने से बचाता है, जिससे यह अधिक सटीक और विश्वसनीय उड़ान भर सकता है। केबल के माध्यम से निरंतर बिजली आपूर्ति के कारण, टीथर्ड ड्रोन पारंपरिक ड्रोन की तुलना में अधिक समय तक उड़ान भर सकते हैं। टीथर्ड ड्रोन का उपयोग निगरानी, ??सुरक्षा, और संचार उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां निरंतर और विश्वसनीय हवाई दृश्यता की आवश्यकता होती है। टीथर्ड ड्रोन का उपयोग अक्सर आपातकालीन सेवाओं, कानून प्रवर्तन और निगरानी प्रणालियों में किया जाता है, जहां एक स्थिर और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म की आवश्यकता होती है।

### अमित शाह...

समिति (डीपीसीसी) को जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक्शन मोड में काम करना चाहिए। दिल्ली सरकार को औद्योगिक इकाइयों से बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए निरंतर और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। दिल्ली के अलावा, अन्य राज्यों से भी कचरे के माध्यम से रसायन यमुना नदी में आ रहे हैं इसलिए इन सभी राज्यों को यमुना नदी की सफाई के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

अमित शाह ने नजफगढ़ और शाहदरा के मुख्य नालों में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) में सुधार के लिए एक्शन मोड पर काम करने पर ज़ोर दिया। अमित शाह ने दिल्ली के दो मुख्य नालों, नजफगढ़ और शाहदरा नालों का ड्रोन सर्वेक्षण कराने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि नदियों की सफाई के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अलावा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का बजट बढ़ाने की भी आवश्यकता है।

उन्होंने यमुना की सफाई के साथ-साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ज़ोर दिया। उन्होंने 2028 तक एसटीपी की क्षमता बढ़ाकर 1500 एमजीडी करने के निर्देश दिए। शाह ने कहा कि हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश, तीनों राज्यों को यमुना के पुनरुद्धार के लिए प्रयास करने चाहिए और अपने एसटीपी से निकलने वाले पानी की जांच में नियमितता और पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने एसटीपी से निकलने वाले पानी की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी जांच पर ज़ोर दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में कई जलाशय हैं जिनमें वर्षा जल संचयन की व्यवस्था दिल्ली सरकार को करनी चाहिए। इन जलाशयों के विकास से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली सरकार को डेयरियों और गौशालाओं से निकलने वाले कचरे के प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ मिलकर काम करना चाहिए। अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में अनधिकृत डेयरियों के प्रबंधन पर ज़ोर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली में जलापूर्ति के संबंध में एक विस्तृत सर्वेक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि दिल्ली में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की ज़रूरतों के लिए कितने पानी की आवश्यकता है। बोरवेल के ज़रिए अनियंत्रित जल निकासी दिल्ली में एक बड़ी समस्या है, जिस पर दिल्ली जल बोर्ड को कार्ययोजना बनाकर काम करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इन बोरवेल को चरणबद्ध तरीके से नियमित किया जाना चाहिए।

### मतदाता...

और राजद नेता तेजस्वी यादव के लिए करारा जवाब है।

तेजस्वी यादव को जवाब देना चाहिए कि वे सर्वोच्च न्यायालय का फैसला मानेंगे या नहीं?

राहुल गांधी को बताना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई से एक दिन पहले पटना की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे थे? इससे स्पष्ट होता है कि इन नेताओं की सर्वोच्च न्यायालय के प्रति कोई आस्था नहीं है।

न्यायालय के टिप्पणी आने के बाद तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को आत्मचिंतन करना चाहिए।

कर्नाटक में कांग्रेस की भीतरी कलह पर गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार से कर्नाटक की जनता त्रस्त है। जनता सुशासन चाहती है लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार केवल सत्ता सुख भोगना चाहते हैं। एक नेता कुर्सी पर बैठे रहना चाहता है, तो दूसरा नेता उस कुर्सी को प्राप्त करना चाहता है।

कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में जिस तरह की ओछी राजनीति कर रही है, इसमें सबसे ज्यादा नुकसान कर्नाटक की जनता का हो रहा है और यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### सेना...

ऑक्सीजन से लैस 26 ऑक्सीजन बूथ बनाये गये हैं। निर्बाध संचार के लिए सिग्नल कंपनियांए तकनीकी सहायता के लिए ईएमई टुकड़ी और बम निरोधक दस्ते भी तैनात किये गये हैं।

इसके अलावा 25 हजार लोगों के लिए आपातकालीन राशन क्यूआरटी टेंट सिटी वाटर पॉइंट और बुलडोज़र तथा उत्खनन मशीनों सहित अन्य उपकरणों की सुविधा की गयी है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर तैयार रखे गये हैं।

ऑपरेशन शिवा 2025 पवित्र तीर्थयात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षितए निर्बाध और आध्यात्मिक रूप से संतुष्टि देने वाली यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सेना की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराता है।

### छत्तीसगढ़ :...

पर 5 लाख रुपये का इनाम है। सुखलाल कुंजाम, कुतुल एरिया कमेटी सचिव था। वह बीते पिछले 14 वर्षों से सक्रिय रहा है। इरकभट्टी कैंप पर ग्रेनेड हमला सहित कई घटनाओं में सुखलाल कुंजाम शामिल रहा है। जबकि उसकी पत्नी माड़ डिवीजन की सप्लाई टीम एसीएम टीम की सदस्य थी। इस आत्मसमर्पण पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि लोग अब बंदूक नहीं, विकास की राह पर साथ चलना चाहते हैं। हमारी सरकार में अब तक कुल 1476 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

### एनसीसी...

की अतिरिक्त सचिव दीप्ति मोहिल चावला महानिदेशक एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह संयुक्त सचिव प्रशिक्षण डॉ. पवन कुमार शर्मा गैर सरकारी संगठन एलडी रेमेडियल वर्ल्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी बाला सरस्वती नायर और एनसीसीए के सचिव कर्नल गगन शर्मा उपस्थित थे।

### राधिका...

उन्होंने देखा कि राधिक रसोई में खून से लथपथ पड़ी हुई थी। रिवाल्वर ड्राइंग रूम में पड़ी हुई थी। वह अपने बेटे के साथ मिलकर राधिका को निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर गए, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस दौरान राधिका की मां भी घर में ही मौजूद थी।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई 1100 रुपये की राशि लाभार्थियों के खातों में की हस्तांतरित

■ 1.11 करोड़ के खाते में भेजी गई 1,227 करोड़ की राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मास्टरस्ट्रोक लगकर विपक्ष को चित कर दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को 400 रुपये महीना से पेंशन बढ़ाते हुए 1100 रुपये कर उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित किया। इस तरह से एक करोड़ 11 लाख पेंशनधारियों के बैंक खाते में 1,227 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश ने ऐलान किया कि यह राशि हर माह की 10 तारीख को लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने राज्यभर से जुड़े 50 लाख लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 24 नवम्बर 2005 को हमारी सरकार बिहार में बनी थी। पिछले 20 वर्ष में हमारी सरकार ने सभी के कल्याण के लिए कई काम किये। सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई हैं और समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के हित के लिए हम निरंतर काम किया है। इसी क्रम में पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये महीना करने का निर्णय लिया गया। इससे 1.11 करोड़ पेंशनधारी लाभान्वित होंगे। लालू-राबड़ी राज पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 20 वर्ष पहले राज्य में कहीं कुछ नहीं था। हमारी सरकार आई तो हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर जगह के लिए काम किया गया। राजद से दो बार हाथ मिलाने पर सफाई देते हुए कहा कि हम गलती से दो बार उन लोगों को साथ लिए थे। अब फिर से वे कहीं नहीं जाने वाले हैं। अब आगे कहीं इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब बिहार में राजनीति का नया दौर शुरू होगा, बल्कि सब साथ (एनडीए) मिलकर विकास के रास्ते पर चलेंगे। उन्होंने कहा कि पहले महिलाओं की स्थिति बेहद कमजोर थी, लेकिन उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले और योजनाएं शुरू की हैं। ''हमने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, हर संभव सुविधा मुहैया कराई। पहले महिलाएं पूछती थीं, पर अब वे सम्मान के साथ बेहतर जीवन जी रही हैं। उनका पहनावा भी पहले से काफी बेहतर हो गया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं को सरकार की प्राथमिकता बताया और कहा कि उनका उद्देश्य महिलाओं का जीवन सम्मानजनक और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं के लिए हर स्तर पर काम किया है और भविष्य में भी इसी प्रकार काम जारी रहेगा।

# भाखड़ा डैम पर सीआईएसएफ की तैनाती के विरोध में पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सीआईएसएफ की तैनाती से हर साल पड़ेगा 49 करोड़ का बोझ, पंजाब सरकार केंद्र को किसी तरह की अदायगी नहीं करेगी**

चंडीगढ़। भाखड़ा डैम की सुरक्षा में सीआईएसएफ को तैनात किए जाने के विरोध में शुक्रवार को पंजाब विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। पंजाब सरकार अब यह मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष मामला उठाकर मांग करेगी कि सीआईएसएफ की तैनाती का फैसला वापस लिया जाए। पंजाब सरकार ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी डैम की सुरक्षा पंजाब पुलिस कर रही है, ऐसे में भाखड़ा डैम पर सीआईएसएफ की तैनाती से हर साल 49 करोड़ का बोझ पंजाब सरकार पर पड़ेगा। विधानसभा में जल एवं भू-विज्ञान मंत्री बींरेंद्र गोयल ने सीआईएसएफ की तैनाती के विरोध प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि पंजाब सरकार की तरफ से 27 मई व चार जुलाई को बीबीएमबी को पत्र लिखकर इस बारे में विरोध दर्ज करवाया जा चुका है। गोयल ने कहा कि पिछले 70 साल से पंजाब पुलिस डैम की सुरक्षा कर रही है और आजतक कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पंजाब में कांग्रेस की सरकार के समय में 6 दिसंबर, 2021 को प्रस्ताव पारित करके केंद्र को सीआईएसएफ की तैनाती की मंजूरी दी थी। सीआईएसएफ की तैनाती से पंजाब सरकार पर हर साल 49.32 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने इस प्रस्ताव पर कहा कि पंजाब ने केंद्र को दिए जाने वाले 104 करोड़ रुपये की अदायगी रोक दी है। इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने कहा कि भाखड़ा डैम पर सीआईएसएफ की तैनाती का विरोध किया जा रहा है, लेकिन चंडीगढ़ सचिवालय में सीआईएसएफ को क्यों तैनात किया गया है। यहां से भी सीआईएसएफ को हटाया जाए। बाजवा ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बीएसएफ की तैनाती बढ़ाने का मुद्दा भी सदन में उठाया। अकाली दल के बागी विधायक मनप्रीत इयाली ने पंजाब डैम सेफ्टी एक्ट बनाने की मांग करते हुए सरकार के प्रस्ताव का समर्थन किया। इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विधानसभा में कहा कि पंजाब पुलिस पूरी तरह काबिल और सक्षम है, जो डैमों की सुरक्षा भी खुद कर सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सीआईएसएफ की तैनाती हटाने संबंधी प्रस्ताव पास किया जाना चाहिए। काफी देर चर्चा के बाद सदन में भाखड़ा डैम पर सीआईएसएफ की तैनाती के विरोध में प्रस्ताव पारित कर दिया। प्रस्ताव में कहा गया कि पंजाब सरकार केंद्र को किसी तरह की अदायगी नहीं करेगी।

## पंजाब विधानसभा में प्रश्नकाल व शून्यकाल न होने पर कांग्रेस ने किया वाकआउट, सदन कार्यवाही की अवधि दो दिन बढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में विशेष सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल व शून्यकाल न होने पर कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। कांग्रेस सदस्यों की नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही लगातार चलती रही। इस बीच स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को दो दिन के लिए बढ़ाने का ऐलान कर दिया। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने कहा कि विशेष सत्र को जल्दबाजी में बुलाया गया है। विधानसभा नियमावली के तहत सदन की कार्यवाही से 15 दिन पहले तक विधायक अपने हलके के प्रश्न भेज सकते हैं। इस बार विधायकों के पास समय कम होने के कारण वह सवाल नहीं भेज पाए। जिसके चलते विशेष सत्र के दौरान प्रश्नकाल नहीं होगा। स्पीकर के इस वकत्तव्य के बाद नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा खड़े हो गए और उन्होंने सदन में दस्तावेज लहराते हुए कहा कि किस आपात स्थिति के चलते विशेष सत्र बुलाया गया है। कांग्रेस ने कहा कि अगर प्रश्नकाल नहीं करना है तो कम से कम शून्यकाल जरूर बुलाया जाए। स्पीकर ने उनकी यह मांग खारिज कर दी। इसके बाद कांग्रेस के सदस्यों ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी और स्पीकर वेल में आ गए। जिसे देखते हुए सदन में मार्शल तैनात कर दिए गए। इस बीच स्पीकर ने ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा शुरू करवा दी। इसके बाद भी कांग्रेस सदस्यों का विरोध लगातार जारी रहा। कुछ देर हंगामे के बाद कांग्रेस सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। जिसके बाद स्पीकर ने संधवा ने सदन की अवधि दो दिन बढ़ाने का ऐलान किया। इस बीच सदन में बस अड्डे के निर्माण समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

# दिल्ली वैश्विक पर्यटन, सांस्कृतिक समृद्धि और नवाचार का केंद्र बन रही है : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'डिलाइट फॉर दिल्ली' समिट में हिस्सा लिया। इस मौके पर दिल्ली पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा समेत पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि एवं अनेक निवेशक उपस्थित रहे। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने एक्स पर साझा की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली अब केवल एक राजधानी नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन, सांस्कृतिक समृद्धि और नवाचार का आकर्षण केंद्र बन रही है। उन्होंने कहा कि यह समिट केवल पर्यटन विस्तार का एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली को वैश्विक निवेश, नवाचार और सांस्कृतिक नेतृत्व की नई ऊंचाइयों से जोड़ने का एक रणनीतिक मंच है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का गौरव उसके ऐतिहासिक धरोहरों, जीवंत संस्कृति और आधुनिक मूल्यों में समाहित है, जहां एक ओर लाल किले और कुतुब मीनार की भव्यता है, तो दूसरी ओर स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक इवेंट्स को होस्ट करने की क्षमता भी है। जी 20 शिखर सम्मेलन ने विश्व को दिल्ली की गरिमा, दक्षता और सामर्थ्य का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज दिल्ली परंपरा और प्रगति का संगम बनकर ल्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क की भावना को सशक्त रूप में दर्शा रही है। दिल्ली सरकार निवेशकों के लिए भरोसेमंद भागीदार है। हम सुझावों को योजनाओं में और योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हैं।

## चंडीगढ़ में पंजाब के दो मंत्रियों के खिलाफ एफआईआर, नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने की थी शिकायत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ पुलिस ने पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा की शिकायत पर पंजाब के दो कैबिनेट मंत्रियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। यह मामला शुक्रवार को दर्ज किया गया है। नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने कुछ दिन पहले शिरोमणि अकाली दल के नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी को लेकर 25 जून को एक वीडियो अपने आधिकारिक एक्स पर पोस्ट किया था। इस वीडियो में उन्होंने अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की पत्नी और विधायक गनीव कौर के साथ पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के दुर्व्यवहार की निंदा की थी। विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारी गनीव कौर के घर में घुसकर उनके बेडरूम तक पहुंच गए, जो न केवल असंवेदनशील था, बल्कि कानून के भी खिलाफ था। बाजवा ने कहा कि इस वीडियो को आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल्स पर एडिट कर के साझा किया गया।

## पंचायत चुनाव में नाम वापस लेने पर कांग्रेस ने कीरत सिंह को किया निष्कासित

पौड़ी गढ़वाल। पंचायत चुनाव में नामांकन वापस लेने पर कांग्रेस ने समर्थित प्रत्याशी के विरूद्ध कड़ा उठाते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ पंचायत चुनाव में लड़ रहे है। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी पौड़ी के अध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि बिना संगठन को सूचना दिए जिला पंचायत सदस्य कुल्हाड़ सीट से नाम वापस लेने पर सतपुली ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष कीरत सिंह रावत को पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। आरोप लगाया कि भाजपा खरीद-फरोख्त पर प्रत्याशियों के नाम वापस ले रही है। बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह ने डोभ-श्रीकोट सीट से कांग्रेस के समर्थन में नाम वापस ले लिया है।

# मोदी–नीतीश ध्येय के साथ काम कर रही है एनडीए सरकार: सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ पटना के पेंशनधारियों के खातों में 63 करोड़ 62 लाख रुपये राशि ऑनलाइन ट्रांसफर



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार ने दिव्यांग, विधवा और बुजुर्गों की पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर समाज के हर तबके के साथ होने का अपना वादा पूरा किया है। एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास ध्येय के साथ इस ऐतिहासिक फैसले को लागू किया है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने सीएम नीतीश कुमार को इस योजना को लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इस फैसले से राज्य के 1,11,19,949 परिवार लाभान्वित होंगे। सरकार इनके जीवन को आसान बनाने के लिए हर साल लगभग 13 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्य के 1 करोड़ 11 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1227.27 करोड़ रुपये की पेंशन राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से ट्रांसफर की। हर लाभार्थी को बढ़ी हुई 1100 रुपये की राशि उनके बैंक खाते में भेजी गई है। इस क्रम में पटना जिले में भी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों को यह बढ़ी हुई पेंशन राशि भेजी गई है। पटना जिला अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत पेंशनधारियों के खातों में 63 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि का सफलतापूर्वक ऑनलाइन हस्तांतरण हुआ है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पटना जिले में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 2,34,909, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 73,682, बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना में 57,962, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 1,92,007, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 16,737 और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 3,066 लाभार्थियों के खातों में यह राशि भेजी गई। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह कदम बिहार में सामाजिक न्याय और कल्याण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार समाज के सभी वर्गों को सशक्त और सुरक्षित बनाने के दिशा में लगातार काम कर रही है।

## हल्द्वानी कोतवाली में हंगामा, सूडान के युवक ने पुलिसकर्मियों

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। नशे की हालत में घूम रहे सूडान के नागरिक को पूछताछ के लिए कोतवाली लाना पुलिस वालों को उस समय भारी पड़ गया, जब उसने नशा उतरते ही पुलिस कर्मी को ही पीटना शुरू कर दिया। ऊंचे कद-काठी का यह सूडानी नागरिक इस तरह कूद-कूदकर मुक्के बरसा रहा था कि उसकी मार से बचने के लिए पुलिसवालों को इधर-उधर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद बड़ी ही मुश्किल से उस पर काबू पाया जा सका। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए। वीजा व पासपोर्ट जांच के पश्चात पुलिस ने इसे बिना कार्रवाई किए ही छोड़ दिया। दरअसल मंगलवार को देर रात रोडवेज बस अड्डे के समीप एक विदेशी नागरिक नशे की हालत में घूमता दिखा। जिससे पूछताछ के लिए पूलिस उसे कोतवाली ले आई। रात के समय तो नशे में चूर ये शांत बना रहा। लेकिन सुबह होते ही होश में आने पर इसने कोतवाली में ही हंगामा मचा दिया। न तो यह पुलिस की बातों को समझ पा रहा था और पुलिस भी इसकी भाषा को समझने में असमर्थ थी। ऐसे में जब उसने कोतवाली से भागने की कोशिश की तो पुलिस ने इसे पकड़ लिया। इसके बाद तो इसने पुलिस पर ही हाथ चलाना शुरु कर दियाऔर पुलिसकर्मियों सहित होमगार्ड को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जिससे एक सिपाही की शर्ट फट गई। तो वहीं 4 सिपाही भी मिलकर इसे नहीं संभल पा रहे थे। जिसके बाद किसी तरह इस पर काबू पाया गया।

# मुख्यमंत्री धामी ने कुशीनगर के लिए कलश यात्रा रवाना की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ प्रदेश की पवित्र नदियों का जल होगा सूर्य मूर्ति जलाभिषेक में शामिल

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास से कुशीनगर जनपद में भगवान सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा को रवाना किया। कुशीनगर में सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए देश से लगभग 151 पवित्र नदियों का जल एकत्र किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र नदियों से एकत्रित जल की कलश यात्रा को रवाना किया। इस दौरान महामंडलेश्वर श्री 1008 डॉ. स्वामी संतोषानंद देव महाराज, पूर्वांचल महोत्सव समिति के अध्यक्ष विनय राय सहित बसमिति के सदस्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं पर की फरियादियों से बात, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्राप्त शिकायती पत्रों के आधार पर फरियादियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनता के पत्र सिर्फ कागज़ नहीं, उम्मीद और विश्वास का प्रतिबिम्ब होते हैं, आज ऐसे ही कुछ शिकायती पत्र पढ़ने के बाद मैने संबंधित शिकायतकर्ताओं से बात की। साथ ही अधिकारियों को इन पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। समाधान ही हमारी सरकार की कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान है। डोईवाला तहसील के शेरगढ़ निवासी कर्मचंद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खेत के लिए आने वाली सिंचाई नहर टूट गई है, जिस कारण सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने उनसे पूरी समस्या सुनने के बाद, प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग को मामले में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी तरह मेजर नरेश कुमार सकलानी ने उनकी भूमि पर निजी व्यक्तियों की ओर से अतिक्रमण कर लघु सिंचाई नहर बनाने की शिकायत दर्ज की गई। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी देहरादून को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। एक अन्य शिकायतकर्ता कैनाल रोड निवासी धीरेंद्र शुक्ला ने बिल्डर के द्वारा परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई है।

## पुलिस ने नाबालिग को गोली मारने वाले आरोपित को दबोचा

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस )टीम ने आदर्श नगर थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग और हत्या के प्रयास के मामले में 19 वर्षीय आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान जहांगीरपुरी निवासी तनीष उर्फ लाला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। उत्तर-पश्चिम जिलेके डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार सात जुलाई की रात लगभग 10:14 बजे सिविल लाइन्स ट्रॉमा सेंटर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक आर्यन (17) को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। मौके पर मौजूद उसकी मां नीतू देवी ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे आर्यन, रंजीता और निखिल के साथ आजादपुर स्थित फुटओवर ब्रिज के पास खड़ी थी। तभी 3-4 लड़के अचानक पहुंचे और गोलियां चलाने लगे। आर्यन को दो गोलियां लगीं और उसे तुरंत पुलिस की मदद से ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। डीसीपी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दो टीमों को गठन किया। इस बीच टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मजलिस पार्क के पास रोड नंबर 51 पर घेरबंदी कर आरोपित तनीष उर्फ लाला को दबोचा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063